रविवारीय

लखनऊ, रविवार
27 अप्रैल, 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष अमावस्या
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -245 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

सौरव गांगुली बोले आईसीसी इवेंट में पाक के साथ न खेले भारत



## 'सेना की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करे मीडिया'



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के मीडिया चैनलों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण करने से

### पहलगाम हमले के बाद सरकार ने चैनलों को दिए निर्देश

बचने की सलाह दी है और कहा कि इस तरह की रिपोर्टिंग से जाने-अनजाने में दुश्मनों को मदद मिल सकती है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने की सलाह जारी की है। मंत्रालय की तरफ से जारी सलाह में कहा गया है, राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा-संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का बरतें और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें।

### ऐसी रिपोर्टिंग से सुरक्षाबलों को खतरा- मंत्रालय

सलाह में कहा गया कि रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से जुड़ी कोई भी कवरेज, दृश्य प्रसारण या स्रोतों से प्राप्त जानकारी आधारित रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा दुश्मनों की मदद कर सकता है और इससे ऑपरेशनल प्रभावशीलता और सुरक्षा कर्मियों की जान को खतरा हो सकता है।

# यूपी से 100 से अधिक पाकिस्तानी नागरिक वापस भेजे गये

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश भेजने के केंद्र सरकार के फैसले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के जिलों में पड़ताल शुरू कर उन्हें वापस भेजने का सिलसिला शुरू

### 1200 रडार पर, डीजपी ने सभी जिलों को दिए निर्देश

हो गया है। पुलिस महानिदेशक



प्रशांत कुमार ने गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप सभी जिलों में कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिये हैं। उनका कहना है कि प्रदेश में कितने पाकिस्तानी नागरिक हैं और किस जिले से कितनों को वापस भेजा गया है, इसका ब्योरा जल्द साझा किया जाएगा। इंटलेजेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक प्रदेश में करीब 1200 पाकिस्तानी नागरिक लांग टर्म, शार्ट टर्म व मेडिकल वीजा पर आए हैं। लखनऊ से आठ, बुलंदशहर से पांच, सहारनपुर से 12, अमरोहा से दो, अलीगढ़ से तीन पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा गया है।

### यूपी में 1800 से अधिक पाकिस्तानी नागरिक

यूपी में 1800 से ज्यादा पाकिस्तानी नागरिक रहते है। वीजा रद्द के आदेश के बाद सरकार एक्शन में है और उप्र. में रह रहे इन नागरिकों को वापस भेजा जाएगा। जानकारी के मुताबिक, विभिन्न प्रकार के वीजा पर प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। डेढ़ हजार से अधिक पाकिस्तानी नागरिक प्रदेश में होने का अनुमान है। कुछ पाकिस्तानी नागरिक खुद से वापस जा रहे हैं। जो निर्धारित समय में वापस नहीं जाएंगे, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होगी। बरेली में 35, रामपुर में 30, बुलंदशहर में 18 और वाराणसी में 10 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की गई है। ये सभी विभिन्न प्रकार के वीजा पर भारत में रह रहे थे। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि राज्य पुलिस केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार कार्रवाई कर रही है। सभी जिला पुलिस प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में सेना का ऐक्शन आतंकी ठिकाना ध्वस्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। साथ ही, हथियारों और गोला-बारूद

### हथियारों का बड़ा जखीरा जब्त

का बड़ा जखीरा जब्त किया गया। पहलगाम में 26 लोगों की हत्या के कुछ दिन बाद यह कदम उठाया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर हुई इस कार्रवाई में उत्तर कश्मीर जिले के सेदोरी नाला, मुश्तकाबाद माछिल के जंगली इलाके में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान आतंकी ठिकाने का पता लगाया गया और उसे ध्वस्त कर दिया गया। मौके से हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा जब्त किया गया। इनमें 5 एके-47 राइफल, 8 एके-47 मैगजीन, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, 660 राउंड एके-47 गोला-बारूद, एक पिस्तौल राउंड और 50 राउंड एम4 गोला-बारूद शामिल हैं।

### 14 स्थानीय आतंकियों की पहचान

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद, केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय 14 स्थानीय आतंकियों की सूची सुरक्षा एजेंसियों ने जारी की है। इन आतंकियों में से प्रत्येक ने पाकिस्तान से आए बाहरी आतंकियों को जमीन और चिकित्सा सहायता प्रदान की है। इन 14 आतंकियों की उम्र 20 से 40 वर्ष के बीच है और वे तीन बड़े पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों, हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं। इनमें से तीन आतंकी हिजबुल, आठ लश्कर-ए-तैयबा और तीन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं।

## सभ्य समाज में आतंकवाद की जगह नहीं

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी के पलिया में जनसभा को संबोधित करते हुए आतंकवाद पर जमकर बरसे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं हो सकती।

### योगी बोले सुरक्षा में सेंध के लिए है जीरो टॉलरेंस नीति

अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल है, जो विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा तो उसके लिए जीरो टॉरलेंस की नीति है। वह जिस भाषा में समझेगा, उसको उस भाषा में जवाब देने के लिए भारत तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं है। अगर किसी ने छेड़ा है तो उसे छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि जीरो टॉरलेंस नीति



के तहत उत्तर प्रदेश को माफियामुक्त किया। अराजकता और दंगों से मुक्त किया। यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के तौर पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब देश के अंदर उत्तर प्रदेश आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर वाला राज्य है। रेलवे का बेहतरीन नेटवर्क है, देश की पहली रैपिड रेल प्रदेश में चलती है। उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि साल 2017 के पहले किसानों का 10-10 वर्षों का गन्ना मूल्य का बकाया रहता था। आज 105 चीनी मिलें ऐसी हैं, जो एक सप्ताह के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। आज लखीमपुर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी में मेडिकल कॉलेज के निर्माण पर खुशी जताई। कहा कि पहले यह सपना था, आज हकीकत है। सीएम योगी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

## गोलमोल जवाब दे रहा तहव्वुर राणा

**मुंबई।** महाराष्ट्र से बुधवार को मुंबई क्राइम ब्रांच की एक टीम दिल्ली पहुंची। टीम ने 26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से पूछताछ की। मुंबई पुलिस के मुताबिक, टीम ने आतंकी तहव्वुर

### आठ घंटे की पूछताछ में नहीं किया सहयोग

हुसैन राणा से 8 घंटे से ज्यादा पूछताछ की। तहव्वुर राणा गोलमोल जवाब दे रहा है। जांच में सहयोग भी नहीं कर रहा है। तहव्वुर राणा को दिल्ली स्थित एनआईए मुख्यालय में हिरासत में रखा गया है।

भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई पर 2008 में हुए आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले तहव्वुर राणा को हाल ही में भारत ले आया गया था। फिलहाल वह एनआईए की हिरासत में है। भारत पिछले 17 वर्षों से राणा और उसके साथी डेविड कोलमैन हेडली के प्रत्यर्पण की कोशिश में



लगा था, जो कि 2009 में ही अमेरिका में गिरफ्तार हुआ थे। हेडली के मामले में भारत को फिलहाल खास सफलता नहीं मिली है, लेकिन तहव्वुर राणा के मामले में अमेरिका की निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के दावों को मानते हुए उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी। दावा है कि तहव्वुर राणा ने अपनी कंसल्टेंसी फर्म्स में डेविड हेडली को भी नौकरी दी।

## पंचायत चुनाव उम्मीदवार भी दें लंबित मामलों की जानकारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को बरकरार रखते हुए कहा है कि पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों को भी अपने नामांकन पत्र में अपने खिलाफ लंबित मामलों

### सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

की जानकारी देना जरूरी है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए एक ग्राम प्रधान के निर्वाचन को रद्द कर दिया। मामला मंडी जिले के पंगना ग्राम पंचायत का है।

सुप्रीम कोर्ट पीठ ने अपने फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को हम योग्य नहीं पाते हैं, क्योंकि राज्य



चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए नियमों को उच्च न्यायालय ने अधीनस्थ कानून का हिस्सा माना है। कानून के तहत पंचायत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को भी इसके प्रावधानों का पालन करना जरूरी है। इससे पहले 16 अक्तूबर 2024 को उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि तथ्यों को छिपाना हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के प्रावधानों का उल्लंघन है। यह चुनाव को अमान्य घोषित करने का वैध आधार हो सकता है।

उच्च न्यायालय ने प्रधान बसंत लाल के निर्वाचन को रद्द करने का आदेश दिया था। इतना ही नहीं उच्च न्यायालय ने लंबित मामले को छिपाने के आरोप में बसंत लाल को छह साल तक चुनाव लड़ने से भी प्रतिबंधित कर दिया।

इस आदेश के खिलाफ बसंत लाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा, लेकिन ये भी कहा कि जिस मामले को छिपाने का आरोप है, उसमें बसंत लाल को बरी किया जा चुका है। ऐसे में छह साल का प्रतिबंध सख्त है।



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - $36^0$ |
| न्यूनतम तापमान | - $27^0$ |
| सूर्योदय | - 05:31 |
| सूर्यास्त | - 06:36 |

बादल छाये रहेंगे।

### संक्षिप्त समाचार

#### हरियाणा में सड़क हादसा, सात मरे

**नूंह।** गुरुग्राम के सटे हरियाणा के ही नूंह जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस घटना में 7 लोगों की मौत हो गई नूंह के थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के गांव इब्राहिमवास के पास आज सुबह करीब 10 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक बेकाबू पिकअप गाड़ी ने सफाई कर रहे 11 सफाई कर्मचारियों को रौंद डाला। इस दर्दनाक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल चार लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

#### मनसे से गठबंधन करेगी शिवसेना

**मुंबई।** मनसे चीफ राज ठाकरे और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के राजनीति में साथ आने की खबरों के बीच शिवसेना ने शनिवार को एक्स पर कहा- मुंबई और महाराष्ट्र के हित के लिए एकजुट होने का समय आ गया है। पार्टी कार्यकर्ता मराठी गौरव की रक्षा के लिए तैयार हैं। इससे शिवसेना और मनसे के साथ आने की अटकलें तेज हो गई है। इससे पहले राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई उद्धव के साथ राजनीतिक मेल-मिलाप पर कहा था कि, उद्धव से राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज हैं।

## विपक्ष को कुचलना है आज की राजनीति का मकसद

**हैदराबाद।** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को तेलंगाना में भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस

### तेलंगाना में बोले राहुल गांधी

दौरान उन्होंने कहा, कुछ साल पहले, कांग्रेस पार्टी में हम पूरी तरह से फंसे हुए और अलग-थलग महसूस करते थे। यह एक नई, आक्रामक और एक ऐसी राजनीति है, जिसमें विपक्ष से बात नहीं की जाती बल्कि विपक्ष को कुचलने का विचार होता है। हम अपने इतिहास में वापस पहुंचे और हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलने का फैसला किया। कन्याकुमारी से हमारी यात्रा शुरू हुई और जैसे हम धीरे-धीरे आगे बढ़े तो धीरे-धीरे और लोग भी हमारी यात्रा में शामिल होते चले गए। राहुल गांधी ने कहा, हमारा विपक्ष वास्तव में सुनना नहीं जानता क्योंकि उनके पास पहले से ही सारे जवाब हैं। उन्हें ठीक-ठीक पता है कि क्या करना है। मगर, यह पूरी तरह से गलत है क्योंकि यह जनता है जो जानती है कि क्या करना है। एक चीज है जिसमें हम सोशल मीडिया और सभी आधुनिक संचार विधियों के साथ असफल रहे हैं, तो वह यह है कि राजनेताओं के रूप में अपनी जनता हमें जो बताने की कोशिश कर रही है, उसे गहराई से सुनने में विफल हैं। यही वह स्थान है जहां हम वास्तव में काम कर सकते हैं क्योंकि हमारे विरोधियों ने इस जगह को पूरी तरह से खाली कर दिया है, वे वहां नहीं हैं, उनका वहां कोई वजूद नहीं है।



## देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत करें युवा : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न

### पीएम ने 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

सरकारी विभागों एवं संस्थानों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। उन्होंने इस कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया। रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के तहत 15वां रोजगार मेला देशभर में 47 जगहों पर आयोजित किया गया। इससे युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सार्थक अवसर उपलब्ध होंगे और वे राष्ट्रीय विकास में प्रभावी योगदान देने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी के पत्र दिए गए हैं। आज भारत सरकार के अलग अलग विभागों में आप युवाओं के नए दायित्वों की शुरूआत हुई है। आपका



दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का है, आपका दायित्व श्रमिकों के जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है। उन्होंने कहा कि जब युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते हैं, तो राष्ट्र तेज विकास भी करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। हमारी सरकार हर कदम पर ये सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें।


## 'राजा का कर्तव्य है कि वह प्रजा की सुरक्षा सुनिश्चित करे'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली**

पहलगाम में पाक प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा पहचान सुनिश्चित करके अंजाम दिए गए हिन्दुओं के नरसंहार का बदला लेने को लेकर देश भर में दिख रही आतुरता और व्याकुलता के बीच सत्तारूढ़ भाजपा की मातृ संस्था कहलाने वाले राष्ट्रीय

### संघ प्रमुख ने कहा- गुंडागर्दी करने वालों को दंड देना हमारा धर्म

स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक यानी मुखिया डॉ. मोहन भागवत ने राजधर्म की याद दिलाते हुए बेलाग लहजे में कहा है कि केवल पूजा-पाठ और खान-पान के नियम कायदों तक ही हमारे धर्म का कार्यक्षेत्र सीमित नहीं है बल्कि गुंडागर्दी करने वालों समुचित दंड देना भी हमारा धर्म ही है। भागवत के मुताबिक राजा का कर्तव्य है कि वह प्रजा की सुरक्षा सुनिश्चित करे। उन्होंने हिन्दू समाज के लिए हिन्दू धर्म का मर्म समझना जरूरी करार देते हुए कहा कि बेशक अहिंसा हमारा मूल धर्म है लेकिन लोककल्याण के लिए जरूरी होने पर आततायों का वध करने की सीख भी हमारा धर्म देता है।



अत्याचार को सहन करते जाना धर्म नहीं है बल्कि हमारा धर्म है कि हम आतताई से मार ना खाएं। लेकिन अगर बुराई इतनी अधिक हो कि उसके मौजूदा स्वरूप को पूरी तरह नष्ट करके ही उससे छुटकारा पाया जा सकता है तो ऐसा करने में कतई नहीं हिचकने की सीख भी हमारा धर्म देता है। ऐसा किसी शत्रु भाव से नहीं बल्कि लोककल्याण, वैश्विक शांति और शत्रु को भी मुक्ति देने के भाव से करने का शास्त्रीय विधान है। राजधानी दिल्ली के तीन मूर्ति स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय के प्रांगण में स्थिति ऑडीटोरियम में विष्व हिन्दू कांग्रेस के संस्थापक और विष्व हिन्दू फाउंडेशन के वैष्विक अध्यक्ष स्वामी विज्ञानानंद की पुस्तक द हिन्दू मेनिफेस्टो का लोकार्पण करते हुए डॉ. मोहन भागवत ने उक्त बातें कहीं।

### भारत के ऐक्शन से खौफ में टीआरएफ

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल होने से इनकार किया है, जिसमें 22 अप्रैल को 26 नागरिक मारे गए थे। टीआरएफ, जिसने इस सप्ताह के शुरू में घातक हमले की जिम्मेदारी ली थी, ने एक बयान जारी कर अपने पहले के स्वीकारोक्ति का खंडन किया। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक संदेश में, टीआरएफ ने कहा कि टीआरएफ पहलगाम की घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता से साफ इनकार करता है। इस कृत्य के लिए टीआरएफ को जिम्मेदार ठहराना गलत और जल्दबाजी में किया गया कदम है।

### यह सीमापार का आतंकवाद है : पुरी

**मोहाली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को मोहाली में पहलगाम हमले को स्पष्ट रूप से पड़ोसी देश द्वारा प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद करार दिया। उन्होंने कहा कि इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान ले रहा है और अब पहले की तरह कोई कारोबार नहीं चलेगा। पुरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का हवाला देते हुए कहा, पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह केवल शुरुआत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये आतंकवादी जो होते हैं वे लोगों के सबसे बुनियादी अधिकार, जीवन के अधिकार को छीन लेते हैं। पूरी दुनिया इसकी निंदा कर रही है।

### जून से अगस्त तक चलेगी मानसरोवर यात्रा

**नई दिल्ली।** कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 तक चलेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस साल पांच बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। ऐसे ही 10 बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, सिक्किम से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। आवेदन स्वीकार करने के लिए http://kmy.gov.in वेबसाइट खोल दी गई है। आवेदकों में से यात्रियों का चयन निष्पक्ष, कंप्यूटर से तैयार, यादृच्छिक (रैंडम) और लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

## भारत में हैं ओरल कैंसर के सबसे ज्यादा केस

**नई दिल्ली।** भारत में जिन कैंसर के मामले सबसे ज्यादा रिपोर्ट किए जाते रहे हैं उनमें फेफड़े, पेट, स्तन और मुंह के कैंसर प्रमुख हैं। मुंह का कैंसर (ओरल कैंसर) फिलहाल भारत के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। इतना

### इलाज के बाद भी पांच साल जी पाना कठिन

### तंबाकू है मुख्य कारण

ही नहीं, भारत दुनियाभर में ओरल कैंसर के सबसे ज्यादा मामलों वाला देश है।

हर साल यहां अनुमानित 1.43 लाख नए मामले सामने आते हैं। तंबाकू-धूम्रपान को इसके लिए प्रमुख कारण माना जाता रहा है, चिंताजनक बात ये भी है कि ओरल कैंसर सिर्फ पुरुषों में ही नहीं महिलाओं में भी बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। जर्नल ऑफ कैंसर पॉलिसी में प्रकाशित एक शोध पत्र में बताया गया है, देश में ओरल कैंसर के 50 प्रतिशत से अधिक मामलों के लिए तंबाकू-धूम्रपान की आदत प्रमुख कारण है। भारतीय उपमहाद्वीप में ओरल



कैंसर एक बड़ी समस्या है, जहां यह देश में शीर्ष तीन प्रकार के कैंसर में शुमार है। भारत में ओरल कैंसर की आयु-समायोजित दर अधिक है, यानी प्रति एक लाख जनसंख्या पर 20 लोग और देश में सभी कैंसर का 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है।

जामा नेटवर्क मेडिकल जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने साफ तौर पर कहा है कि प्रारंभिक पहचान और समय पर इलाज न मिलने के कारण कैंसर का खतरा काफी बढ़ जाता है। ज्यादातर लोगों में कैंसर का पता ही तब चल पाता है जब ये चौथे स्टेज तक पहुंच चुका होता है। यहां से रोगी का इलाज करना और जान बचाना काफी मुश्किल हो जाता है। भारत में कुल कैंसर पीड़ितों में मुंह के कैंसर के 30 फीसदी मरीज शामिल हैं। कम उम्र से ही गुटखा, तंबाकू, सिगरेट की आदत के कारण इस कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है।

### पहलगाम की निष्पक्ष जांच को तैयार : शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम हमले के बाद हर जांच के लिए तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए तैयार है।पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में एक परेड को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि पहले भी पाकिस्तान पर ऐसे हमले के आरोप लगाए जाते रहे हैं। इसे पूरी तरह से बंद किया जाना जाहिए। एक जिम्मेदार देश के तौर पर पाकिस्तान किसी भी तटस्थ और पारदर्शी जांच में हिस्सा लेने के लिए तैयार है। शरीफ ने कहा कि भारत दुनिया को गुमराह कर रहा है।

(विस्तृत खबर पेज-12)

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत



**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** थाना क्षेत्र के गांव खिरिया माल निवासी गुड्डू पुत्र नेत्रपाल उम्र करीब ३० वर्षीय ने शुक्रवार देर रात जहरीला पदार्थ खा लिया उपचार के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने इलाज के दौरान मृतक घोषित कर दिया। एसआई रजनीश कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी सुनीता ८ वर्षीय पुत्र प्रियांशु ३ वर्षीय पुत्री को रोते बिलखते छोड़ गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया मृतक के भाई की ओर से तहरीर दी गई है।

# थानाध्यक्ष ने सुनी शिकायतें



**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** थाना दिवस प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों की कुल ६ शिकायतों में मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया। शनिवार को थाना समाधान दिवस कोतवाली के निरीक्षक राकेश कुमार की अध्यक्षता में हुआ। इसमें में लड़ाई झगड़ा अवैध कब्जा को लेकर फरियादियों की शिकायतें आई जिनमें मौके पर किसी भी एक शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल, उपनिरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार



**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** थाना अंतर्गत नगरिया मोड़ चौकी के अन्तर्गत अजीजगंज राई खेड़ा रोड पर माधव गोपाल के पास चेकिंग के दौरान एक युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से ३१५ बोर का एक तमंचा दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। युवक ने अपना नाम इंद्रजीत सिंह निवासी काशीराम कालोनी थाना कोतवाली बताया।पकड़ने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुकेन्द्र पाल, हेड कांस्टेबल विजय प्रताप एवं ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# अभिषेक प्रताप सिंह का यूपी पुलिस में चयन



**जैतीपुर( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र का गांव बिहरीपुर में अभिषेक प्रताप सिंह का यूपी पुलिस में चयन होने से गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है कड़ी मेहनत के बाद अभिषेक ने सरकारी नौकरी पाकर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सबसे बड़ी बात यह है कि आजादी के बाद से आज तक गांव में किसी को भी सरकारी नौकरी नहीं मिली। अभिषेक के पिता प्रमोद चौहान ने बताया कि आजादी के बाद से आज तक किसी को भी गांव में सरकारी नौकरी नहीं मिली हैं। उन्होंने बताया अभिषेक ने दिन रात एक करके सरकारी नौकरी हासिल की है इसमें बड़े गर्व की बात है। अभिषेक का यूपी पुलिस में चयन होने से पूरे गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है लोगों ने मिठाई खिलाकर और फूल मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।

# इंडियन सोशल सोसाइटी ने व्यक्त किया शोक

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** इंडियन सोशल सोसाइटी द्वारा शोक सभा का आयोजन अध्यक्ष एम एजाज की अध्यक्षता में करवला चमकनी स्थित कार्यालय पर किया गया। इस शोक बैठक में ईसाई धर्म गुरु फ्रांसिस व इसरो के पूर्व प्रमुख कस्तूरी रंगन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में महासचिव डा. एम ए इदरीसी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार, डा. रहमान, डा. सुल्तान, फरहत खानम, मुनव्वर इदरीसी, नईम उद्दीन, एस ए खान, मास्टर एजाज, कुमारी रेखा, राखी कुमारी, एजाज अंसारी, यश प्रकाश, प्रेम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# सांसद अरुण सागर के पत्र का नितिन गडकरी ने लिया संज्ञान

## जल्द बनेगा जलालाबाद-खुदागंज राष्ट्रीय राजमार्ग ७३०सी पर बाईपास

**शाहजहांपुर।** भाजपा सांसद अरुण सागर ने २४ मार्च को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर जलालाबाद-खुदागंज राष्ट्रीय राजमार्ग ७३०सी पर बाईपास बनाने की मांग की थी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बताया था कि इस मांग को लेकर लगातार स्थानीय लोग उनके मुलाकात कर मांग कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने सांसद के पत्र का संज्ञान लेते हुए संबधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। माना जा रहा है कि बहुत जल्द बाईपास बनने का कार्य शुरू हो जाएगा। वहीं सांसद ने उनका आभार जताया है। भाजपा सांसद अरुण सागर ने बताया कि डबल इंजन की सरकार में विकास के कार्य तेज गति से हो रहे हैं। गांवों से लेकर देश में बड़ी योजनाओं पर केंद्र और प्रदेश का शीर्ष नेतृत्व गंभीरतापूर्वक ध्यान दे रहा है। सरकार की प्राथमिकता है कि देश के हर क्षेत्र में विकास हो और देश की जनता को हर हाल मे सहुलियत मिल सके। सांसद ने कहा कि मेरे द्वारा लगातार जिले के मुद्दो को संबधित विभाग के मंत्रियों के सामने उठाया जा रहा है। उनसे मिलकर पत्र दिए जा रहे हैं। सरकार अपने वादो के अनुसार उन पत्रो का संज्ञान लेकर जनता के लिए कार्य कर रही है। जलालाबाद-खुदागंज राष्ट्रीय राजमार्ग ७३०सी पर बाईपास बनाने की मांग को केंद्रीय नितिन गडकरी ने गंभीरता के साथ लिया है। उन्होंने संबधित अधिकारियों को पत्र लिखकर इसकी रिपोर्ट मांगी है। उम्मीद है कि बहुत जल्द बाईपास निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होने केंद्रीय मंत्री का आभार जताया है । सांसद ने कहा कि इससे पहले उनके द्वारा ईएसआई अस्पताल, रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण और तमाम रेलवे से संबधित मुद्दो को उठाया।

# आल सेंट्स स्कूल में मनाया गया रेड डे



**शाहजहांपुर।** भारद्वाजी स्थित आल सेंट्स स्कूल में रेड डे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने बच्चों को लाल रंग का महत्व समझा कर उससे परिचित करवाया इसकी तत्पश्चात बच्चों ने स्ट्रॉबेरी, सेब को क्राफ्ट के द्वारा बनाकर अपनी पुस्तक में लगाया। कार्यक्रम के लिए एक्टिविटी कक्ष को लाल रंग के गुब्बारों व हृदय की आकार से कटे लाल रंगे कागजों आदि से सजाया गया बच्चे यह सब देख कर बहुत आनंद उठा रहे थे इसके पश्चात लाल रंग से संबंधित एक्टिविटीज करवाई गई तथा अंत में बच्चों को जूस और फलो को बांटा गया। कार्यक्रम का संचालन रूबी, दीपिका और फरीन ने किया इस मौके पर कॉर्डिनेटर तस्कीन शगुफ्ता और शिक्षिकाएं रूबी,फरीन् , अल्फिया ,ज़ोया, दीपिका, शगुफ्ता आदि मौजूद रहीं।

# अभाविप ने फूंका पाकिस्तान का पुतला




**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जीएफकॉलेज अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व में जीएफ कॉलेज गेट पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों से गए पर्यटकों के साथ हुई हिंसा में जिसमें २८ लोगों की जान ले ली गई एवं १८ से अधिक लोग घायल हैं। कायकर्ताओ ने कहा हमला पुलवामा अटैक के बाद सबसे बड़ा हमला कहा गया है। लश्कर ए तैयबा नामक संगठन ने इसकी जिम्मेदारी भी ली है जो कि पाकिस्तान में संचालित है। पाकिस्तान हमेशा आतंक का सहारा करता है। पाकिस्तान अपने ओजीडबल्यू (ओवर ग्राउंड वर्कर्स) के जरिए इस तरह के हमले करवा रहा है। उन्होंने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका है। इस अवसर पर जीएफ कॉलेज अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, हर्ष गुप्ता, स्वर्णिम, सुहेल, शिवम मिश्रा, अभिषेक पांडे, रौनक एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाल विवाह, बचपन खत्म कर देता है: अमृता

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** बाल विवाह रोकने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत क्रिश्चियन गर्ल्स हाई स्कूल में छात्रों को जागरूक किया गया। महिला कल्याण विभाग से अमृता दीक्षित डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर द्वारा बताया गया कि किसी लड़की या लड़के की शादी १८ साल की उम्र से पहले हो जाना बाल विवाह कहलाता है। बाल विवाह, बचपन खत्म कर देता है। बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कारों पर गलत प्रभाव डालता है। बाल विवाह बच्चों को शिक्षा के अवसर से वंचित करता है, जिससे उनकी भविष्य की संभावनाएं कम हो जाती हैं, बाल विवाह परिवारों को गरीबी और सामाजिक-आर्थिक कठिनाइयों के चक्र में फंसाता है। बाल विवाह को रोकने के लिए जागरूकता पैदा करना, बालिकाओं को शिक्षित करना और सामाजिक-आर्थिक सुधार करना महत्वपूर्ण है। साथ ही महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। जो बालिकाएं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना पात्रता की श्रेणी में आते है, उनके ऑनलाइन एवं आफ लाइन प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में अमृता दीक्षित डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर, प्रधानाचार्या अल्पना सिंह, अध्यापिका मीनाक्षी सक्सेना, वंदना, डोली, इल्मा खान, अमरीन कुमुद, खुशी, फलक आदि १२० छात्राएं व स्टाफमौजूद रहा।

# २८ अप्रैल को नाटक मातोश्री का होगा मंचन

## ३० दिवसीय ग्रीष्मकालीन अभिनय कार्यशाला का समापन २८ अप्रैल को



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ एवं मंथन आर्ट्स सोसायटी शाहजहांपुर के संयुक्त तत्वावधान में चल रही ३० दिवसीय ग्रीष्मकालीन अभिनय कार्यशाला का समापन २८ अप्रैल को गांधी भवन सभागार में सायं ०७.४५ बजे से किया जाएगा। २८ अप्रैल को पदम्भूषण सुमित्रा महाजन द्वारा लिखित व शिवा सक्सेना पूर्व छात्र भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ के निर्देशन में नाटक 'मातोश्री' का मंचन किया जाएगा। मातोश्री नाटक में दिखाया गया कि एक साधारण परिवार की लड़की कैसे होल्कर वंश की रानी बनती है और राष्ट्र और प्रजा हित में अपना जीवन न्यौछावर करती है। नाटक का प्रस्तुतिकरण अत्यन्त प्रभावशाली होगा। इस नाटक में ताल नृत्य संस्थान के बच्चों द्वारा लावणी नृत्य भी प्रस्तुत किया जाएगा जो कि आकर्षण का केन्द्र बनेगा। नाटक में मंच पर ऐश्वर्य कृष्ण मिश्र, अंशू साहू, प्रियंका रंजन, राजेश भारती, मोहित कनौजिया, अरशद आज़ाद, यश त्रिपाठी, निर्देश भटनागर, प्रत्यूश अजय बाजपेई, उत्कर्ष सक्सेना, समृद्धि सक्सेना, यशदेव शर्मा तथा मंच परे के कार्यों में सोनू सक्सेना, शंकर लाल, पारस दीक्षित, देवेन्द्र पाल, सुनील कुमार गुप्ता, मोहित वालपेयी, समन खान, अंकित अवस्थी, अनमोल सिंह इत्यादि कार्य कर रहे हैं। जीजाबाई का पार्श्व स्वर प्रख्यात फ़िल्म/टीवी अभिनेत्री मीना नैथानी व मुक्ता का पार्श्व स्वर बीएनए की पूर्व छात्रा नैन्सी सेठ द्वारा दिया गया है। नाटक में मुख्य रूप से रति शंकर त्रिपाठी अध्यक्ष भारतेन्दु नाट्य अकादमी व बिपिन कुमार निदेशक भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ स्वयं उपस्थित होकर कलाकारों द्वारा किए गए प्रयास को देखेंगे व प्रमाण पत्र देकर पुरूस्कृत करेंगे। इसके साथ ही कुछ कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी अहिल्याबाई होल्कर की जीवनगाथा को देखने हेतु उपस्थित होंगे। नाट्य निर्देशक शिवा सक्सेना ने दर्शकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरणा लेने हेतु अवश्य उपस्थित हों।

# विहिप ने पाकिस्तान का फूंका पुतला



**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** ब्लॉक गेट के सामने आतंकियों का पुतला फूंककर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। सिधौली कस्बे में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रखंड अध्यक्ष सत्यपाल के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक गेट पर पहुंचकर पहल गांव में हुए आतंकी हमले से नाराज होकर आतंकियों का पुतला फूंका और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं मैं जबरदस्त आक्रोश था कहा आतंकियों ने पर्यटकों को मार कर अच्छा नहीं किया उन्हें इसकी सजा भुगतान ही पड़ेगी मारे गए पर्यटकों के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मौजूद रहे रणधीर सिंह चौहान शरदचंद्र गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह, ज्ञानसिंह, आर .बी. श्रीवास्तव, सज्जन, पप्पू सिंह, दिनेशचंद्र, रामसागर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तालाब में लौकी घास उगने से अस्तित्व बिगड़ा

## ग्रामीणों ने की तालाब की सफाई करके अमृत सरोवर बनाने की मांग



**मिर्ज़ापुर( स्वतंत्र भारत )।** तालाब में लौकी घास उगने से तालाब का अस्तित्व बिगड़ गया है एवं कई जानवर पानी पीने के लिए गए और डूबकर हादसे के शिकार हो गए। इसलिए अब लोग अपने जानवर कूड़ा तालाब की तरफनहीं जाने देते हैं। लौकी घास के कारण इस तालाब की मिट्टी और पानी भी किसी उपयोग में नहीं आता हैं। आजादी से लेकर आज तक कई हुए ग्राम प्रधान कुंडा तालाब का अस्तित्व जैसा का तैसा। कुंडा तालाब का अस्तित्व बिगड़ता जा रहा है। जिसकी तरफअब तक हुए किसी भी ग्राम प्रधान ने ध्यान नहीं दिया और न ही अमृत सरोवर तालाब का लाभ मिल पाया। ग्राम वासियों ने कुंडा तालाब की सफाई करके अमृत सरोवर तालाब बनाने की मांग की है। इस संबंध में कलान के तहसीलदार सिर्जित से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि लेखपाल से तालाबों की जांच कराने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में कलान के खंड विकाश अधिकारी वीरेंद्र कुमार मिश्रा से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि नई तैनाती है मामला संज्ञान में नहीं है। ग्राम परौर के सचिव से जांच कराने के बाद संबंधित मामले में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# धर्मजीत सिंह पीजी कालेज में छात्रों को वितरित किये गये निशुल्क टेबलेट



**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** शनिवार को कस्बे के श्री धर्मजीत सिंह पीजी कालेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत परास्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं को टेबलेट महाविद्यालय के प्रबंधक नीलेश यादव, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिरुद्ध यादव सदस्य जिला पंचायत, धर्मेंद्र यादव सदस्य जिला पंचायत व कालेज के प्राचार्य डॉक्टर हेमन्त कुमार यादव के द्वारा छात्र/छात्राओ को वितरण किये गये। श्री धर्मजीत सिंह पीजी कॉलेज के प्रबंधक नीलेश यादव ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ने आधुनिक और तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए योग्य छात्रों को टेबलेट वितरित कर सभी गरीब-अमीर छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दिया है। छात्र टेबलेट का उपयोग पढ़ाई में ही करें। ताकि वे उच्च शिक्षित बनकर अपने माता-पिता,कालेज और गुरुजनों का नाम रोशन करें। इस मौके पर डॉ. श्यामस्वरूप, प्रेमपाल, देवेश कुमार, राजेश दीक्षित, रमाकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राहुल कुमार गुर्जर ने किया।

# हिंदू युवा वाहिनी ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** हिंदू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आतंकवादियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन नारेबाजी करते थाना गेट के सामने पुतला दहन किया। हिंदू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री नीरज वर्मा ने दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पहलगाम कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा हुए नृसंश हत्या कांड के विरोध में आतंकवादियों का विरोध प्रदर्शन करते हुए थाना गेट के सामने पुतला दहन किया। इस दौरान ठाकुर सुरजीत सिंह, गौरव कुमार, सूरज कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हमारा गांव जल समृद्ध हो इसकी जिम्मेवारी प्रत्येक की: नीरज

## भैंसी नदी संरक्षण पदयात्रा पांचवे दिन चित्तरपुर नवदिया से हुई प्रारंभ



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** भैंसी नदी संरक्षण पदयात्रा पांचवे दिन चित्तरपुर नवदिया से प्रारंभ हुई। इस क्षेत्र में २०१९ के अभियान में विलुप्त हो चुकी नदी के निशान को जेसीबी की सहायता से पुन: निर्माण किया गया था। शनिवार की यात्रा का दोपहर विश्राम एवं भोजन मदारपुर गाँव के हनुमान मन्दिर पर सत्यपाल सिंह के सहयोग से हुआ। यहाँ एक जलगोष्ठी का आयोजन भी हुआ। जिसमें लगभग २५ ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए नीरज सिंह ने कहा कि हमारा गांव जल समृद्ध हो इसकी जिम्मेवारी प्रत्येक ग्रामवासी की है। इस वर्षाकाल में इस कार्य से जुड़ने के लिए एक युवा टोली का निर्माण किया जाए। आज की यात्रा का रात्रि विश्राम चठिया के सरदार कुलवंत सिंह के आवास पर हुआ। पदयात्रा एवं गोष्ठी में दैनिक पदयात्रियों के अतिरिक्त मंडल अध्यक्ष भाजपा राजेश राजपूत, बाबा रुद्रदेवानंद, आचार्य अंबिका, धर्मेंद्र शुक्ला, प्रेमशंकर बाजपेई, सुरेंद्र दीक्षित, कृपाल सिंह, धनपाल सिंह, मेवाराम कश्यप, उपेंद्र चौहान, संत कुमार सिंह, प्रेमपाल सिंह, गोविंद गुप्ता, समरवीर सिंह राठौर, राजीव सिंह, उपेन्द्र सिंह आदि नदी भक्त उपस्थित रहे। यात्रा के मध्य संतकुमार सिंह एवं सरदार बघेल सिंह ने पदयात्रियों को जलपान कराया। आज की पदयात्रा लगभग २० किलोमीटर की रही।

# हिंदू-मुस्लिमों ने एक थाली में बैठकर खाया खाना

## जमीयत उलमा-ए-हिंद के कार्यक्रम में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** शाहजहांपुर में सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द का सुंदर उदाहरण उस समय देखने को मिला जब जमीयत उलमा-ए-हिंद के तत्वावधान में आयोजित आओ भाईचारा बढ़ाएं कार्यक्रम में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया और एकता व मेल मिलाप का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर सैयद मोहम्मद नोमान ने की जिन्होंने कहा कि आज का दौर नफरत से नहीं बल्कि मोहब्बत और भाईचारे से देश को मजबूत करने का है। हमारा मकसद न सिर्फ संवाद को बढ़ावा देना है बल्कि एक दूसरे के धर्म संस्कारों को समझने और सम्मान देने की परंपरा को जीवित रखना है। मुख्य अतिथि आईआरएस अधिकारी कमल किशोर कठेरिया ने मंच से कहा हिंदू और मुसलमान दो अलग समुदाय नहीं बल्कि एक ही बगिया के दो फूल हैं। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को नफरत नहीं मोहब्बत और एकता की सीख देनी होगी। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि मंच पर नहीं बल्कि ज़मीन पर बिछी दरी पर हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग एक ही थाली में बैठकर भोजन करते नजर आए। यह दृश्य उन तमाम भेदभावों को दरकिनार करता नजर आया जो समाज को बांटने की कोशिश करते हैं। इससे पहले पहलगांव जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए सभी ने दो मिनट का मौन रखा और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम में सैयद रिजवान, सैयद कासिम रज़ा, कार्यक्रम में सैयद रिजवान, सैयद कासिम रज़ा, राम शंकर लाल, डॉ प्रवीण कुमार कपिल, प्रवेश तोमर, मौलाना इमरान कासिम, सुरेश पाल सिंह, सैयद मोहम्मद गजवान, अरुण राणा, मौलाना फज़ल कासमी, बबल किशोर बाल्मिकी, मौलाना तौहीद कासमी, हाफिज फुरकान, हाफिज मानूस, हाफिज मुईद, अब्दुल रऊफ हाफिज मुन्ने, मोहम्मद नवी, फखरे आलम, सामाजिक कार्यकर्ता और कई संगठनों के लोग शामिल हुए। सामाजिक कार्यकर्ता, संगठनों के लोग शामिल हुए। इस आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों ने कहा कि इस प्रकार की पहल आज के समय की ज़रूरत है, जिससे समाज में फैली दूरी खत्म की जा सके और एकजुटता का मजबूत माहौल तैयार हो। वही सैयद मोहम्मद नोमान ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे ताकि भाईचारे की यह लौ बुझने न पाए।

# आज शाहजहांपुर आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## जलालाबाद में करेंगे गंगा एक्सप्रेस-वे हवाई पटट्ी का निरीक्षण

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जलालाबाद में गंगा एक्सप्रेसवे पर नवनिर्मित हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतारे जाएंगे। इसके लिए रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जलालाबाद में आएंगे और गंगा एक्सप्रेसवे हवाई पट्टी का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। सीएम के जनपद में आने को लेकर अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी है लगभग सभी तैयारियां को पूरा कर लिया गया है।



जलालाबाद में गंगा एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर विमान लैंडिंग को लेकर चल रही तैयारियों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकाप्टर से रविवार को १२ बजे पीरु जलालाबाद पहुंचेगे। जोकि १२.०५ से १२.३५ तक गंगा एक्सप्रेस-वे हवाई पट्टी का स्थलीय निरीक्षण निरीक्षण करेंगे। इसके बाद १२.४० बजे हेलीपैड-पीरु जलालाबाद से हापुड़ के लिए हेलीकाप्टर से रवाना हो जाएंगे। सीएम के दौरे को लेकर अधिकारियों ने तैयारियां पूरी कर ली है। डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री दो मई को भी आ सकते हैं। गंगा एक्सप्रेसवे पर खंडहर और चमरपुर कलां के बीच पांच किलोमीटर की नवनिर्मित हवाई पट्टी पर वायु सेना द्वारा दो व तीन मई को विमान लैंडिंग के पूर्वाभ्यास का कार्यक्रम प्रस्तावित है। वायु सेना पांच किलोमीटर के इस क्षेत्र को रविवार से अपने नियंत्रण में ले लेगी। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने वायु सेना व विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए थे।

पांच किमी की परिधि रहेगी नो फ्लाइंग जोन भारतीय वायु सेना द्वारा पांच मई तक गंगा एक्सप्रेसवे के जलालाबाद सेक्शन पर आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान भारतीय वायु सेना के विभिन्न विमान दिन और रात के समय उड़ान भरेंगे। इस अभ्यास के तहत क्षेत्र के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गंगा एक्सप्रेसवे के जलालाबाद सेक्शन के ग्राम चमरपुर कलां, पीरू, दियुरा, भदोखर, खूटा, नगला तालुका खंडहर और इसके पांच किलोमीटर की परिधि को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है।

# इंटरमीडिएट में छात्रों ने किया कालेज टाप



**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के इंटरमीडिएट के छात्र राजा सिंह ने ८२.३३ प्रतिशत अंक प्राप्त करके कॉलेज एवं माता पिता का नाम रोशन किया। किसान इंटर कॉलेज की छात्रा वर्तिका यादव पुत्री करन यादव निवासी निजामगंज ने ८० प्रतिशत अंक प्राप्त कर के विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नगर के ही सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के इंटरमीडिएट छात्रा मानवी यादव ने ७९ प्रतिशत अंक प्राप्त कर के विद्यालय में स्थान प्राप्त किया है। मां शारदे इंटर कालेज की हाईस्कूल की छात्रा मुस्कान ने ८० प्रतिशत अंक प्राप्त करके कॉलेज में स्थान प्राप्त किया।

# मनदीप और अंशिका ने किया स्कूल टाप

**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** एमए कोचिंग क्लासेस की अंशिका सिंह ने हाई स्कूल एवं मनदीप कुमार प्रजापति ने इंटरमीडिएट में टॉप किया है। सिंधौली के एम ए कोचिंग क्लासेस में बच्चों ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। हाई स्कूल की अंशिका सिंह ने ८५ प्रतिशत अंक प्राप्त कर टाप किया तो वहीं मनदीप कुमार प्रजापति ने ८२ प्रतिशत अंक लाकर इंटरमीडिएट में टॉप किया। शानदार प्रदर्शन से खुश एम ए पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी एवं एम ए कोचिंग क्लासेस की प्रबंधक इरम मंसूरी ने बच्चों को क्लासेस में बुलाकर मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया प्रबंधक ने कहा की आगे और अच्छी तैयारी करने के लिए आपको और मेहनत की आवश्यकता पड़ेगी वहीं हाई स्कूल में टॉपर अंशिका सिंह ने आई ए एस बनकर देश की सेवा करने का प्रण लिया है तो टॉपर मनदीप कुमार प्रजापति ने इंजीनियर बनने का सपना देखा है अनुष्का गुप्ता ने डॉक्टर तो शोभित कुमार प्रजापति ने सिविल सर्विस में जाने का फैसला किया विज्ञान शिक्षक रहमान खान नीतेश कुमार त्रिवेदी रामसनेही शर्मा करुणा शंकर पांडे सुखदेव वर्मा जैद मंसूरी निदा अंसारी आदि ने बच्चों को मिठाई खिलाकर प्रोत्साहित किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। एम ए पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने बताया कि क्षेत्र के होनहार बच्चों को बुलाकर नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर एक मई को सम्मानित किया जाएगा।

# १०वीं-१२वीं में छात्राओं का दबदबा, रिजल्ट देख खिले चेहरे



**जैतीपुर( स्वतंत्र भारत )।** हाई स्कूल व इंटर के रिजल्ट आउट होने के बाद इस बार भी छात्राओं का पढ़ाई पर दबदबा नजर आया। कस्बे के लटूरी लाल इंटर कॉलज में छात्राएं छात्रों से आगे रही। हाई स्कूल विज्ञान वर्ग में हिमांशु त्रिपाठी ने ८९ .६६ प्रतिशत, अजीत मौर्य ८९.५ प्रतिशत, आयुषी गौतम ८७ .१६ प्रतिशत तथा नेहा शर्मा ने ८४ .३३ प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं इंटर मीडिएट में प्राची सिंह ने ७५.८ प्रतिशत, काजल ७७.४ प्रतिशत तथा महिमा ने ७७.४ प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। परिजनों ने मिठाई खिलाकर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। हाई स्कूल और इंटर का रिजल्ट देखकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

# जीपी इंटर कालेज का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

## प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने मेधावियों को किया सम्मानित

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें जीप इंटर कॉलेज रोसर कोठी का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा १० की श्रुति वर्मा ने ६०० में ५०५ अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कॉलेज में दूसरे स्थान पर याशी रस्तोगी ने ६०० में ५०२ अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं महिमा गुप्ता ने ६०० में ४९८ अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा १२ में सोनी ने ५०० में ३८८ अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर अनुष्का श्रीवास्तव में ५०० में ३८२ अंक प्राप्त किये। वहीं तीसरे स्थान पर सरफराज आलम ने ५०० में ३६८ अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रबंधका गायत्री वर्मा ने सभी छात्र-



छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समस्त स्टाफ को बधाई दी। प्रधानाचार्य सुखपाल सिंह ने कहा कि समस्त छात्र-छात्राएं आगे ऐसे ही मेहनत करते रहें तथा अपने विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। उप प्रधानाचार्य सतपाल सिंह ने कहा कि आप लोग ऐसे ही मेहनत करते रहें और शिक्षा को समय दें। शिक्षा आपको बदल देगी और शिक्षा के द्वारा आप अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। इस अवसर पर विशाल शर्मा, पर्वेंद्र कुमार, निधि शर्मा, अरुण गुप्ता, सुमन वर्मा, मानसी पांडे, अमन कुमार, आशीष कुमार एवं समस्त स्टाफमौजूद रहा।

# कोविड काल का १८ माह की रोकी गई मंहगाई राहत दिए जाने की मांग

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स की कलेक्ट्रेट पेंशनर्स कक्ष में हुई बैठक

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान की कलेक्ट्रेट स्थित पेंशनर्स कक्ष में जिलाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव सत्य प्रकाश तिवारी के संचालन में मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें कई विभागों के पेंशनर्स ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। बताया उत्तराखण्ड की भाँति राज्य सरकार के पेंशनर्स को ६५ वर्ष, ७० वर्ष, ७५ वर्ष पर अतिरिक्त पेंशन क्रमशः ५ प्रतिशत, १०प्रतिशत, १५ प्रतिशत देने की तत्काल माँग की गई। सभी ने एक स्वर में कोविड काल का १८ माह की रोकी गई मंहगाई राहत तत्काल दिए जाने की माँग की, परिवहन, नगर निगम की बसों के किराये में अन्य प्रदेशों की भांति छूट दी जाए, गन्ना शोध परिषद के पेंशनर्स को पूर्व की भांति पूर्ण पेंशन दी जाए, नगर निगम द्वारा दवाई का दैनिक छिडकाव रोगों की रोकथाम हेतु कराया जाए, चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिलों का भुगतान कोषागार द्वारा समयबद्ध कराया जाए, वरिष्ठ नागरिकों हेतु बैंकों, अस्पतालों में पृथक काउंटर बनाए जाएँ, अपर



निदेशक कोषागार, बरेली मण्डल, बरेली पेंशन स्वीकृत प्राधिकार पत्र की स्वीकृति की प्रति पेंशनर को नहीं भेजते हैं जिससे पेंशनर को सूचना न मिलने के कारण अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है, अतः पेंशनर की प्रति पेंशनर को सीधे उपलब्ध कराई जाए, बैठक में सभी ने पुरानी पेंशन को तत्काल बहाल किए जाने की भी माँग की। शासनादेश होने के बावजूद बेसिक शिक्षा अधिकारी के स्तर से सेवानिवृत्त शिक्षकों को नोशनल इन्क्रीमेंट दिए जाने में विलम्ब किया जा रहा है जिसे तत्काल दिलाए जाने की माँग, सभी सदस्यों ने एक स्वर में वित्त विधेयक २०२५ में पेंशन से जुड़े प्रतिगामी संशोधनों को समाप्त किए जाने की माँग की, पेंशन में राशिकरण की अवधि १५ वर्ष से घटाकर ११ वर्ष किए जाने की भी माँग, कोरोना काल में बंद की गई रेलवे छूट की सुविधाएँ वरिष्ठ नागरिकों को पुनः बहाल की मांग, कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की भांति पेंशनरों को महंगाई राहत नियमित रूप से एक साथ जारी किए जाने की मांग की है। अंत में सभी सदस्यों ने पहलगाम, कश्मीर में हुई जघन्य हत्याओं पर २ मिनट का मौन रखते हुए मृतकों की आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बैठक में सत्य प्रकाश तिवारी, प्रेमपाल सिंह, चन्द्र प्रकाश मिश्रा, राजेश चन्द्र शुक्ल, दिनेश चन्द्र शुक्ल, रवि शर्मा, विजय शंकर पाण्डेय, हरप्रसाद पाण्डेय, राजेश कुमार द्विवेदी, रामेन्द्र मिश्र, अशोक कुमार मिश्रा, संतोष कुमार त्रिपाठी, गजेन्द्र प्रसाद, हरिश्चंद्र वर्मा, अतुल गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, महेश गुप्ता, सरोज श्रीवास्तव, बालगोविन्द दीक्षित, सत्यदेव शुक्ला, विश्वनाथ, रामरतन, सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आठ न्याय पंचायतों में शैक्षिक गोष्ठी संपन्न

**निगोही( स्वतंत्र भारत )।** जिलाधिकारी के निर्देश पर शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन निगोही ब्लाक की सभी आठ न्याय पंचायतों में शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विकास खंड शिक्षा निगोही क्षेत्र में आठ न्याय पंचायत में जिलाधिकारी द्वारा नामित पर्यवेक्षणीय अधिकारी की उपस्थिति में शिक्षकों ने पीपीटी के द्वारा विद्यालयों में किये जा रहे, नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया। न्याय पंचायत अजीजपुर के विद्यालयों के शिक्षकों की संगोष्ठी का आयोजन संविलियन विद्यालय पतराजपुर में किया गया। संकुल शिक्षक अमित गुप्ता के द्वारा पियर लर्निंग गतिविधि के माध्यम से बच्चों को रोचक शिक्षा देने की प्रस्तुतीकरण दी। संकुल शिक्षक श्याम मोहन सक्सेना ने पावरपॉइंट वीडियो के माध्यम से विद्यालय में किये जा रहे नवाचार से शिक्षकों को परिचित कराया। शिक्षक मो.



इस्लाम के द्वारा वर्तमान में आवंटित कक्षा शिक्षण की रणनीतियों पर चर्चा की गई। आस्था अग्निहोत्री एवं अचलेश द्विवेदी के द्वारा शून्य निवेश से तैयार शिक्षण अधिगम सामग्री के द्वारा बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के बारे में बताया गया। नोडल संकुल शिक्षक मो. आजम खान के द्वारा विद्यालय में नवीन नामांकन एवं उपस्थिति में बृद्धि के उपायों के बारे में जानकारी दी।पर्यवेक्षण अधिकारी मोहन बीएमएम ने जिलाधिकारी द्वारा जनपद को निपुण असेसमेंट टेस्ट में प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने की कार्ययोजना के बारे में बताया तथा नवाचार के माध्यम से बच्चों को शिक्षा प्रदान करने को कहा। संगोष्ठी में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प हो चुका है एवं शिक्षकों के द्वारा नवीन शिक्षण विधियों से विद्यालय में शिक्षण कार्य किया जा रहा है। एसडीएम जीत सिंह राय, संजीव कुमार एडीओ, राजीव मिश्रा, पुनीत पाठक, जिला उद्यान अधिकारी आदि अधिकारी अलग-अलग न्याय पंचायत में उपस्थित रहे। शैक्षिक संगोष्ठी में सुरेश पाल कुशवाहा, अनुराधा, कुशवाहा कांत, हिमांशु गुप्ता, हसन अहमद, मो अहमद,तेजपाल, शीबा सिद्दीकी, रविश कुमार, लालराम, मनोरमा मिश्रा, रजनीश कुमार, नैनशी सक्सेना, पायल, ऋतुराज, मीनाक्षी, सुमनलता, रामबहादुर, पूनम देवी समेत सभी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# युवक के साथ मारपीट मुकदमा दर्ज

**भावलखेड़ा( स्वतंत्र भारत )।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती रेती में युवक के साथ मारपीट एवं तमंचे की बट से सर फोड़ने के मामले में पुलिस ने चार नामजद समेत एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती रेती निवासी अंकित पांडेय ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि २२ अप्रैल को वो अपने दोस्त सूर्यप्रताप के घर दावत में गए थे। तभी वहां हनी मिश्रा अपने साथी अभय पांडेय, बेचे मिश्रा, कृष्ण मोहन मिश्रा उर्फ पप्पू के साथ आ गया। आरोप है कि सभी गाली गलौज करते हुए लातों घूसों से पीटने लगे। इसके बाद हनी मिश्रा ने तमंचे की बट मारकर सर फोड़ दिया। शोर शराबा मचने पर जब आसपास के लोग एकत्रित हो गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल का मेडिकल कराया गया है।

# अंश ने हाईस्कूल में किया स्कूल टॉप

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम में पुवायां पब्लिक उ.मा. विद्यालय में हाईस्कूल बोर्ड का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल के छात्र अंश गुप्ता ने ६०० में से ५३१ अंक प्राप्त कर



८८.५० प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान, पीयूष ने ६०० में से ४९८ अंक प्राप्त कर ८३ प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया तो वही जानवी ने ८१.८३ प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रही। शिक्षकों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, तो वहीं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय गुरुजनों को दिया।

# एसडीएम तिलहर का स्थानांतरण, रविंद्र कुमार नए एसडीएम

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** शुक्रवार देर रात उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय का स्थानांतरण हो गया। उनकी जगह रविन्द्र कुमार तिलहर नए उपजिलाधिकारी होंगे। श्री राय ने लम्बे समय तक तिलहर में सेवाएं दी। एक सादे आयोजित लेकिन गरिमामय समारोह में विभाग के कर्मचारियों, सहकर्मियों और शुभचिंतकों ने उन्हें विदा किया। श्री जीत सिंह ने उपजिलाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दी, अपनी कर्तव्यनिष्ठा, कार्य



कुशलता और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उनकी दूरदर्शिता और टीम को साथ लेकर चलने की क्षमता हमेशा सराही गई। विदाई समारोह में बोलते हुए, किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी के प्रदेश सलाहकार श्री जीशान रजा खान ने एसडीएम साहब के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा श्री रॉय ने हमेशा विभाग के हितों को सर्वोपरि रखा। उनकी कमी हमेशा महसूस होगी। कई अन्य कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और उनके साथ बिताए यादगार पलों को याद किया।

# एडीएम ने अतिसंवेदनशील बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया भ्रमण

## इस्लामनगर, भरतपुर, पैलानी आदि ग्रामों का एडीएम ने किया निरीक्षण

शाहजहांपुर(स्वतंत्र भारत)। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्दशन पर एडीएम वित्त अरविन्द कुमार द्वारा तहसील कलान के बाढ़ प्रभावित संवेदनशील ग्रामों आजाद नगर, इस्लामनगर, गुंटैती उत्तर, भरतपुर, पैलानी उत्तर आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में ग्रामीणों ने एडीएम को बताया कि अत्यधिक पानी बढ़ने से आजाद नगर में लगभग १२० परिवार, गुंटैती उत्तर में ३५० परिवार, पैलानी उत्तर में ३०० परिवार एवं भरतपुर में लगभग २५० परिवार बाढ़ से प्रभावित होते हैं। ग्रामीणों ज्यादा पानी बढ़ने पर ऊंचे स्थानों तथा पृथ्वीपुर ढाई में संचालित बाढ़



चौकी में चले जाते हैं। बाढ़ के दौरान आवागमन के लिए नावे संचालित की जाती है, जलमग्न क्षेत्र के परिवारों को बाढ़ राहत सामग्री आदि प्रदान की जाती है। एडीएम वित्त ने ग्रामीणों द्वारा बताई गयी डिटेल की रिपोर्ट तैयार की। तत्पश्चात उन्होंने बाढ़ चौकी पृथ्वीपुर ढाई का निरीक्षण भी किया। ग्रामीणों को बताया गया कि इस वर्ष बाढ़ के संबंध में आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है। निरीक्षण दौरान एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक रामकुमार, लेखपाल आदर्श, प्रदुमन, आपदा विशेषज्ञ अभिषेक, आपदा बाबू नरेश, प्रधान फारूक अली, पिंटू मिश्रा, संजय सिंह, राजपाल आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने पुवायां विभिन्न गांवों का किया दौरा

**शाहजहांपुर।** महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने पुवायां विधान सभा के पुवायां नगर,पुवाया ब्लॉक,खुटार ब्लॉक के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा कर संगठन की मजबूती पर बल दिया। अर्चना ने राजीव चौक पर कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी,गांधी पार्क स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। गांधी पार्क में हुई बैठक में अर्चना ने कहा २०२७ का विधानसभा चुनाव करीब आ रहे है। ऐसे में महिला कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी है क्योंकि जब संगठन मजबूत होगा



तब हमारा बूथ मजबूत होगा पुवाया विधानसभा सुरक्षित है। इस लिहाज़ से यहां दलित नेतृत्व को उभरना होगा। जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही। हमने उनके साथ खड़ा होना होगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष अरुणोद मिश्रा,आशीष तिवारी,कुलदीप गुप्ता,आनंद आर्य,सरदार दिलबाग सिंह, मीना देवी,अशोक जाटव,अनोखे लाल, रीना भारती,शांति देवी कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।

# मेंडू शाह मियां का दो दिनी उर्स शरीफ संपन्न

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** हजरत सैयद शमशेर अली उर्फ मैडू शाह मियां का दो दिवसीय सालाना उर्स शरीफसंपन्न हुआ। जिसमें लोगों ने हाजिरी देकर दुआएं मांगी मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित दरगाह पर उसके अंतिम दिन कुल शरीफकी महफिल सजी।जिसमें मौलाना जुबेर अहमद ने अल्लाह के वलियों से मोहब्बत रखने के लिए जोर दिया। उन्होंने कहा अल्लाह के वलियों में वह ताकत है कि वह मुर्दे को भी जिंदा कर देते हैं। इसलिए जब तक यह दुनिया में है तब भी चाहने वालों की भीड़ लगी रहती है और आज वह दुनिया में नहीं है तो इनकी दरगाहों पर लोगों का हुजूम रहता है। कुल शरीफमें मुल्क की तरक्की खुशहाली के लिए दुआ की गई। इस मौके पर अच्छन मियां, इक़बाल हुसैन उर्फ फूल मियां, राहतुल्ला खान मास्टर खुर्शीद खान, इसरार अहमद अहमद, मौलाना वकार, मौलाना सोहेल अमजदी, कारी मखदूम अशरफ आदि लोग मौजूद रहे उसके बाद कव्वाली का प्रोग्राम हुआ इसमें वसीम वारसी कव्वाल ने रंग पेश किया सज्जादा नशीन सैयद इल्तिफात अली और सैयद इफ्तिखार अली ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# आईकेएमजी संस्था की सदस्यों ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा

**शाहजहांपुर।** अंतर्राष्टीय खत्री महासभा ग्रुप आईकेएमजी संस्था की सदस्यों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम मैं पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की है तथा इस घटना में मृत हुए सभी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु सभी सदस्य एकत्रित हुई तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई यह हमला देश की एकता व अखंडता पर प्रहार करने का दुस्साहस है संस्था की सभी सदस्यों ने शहीद हुए मृतक नौजवानों के परिवार जनों को सांत्वना दी है ईश्वर उन सब की




आत्मा को शांति दे और परिवार को इस अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करें संस्था की अध्यक्ष रजनी सेठ तथा उपाध्यक्ष पूनम टंडन के अलावा सभी सदस्यों ने पुष्प अर्पित की आत्मा की शांति हेतु २ मिनट का मौन रखा इस मौके पर सेक्रेटरी व मीडिया प्रभारी सुश्री रिद्धि बहल कोषाध्यक्ष पूनम कपूर कोमल खन्ना आरती खन्ना रोली टंडन नीरू कपूर डिंपल टंडन रागिनी खन्ना रेनू कपूर तानवी खन्ना मेघना खन्ना आदि उपस्थित रहे

# बुल्डोजर कार्यवाही के बाद परशुराम मंदिर पर शुरु हुआ काम

## खाली कराई गयी भूमि किसी की निजी संपत्ति नहीं थी अवैध कब्जे वाली भूमि थी

जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )। नगर में रामताल के किनारे रहने वाले अवैध कब्जेदारों पर प्रशासन की कार्यवाही के बाद भगवान परशुराम मंदिर के जीर्णोद्धार के काम की आज से शुरुआत हो गयी है

यहां पर १९ करोड़ की लागत से कई महत्वपूर्ण काम होने हैं आज मौके पर पहुंचे निर्माण कंपनी के जेई ने जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं तथा काम की शुरुआत कर दी गई है। प्रशासन द्वारा कल हटाए गए कब्जे वाले स्थान को साफ किया जा रहा है ताकि शीघ्र सड़क का निर्माण किया जा सके और निर्माण कंपनी के वाहनों को मंदिर तक सामग्री लेकर पहुंचने में कोई दिक्कत ना आए।

शुक्रवार को राजस्व विभाग, नगर पालिका एवं पुलिस के संयुक्त अभियान के चलते २३ अवैध कब्जदारों से ९ मीटर भूमि कब्जा मुक्त कराई है लगभग ७ घंटे तक चली इस कार्यवाही में लाखों रुपए की मालिक का नुकसान हुआ है जिसे अवैध कब्जदारों ने अपने खून पसीने की कमाई से निर्माण किया था अवैध कब्जे हटवाने में लगाए गए भारी पुलिस फोर्स को देखकर लोगों में भय व्याप्त था कि प्रशासन कोई बड़ी कार्यवाही करने वाला है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रामताल की सीढ़ियों से ९ मीटर के दायरे में जितना भी निर्माण आया उसको बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। इस पूरी कार्यवाही में आठ बुलडोजरों का प्रयोग होना था लेकिन तीन बुलडोजर ने ही काम तमाम कर दिया शेष खड़े रह गए। तहसील तिलहर, सदर, कलान, व जलालाबाद सर्किल के थानों की बड़ी संख्या में पुलिस इस कार्य में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए





रखने के लिए लगाई गई थी। सफलता पूर्वक इस काम को अन्जाम देने का श्रेय एसडीएम जलालाबाद को जाता है प्रत्येक दुकान के दरवाजे पर दो-दो सिपाही खड़े किए गए थे इसी तरह मकान के दरवाजों को भी बैरिकेड कर दिया गया था। एसडीएम, प्रभारी निरीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में अवैध निर्माण गिराने का काम आरंभ किया गया। इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य अधिकारी गण भी बातौर निगरानी मौजूद रहे। नगर पालिका के सैकड़ों कर्मचारी राजस्व विभाग के लेखपाल कानून गो मिलाकर दो से ढाई सौ लोग पूरी तैयारी के साथ हर स्थिति से निपटने के लिए मानो इस तरह तैनात खड़े थे जैसे कोई बहुत बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया जाने वाला है या कोई बड़ा किला फ़तेह किया जाना है जिसका भयंकर विरोध चल रहा है जबकि ऐसा कहीं कुछ भी नजर नहीं आया किसी प्रकार का कोई विरोध देखने को नहीं मिला मामूली कहासुनी को छोड़कर लगभग सभी कुछ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

### जिन दुकानों को खाली कराया गया उन्हें नहीं तोड़ा

प्रशासन की मंशा का अवैध कब्जदारों को अंत तक पता नहीं चल सका। प्रशासनिक अधिकारियों के सख्त आदेश के मुताबिक उनके भय में लोगों ने अपनी दुकानें खाली कर दी थीं मकान से सामान निकाल लिया था प्रशासन ने भी तैयारी मानो इस तरह की थी जैसे आज वह सब कुछ ध्वस्त कर देगा हर मकान व दुकान बुलडोजर से कुचल डालेगा लेकिन ऐसी कोई कार्रवाई नहीं हुई लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी हो जाता है कि खतरा अभी टला नहीं है।

### एसडीएम ने कहा

इस बाबत एसडीएम दुर्गेश यादव से पूछने पर उन्होंने बताया कि आवश्यकतानुसार ९ मीटर अवैध अतिक्रमण हटाया गया है लेकिन जो बच गया है वह भी शीघ्र तोड़ा जाएगा, जिन स्थानों पर लाल रंग के क्रॉस निशान लगाए गए हैं वह सभी आज नहीं तो कल टूटेंगे। यह कार्रवाई शीघ्र अमल में लाई जाएगी इसलिए लोग अपनी तैयारी कर लें अपने आप अवैध अतिक्रमण को तोड़ दें तो बेहतर होगा उन्होंने आगे की कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

# बेंगलोर में सम्मानित हुए रचित, कमलजीत और राजीव



शाहजहाँपुर( स्वतंत्र भारत )। शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान करने पर शाहजहाँपुर के तीन स्कूल पुवायां के कैम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल और मारवाह मार्डन स्कूल के साथ रोजी पब्लिक स्कूल शाहजहाँपुर को बेंगलोर में सम्मानित किया गया। माइक्रोसाफ्ट कंपनी की सीईओ जया के द्वारा सम्मानित किया गया। जनरल फेरम एजुकेशन कॉन्क्लेव २०२५ बेंगलोर में माइक्रोसॉफ्ट रेडी स्कूल्स के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए कैम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल पुवायां के डायरेक्टर और प्रेसिडेंट सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स शाहजहाँपुर रचित अग्रवाल, सिटी कोआर्डिनेटर रोजी स्कूल से डा. राजीव मोहन पांडेय और मारवाह स्कूल से डॉ. कमलजीत सिंह डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर, शाहजहाँपुर को सम्मानित किया गया। माइक्रोसॉफ्ट कंपनी की सीईओ जया के द्वारा सम्मानित किया गया।

# जिले में पांचवा स्थान पाकर अनुभव ने किया नाम रोशन



जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )। काकोरी शहीद इंटर कालेज जलालाबाद में इंटरमीडिएट के कृषि वर्ग के छात्र ग्राम कुर्रिया कला कांट क्षेत्र निवासी प्रेम कुमार सिंह के पुत्र अनुभव ने ८८.४० प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टॉप १० सूची में पाचवां स्थान प्राप्त किया है। छात्र ने कालेज व कालेज में पढ़ाने वाले अध्यापकों का ही नाम रोशन नहीं किया बल्कि माता-पिता का भी गर्व से सिर ऊंचा किया है। छात्र अनुभव ने अच्छे नंबर लाने के लिए कालेज के शिक्षकों का श्रेय बताया है। आगे वह और पढ़ाई करके कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक बनना चाहता है।

# विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम हेतु युवा २ मई तक कर सकते हैं आवेदन

शाहजहाँपुर( स्वतंत्र भारत )। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा माय भारत इनिशिएटिव के अंतर्गत गृह मंत्रालय के सहयोग से आगामी १५ से ३० मई तक एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम-विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लेह-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के १०० सीमावर्ती गांवों में ५०० माय भारत स्वयंसेवकों को शामिल करके राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। ये स्वयंसेवक इन गाँवो में सेवा और संस्कृति की अलख जगायेंगे। इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य से १५ युवाओं और प्रत्येक केंद्र शासित प्रदेश से १० युवाओं को चुना जाना है। कार्यक्रम में युवा को भाग लेने के लिए माय भारत पोर्टल पर अपनी प्रोफ़ाइल में लॉगिन करके एक्सपीरिएनशियल लर्निंग प्रोग्राम में राज्य सेलेक्ट कर एवं फ़ंक्शनल कैटेगरी में विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत अप्लाई करना होगा। इस कार्यक्रम में २१ से २९ वर्ष के युवा भाग ले सकेंगे और माई भारत पोर्टल पर युवा को आवेदन करते समय ५०० शब्दों में कार्यक्रम में अपनी रुचि को व्यक्त करते हुए एक निबंध और अपने मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट को भी अपलोड करना होगा। सामाजिक कार्य एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े युवा जैसे कि एनवाईकेएस, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड इत्यादि को ऑनलाइन सिलेक्शन प्रक्रिया के माध्यम से प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम में पंजीकरण की अंतिम तिथि २ मई २०२५ है। पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए माय भारत पोर्टल के टोल फ्री नंबर १८००११२२०९ पर संपर्क कर सकते है अथवा जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र कार्यालय एवं संबंधित एनएसएस यूनिट से भी संपर्क कर सकते है।

# अच्छे मार्क्स प्राप्त कालेज के छात्रों को प्रबन्धक ने दी बधाई



जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )। यूपी बोर्ड द्वारा घोषित हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के परिणाम में सेठ सियाराम इंटर कालेज जलालाबाद में क्रमशः मानविकीय वर्ग/विज्ञान वर्ग एवं व्यवसायिक शिक्षा वर्ग में १७१ छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता उर्फ अन्नू सेठ ने बच्चों को अच्छे मार्क्स लाने पर बधाई दी है। कालेज से प्राप्त जानकारी के मुताबिक व्यावसायिक शिक्षा वर्ग में इंटरमीडिएट में लक्ष्मी ने ८८.४० प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, मानविकीय वर्ग में प्रतिभा सागर ने ८२ प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान वर्ग में ७८ छात्रों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसमें अमन राठौर ७७ प्रतिशत अंकों के साथ अपने वर्ग में प्रथम रहे। हाई स्कूल में परीक्षाफल ९० प्रतिशत रहा जिसमें रोशनी ने ८७ प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, अनामिका ने ८४.६ प्रतिशत पाकर द्वितीय स्थान पर रहीं, विद्यालय के छात्र-छात्राओं में घोषित परीक्षा फल देखने के उपरांत हर्षोल्लास का वातावरण दिखाई दिया। प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ ने उत्तीर्ण छात्रों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कार वर्कशॉप में आग लगने से डेढ़ लाख का नुकसान

शाहजहाँपुर( स्वतंत्र भारत )। शनिवार सुबह एक कार वर्कशॉप में आग लग गई। जनता डेंटिंग एंड पेंटिंग नाम की इस वर्कशॉप में रखे वाहनों के प्लास्टिक पार्ट्स जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने राजघाट पुलिस चौकी को सूचना दी, जिसके बाद दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। वर्कशॉप के मालिक मोहम्मद नईम इस समय अपने परिवार के साथ दिल्ली में हैं। उन्हें स्थानीय लोगों ने फ़ोन कर आग की सूचना दी। नईम के अनुसार शुक्रवार को वर्कशॉप बंद थी और शनिवार सुबह खुलने से पहले ही आग लग गई। आग से लगभग डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। चौक कोतवाली क्षेत्र के गर्रा फाटक पर स्थित इस वर्कशॉप में चार पहिया वाहनों की डेंटिंग और पेंटिंग का काम होता है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि आग खुद लगी या किसी ने लगाई। मालिक ने कहा कि दिल्ली से लौटने के बाद वे आगे की कार्रवाई करेंगे। हालांकि, चौक कोतवाली के इंस्पेक्टर राजीव तोमर का कहना है कि उन्हें आग लगने की कोई सूचना नहीं मिली है।

# विद्यालयों में शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

सिंधौली( स्वतंत्र भारत )। विकासखण्ड की ग्राम पंचायत कोटावारी, अनावा, पनवाड़ी, रामपुर ताहरपुर, मुड़िया पमार,लधौला, मिश्रीपुर बुजुर्ग, सिंधौली, बबीरी तथा बिलंदपुर गद्दीपुर में न्याय पंचायत स्तरीय स्मार्ट क्लॉस वाले विद्यालयों में शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में शिक्षकों ने शिक्षा के स्तर में सुधार सम्बन्धी आवश्यक टिप्स प्रस्तुत किए। शिक्षकों ने विद्यालय में उपस्थिति एवं ठहराव सम्बन्धी बिन्दु पर आवश्यक परामर्श देते हुए विभिन्न नवाचारी पहलुओं पर चर्चा की। कम्पोजिट विद्यालय बढ़ेला में संकुल शिक्षक दीपेंद्र सिंह ने डिजिटलाइजेशन शिक्षण पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक विचार साझा किए। वरिष्ठ शिक्षक आशुतोष मिश्र ने छात्रों को गतिविधि आधारित शिक्षा प्रदान करने तथा समय-समय पर आवश्यक प्रतियोगिताएं के आयोजन का सुझाव दिया। जिसका सभी शिक्षकों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। पर्यवेक्षण अधिकारी पूर्ति निरीक्षक ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारम्भ किया। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष नवेन्दु मिश्र, रजनीश बाजपेई, उमेश कुमार, पावन मिश्र,अमित मिश्र, देवेश सिंह, अतुल शुक्ला, राखी सिंह, अनामिका पटेल, चेतना तिवारी, रीता पाल, प्रीती वार्ष्णेय आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# कैंडल मार्च निकालकर लगाए आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे

मिर्ज़ापुर( स्वतंत्र भारत )। करणी सेना के जिला अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफआक्रोश रैली एवं शोक सभा रखी गई। ढाई गांव तिराहे से श्री त्यागी जी आश्रम तक कैंडल मार्च निकालकर आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। जिला अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह ने सभी सनातनियो से अपील की कि देश में जम्मू कश्मीर से अच्छी-अच्छी जगह ट्रिप के लिए हैं जम्मू कश्मीर जाना बिल्कुल बंद कर दें। स्वता आतंकवाद घुटने टेक देगा जो मानीय प्रधानमंत्री जी का आधार व्यक्त किया। जो सऊदी अरब का दो दिन का दौरा तत्काल प्रभाव से छोड़कर भारत में आकर सिंध जैसे अहम फैसले लिए। बड़ी संख्या में करणी सेना के पदाधिकारियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ में दो मिनट का मौन रखकर नम आंखों से साथ उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस मौके पर विजय रघुवंशी, नेकराम कुशवाहा, फूलसिंह सक्सेना, राहुल वर्मा, सुबोध औदिच्य, सुधीर शर्मा, पंकज गुप्ता, आलोक शर्मा, सुनील सक्सेना, विष्णु गुप्ता, हरिओम गुप्ता, विकास सिंह, पवन मिश्रा, अवनीश मिश्रा बड़ी संख्या में सनातनी उपस्थित रहे।

# सामान्य ज्ञान क्वीज़ क्रेंचर, बैडमिंटन, तथा खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन



शाहजहांपुर। तक्षशिला पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता – क्वीज़ क्रेंचर, बैडमिंटन, तथा खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एस पी शाहजहांपुर श्री राजेश द्विवेदी, सुरेन्द्र सिंह सेठ, विद्यालय के निदेशक श्री अरुण खंडेलवाल, प्रबंधक मनु खंडेलवाल, प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल, पलक खंडेलवाल, उप प्रधानाचार्य श्री के सी जोशी के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा एवं परम पूज्य संत श्री त्यागी जी महाराज के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कक्षा ९ से १२ के विद्यार्थियों के मध्य कुल ६ चक्र में आयोजित की गई जिसमें सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, चित्र पहचानो, आवाज पहचानो, रैपिड फायर, सुनो कहानी आदि के आधार पर बच्चों से अत्यंत मनोरंजक प्रश्न पूछे गए। सभी टीमों का प्रदर्शन एक से बढ़कर एक रहा। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गंगा सदन, द्वितीय स्थान पर सतलुज सदन तथा तृतीय स्थान पर कृष्ण सदन रहा। खो-खो प्रतियोगिता कक्षा ६-८ के विद्यार्थियों के मध्य आयोजित की गई , जिसमें बालक वर्ग में सतलुज प्रथम, नर्मदा द्वितीय तथा गंगा सदन तृतीय स्थान , बालिका वर्ग में नर्मदा प्रथम, गंगा द्वितीय तथा कृष्णा सदन तृतीय स्थान पर रहा ।बैडमिंटन प्रतियोगिता कक्षा तीन से पांच के विद्यार्थियों के मध्य आयोजित की गई, जिसमें बालक वर्ग एकल में गंगा प्रथम, सतलुज द्वितीय तथा नर्मदा तृतीय, बालिका वर्ग एकल में नर्मदा प्रथम, सतलुज द्वितीय तथा गंगा तृतीय स्थान पर रहा। बालक वर्ग डबल्स में कृष्णा, गंगा तथा नर्मदा क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहा।बालिका डबल्स क्रमशः कृष्णा ,नर्मदा, सतलुज प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। मिक्स्ड डबल्स में गंगा, कृष्णा तथा सतलुज प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहा। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समन्वयक हेमंत अनेजा , खो-खो प्रतियोगिता पीटीआई राहुल यादव तथा बैडमिंटन प्रतियोगिता पीटीआई अतुल सुमन के निर्देशन में आयोजित की गई। अवसर पर मुख्य अतिथि एसपी श्री राजेश द्विवेदी ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनके द्वारा किए गए प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जीतने से ज्यादा महत्वपूर्ण सीखना तथा किसी भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना है। उन्होंने छात्रों को और बेहतर भविष्य की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक अरुण खंडेलवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए सभी के ज्ञान एवं बुद्धिमत्ता की सराहना की। खास तौर पर सभी प्रतिभागियों एवं दर्शक दीर्घा में बैठे छात्रों से उन्होंने कहा कि ज्ञान कभी भी व्यर्थ नहीं जाता। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने छात्रों के ज्ञान की प्रशंसा करते हुए उन्हें जीवन में ऐसे ही आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि ज्ञान आगे उनके जीवन में उनकी पहचान बनाने के लिए हमेशा काम आएगा उन्होंने मुख्य अतिथि प्रबंध समिति एवं प्रतियोगिता के आयोजक श्री हेमंत अनेजा एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में उप प्रधानाचार्य केसी जोशी एवं समन्वयक श्री शैलेंद्र सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम के आयोजन में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

### अज्ञात कारणों से गांव मे लगी आग, दमकल ने पाया काबू

अल्हागंज। थाना क्षेत्र के ग्राम भरथौली मे शुक्रवार दोपहर अचानक गांव के बीच कंडे की बठिंया मे आग लग गई, जब तक गांव के लोग कुछ समझ पाते आग ने तेज हवा के कारण सेवाराम, राजीव, कमलेश, मदनपाल और रामनाथ,राजेन्द्र की झोपड़ियों को चपेट मे ले लिया। इन लोगों की झोपड़ियों में रखा भूसा, अनाज, बिस्तर, चारपाई सहित अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। तेज हवा से कारण आग की बीच गांव मे उठी लपटों को देखकर अफ़रातफ़री मच गई। ग्रामीण ने समर सेबिल आदि से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। सूचना पाकर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फ़ायर ब्रिगेड को बुलाया। दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हलका लेखपाल मोहम्मद आजम ने बताया कि वे मौके का निरीक्षण कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेजेंगे।

# फंदे पर लटका मिला युवक का शव


## पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अल्हागंज( स्वतंत्र भारत )। नगर के मोहल्ला बगिया निवासी दुर्गेश उम्र ३१ वर्ष पुत्र अरविंद ने अपने घर की छत पर लगे कुंडे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को परीक्षण के लिए भेजा है। बताते हैं कि दुर्गेश अपने भाई अमन के साथ दिल्ली में रह रहा था विगत लगभग दो सप्ताह पूर्व दिल्ली से वापस लौटा था बीती रात्रि पूर्व दुर्गेश अपने घर में था किसी समय मौका पाकर अपने घर की कोठरी में घुस गया। जब परिजनों ने देखा तो होश उड़ गए, घर में जहां अमन चैन था वहीं को द्रश्य देखकर करुण क्रंदन में बदल गया, दुर्गेश की शादी लगभग सात वर्ष पहले फर्रुखाबाद की दीक्षा के साथ हुई थी। दीक्षा के दो पुत्रियां जिसमें पार्वती चार वर्ष राधिका दो वर्ष की है। सभी इस घटना को लेकर परिजन काफी दुखी हैं। दुर्गेश के आत्महत्या का कारण ज्ञात नहीं हो सका था। इस घटना को लेकर आसपास भी लोग शोक में डूबे हुए हैं। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में जिला मुख्यालय परिक्षण के लिए भेजा है।

# प्रदेश कमेटी द्वारा डा. शराफत जिलाध्यक्ष मनोनीत

जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )। प्रदेश अध्यक्ष विशांत गर्ग भारतीय पराचिकित्सीय एसोसिएशन भारत के प्रदेश कार्यालय द्वारा जिला कमेटी की घोषणा की गई है जिसमें शाहजहांपुर जनपद से डा. शराफत अली को प्रदेश अध्यक्ष ने शाहजहांपुर जनपद से जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है डा. शराफत अली मंसूरी ने एसोसिएशन के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी गणों का आभार व्यक्त है उन्होंने संगठन के लिए सदैव निष्ठा पूर्वक कार्य करने का भरोसा दिलाया है। यह जानकारी स्वयं डा. शराफत अली ने मीडिया को दी।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने की आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल,एवं समस्त व्यापारिक औद्योगिक संगठनों की ओर से हम पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए सामूहिक आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। यह एक अमानवीय एवं जघन्य कृत्य है, जिसे किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं किया जा सकता। सरकार इस आतंकी हमले का उपयुक्त और प्रभावशाली उत्तर देगी। पाकिस्तान प्रायोजित इस आतंकवाद के विरुद्ध भारत सरकार द्वारा यदि सिंधु जल समझौते को रद्द करना, पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के निर्देश देना अथवा अन्य कठोर कदम उठाना आवश्यक समझा जाता है, तो व्यापारी समाज उसमें पूर्ण रूप से सरकार के साथ खड़ा है। साथ में आपसे यह अपील भी करता है इस घटना में शामिल एक-एक व्यक्ति को ऐसा दंड मिलना चाहिए कि जो नजीर बन और कोई भी इस भारत मां की धरती पर दोबारा आंख उठाने की कोशिश ना करें। व्यापारी समुदाय इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ अपनी संवेदना एवं गहन दुख व्यक्त करता है। हम उनके दुःख में सहभागी हैं और हर परिस्थिति में राष्ट्र के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराते हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह जिला महामंत्री नाजिम खां जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता धर्मपाल रैना सुल्तान खा युवा जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल आदि मौजूद थे


# सर्विक्स कैंसर से बचाव एवम टीकाकरण की जानकारी दी

शाहजहांपुर। उड़ान एक उम्मीद संस्था ने सर्विक्स कैंसर के जागरूकता अभियान के अपना तीसरे चरण में गुरुनानक पाठशाला में नुपुर गुप्ता एवम महिला अध्यापिका, प्रधानाध्यापिका हरमीत कौर एवम समस्त महिला स्टाफ को संबोधित किया। निपुण नर्सिंग होम की वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. पुनीता अग्रवाल ने सर्विक्स कैंसर से बचाव एवम टीकाकरण की जानकारी दी एवम बहुत सरल और सहज तरीके से छात्राओ को एवम महिला शिक्षिकाओं को टीके का उपयोगिता बताई। संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने बताया की उनकी संस्था पिछले एक माह से जागरूकता कार्यक्रम कर रही है जिनमें आर्य कन्या इंटर कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज में जागरूकता कर चुकी है उनके सर्वेक्षण के अनुसार सर्विक्स कैंसर के टीके के प्रति जागरूकता बिल्कुल नहीं है। उनकी संस्था विभिन्न स्कूलों एवम अन्य जगहो पर निरंतर कार्यक्रम करती रहेगी ताकि भारत सरकार द्वारा नि शुल्क टीकाकरण में कोई भी ना छूट जाये। सर्विक्स कैंसर की जागरूकता के अतिरिक्त संस्था ने गुरुनानक पाठशाला की २ बच्चिया अम्बिका एवम काव्या जिन्होंने इसी वर्ष हाईस्कूल में बहुत अच्छे अंक हासिल किए हैं उन्हें संस्था ने गोद लिया एवम उनकी आगे की पढ़ाई का खर्चा उठाने का बीड़ा उठाया है और गुरुनानक स्कूल की प्रधानाध्यापिका हरमीत कौर ने उन बच्चियों को संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता से सम्मानित भी करवाया। कार्यक्रम में संस्था की सचिव सोनिया गुप्ता, संयुक्त सचिव रेखा मोदी , मीडिया प्रभारी रश्मि गुप्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में निपुण हॉस्पिटल की वरिष्ठ डॉक्टर डॉ पुनीता अग्रवाल , गुरुनानक पाठशाला की प्रधानाध्यापिका हरमीत कौर एवम सभी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।अंत में अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# थाना दिवस में सुनी शिकायतें, निस्तारण के निर्देश



मिर्ज़ापुर( स्वतंत्र भारत )। थाना परौर में प्रभारी निरीक्षक एवं राजस्व निरीक्षक ने थाना समाधान दिवस पर सुनी समस्याएं सुनी और कर्मचारियों को निराकरण के निर्देश दिए है। थाना परौर में निरीक्षक रामसुंदर सिंह एवं राजस्व निरीक्षक सुधाकर सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में ग्राम कोही निवासी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उसके गांव के रामवीर सिंह, शिव सिंह रास्ते में उपलों का बटौहा लगाकर रास्ता बंद करना चाहते हैं। अनीता पत्नी राम निवासी बरकीमई ने थाना समाधान दिवस में बताया कि उसने अपने ससुर मंगली का चार बीघा खेत खरीदा था। जेठानी धनका पत्नी स्वर्गीय कल्याण ने खरीदी हुई जमीन पर कब्जा नहीं करने देती हैं। अमर सिंह पुत्र राजपाल निवासी बहगो खेड़ा ने बताया कि उसकी जगह पर गांव के पुतुलाल अवैध कब्जाकर रहे हैं। दोनों अधिकारियों ने शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने का आदेश कर्मचारियों को दिया। थाना समाधान दिवस में लेखपाल योगेंद्र पाल, निर्मल कांत, संतोष कुमार, अभिषेक कुमार, लेखपाल कुंडलिया बॉस सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, राकेश कांत, अरविंद कुमार राजस्व निरीक्षक राम प्रसाद के अलावा थाना परौर के उप निरीक्षक प्रांजल सिंह, उप निरीक्षक प्रभा चौधरी, मुख्य आरक्षी शिवपाल सिंह के अलावा राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद रहे।



## जानलेवा बन गई जीवन बचाने की योजना

# धमाके के साथ फट गया साल भर पहले बना वाटर हेड टैंक

## सीएम योगी के भ्रष्टाचार मुक्त कार्य के दावे को भ्रष्टाचारियों ने लगा दिया पलीता

**खमरिया-खीरी। स्वतंत्र भारत**



इसे संयोग कहें या भ्रष्टाचारियों का दुर्भाग्य कि एक तरफ खीरी पहुंचे सीएम योगी सुशासन और भ्रष्टाचार मुक्त कार्य के दावे कर रहे थे तो दूसरी तरफ मातहतों के भ्रष्टाचार की नींव पर बना लाखों का निर्माण एक धमाके के साथ ढह गया। गनीमत रही कि जब हादसा घटा उससे चंद मिनट पहले ही वहां मौजूद मजदूर खाना खाने चले गए थे। वरना खम्भारखेड़ा मिल में हुए हादसे की भांति यहां भी कई जानें जा सकती थीं।

गौरतलब रहे कि पीएम मोदी की हर घर जल नल योजना के कर्ताधर्ताओं की नीयत पर सवाल खड़े होने लगे थे। जिसके चलते कुछ दिन पूर्व शासन स्तर से एक टीम योजना के तहत कराए गए या हो रहे वॉटर हेड टैंक की जांच करने पहुंची थी। हड़कंप तो मचा लेकिन यह आवाजाही औपचारिकता भर से ज्यादा नहीं थी। यह बात तब और सटीक हुई जब शुक्रवार को इस योजना के तहत ईसानगर क्षेथ्र के शेखपुर गांव में निर्मित टंकी एक धमाके के साथ फट गई। लाखों लीटर पानी चारों तरफ फैल गया। एक किसान की काटी हुई फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई।

ईसानगर क्षेत्र के शेखपुर गांव में बनी हर घर नल-जल योजना के तहत बनी पानी की टंकी शनिवार को दोपहर एक बजे के बाद अचानक फट गई,जिसके तेज धमाके को सुनकर लोग सहम गये। आनन फानन में बड़ी संख्या में लोग धमाके से हुई आवाज की तरफ भागे तो पता चला कि करीब एक साल से जिस टंकी का पानी पिया जा रहा था,उसी टंकी का दम निकल गया है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि यह टंकी बीटीएल कंपनी के अधीन चल रही थी,इसी कंपनी की एक टंकी कुछ दिन पहले कानपुर में भी फट चुकी है। यही नही ग्रामीण सतीश शुक्ला आदि ने बताया कि यह टंकी शुरू से ही भ्रस्टाचार के आकंठ में डूबी हुई थी,इसको बनाने वाले लोगों ने नियमो को ताक पर रखकर शायद यही दिन दिखाने के लिए घटिया निर्माण किया था।

### बाउंड्री वाल ढही, सोलर प्लेटें हुईं क्षतिग्रस्त

पानी की टंकी फटने से उसमें भरा हजारो लीटर पानी नीचे आ गया जिसकी चपेट में आकर परिसर में बनी बाउंड्री वॉल के साथ लगी सोलर प्लेटों को भारी नुकसान हुआ। यही नही पड़ोस में स्थित रोशन नाई के खेत पड़ी गेंहू की फसल में पानी भरने से वह लगभग पूर्णतया नष्ट हो गई। जिसको लेकर रोशन का परिवार परेशान हो उच्च अधिकारियों से शिकायत कर मुवावजा दिलाने के लिए मांग करने को कहा है।

### भूख ने बचा ली पांच मजदूरों की जान

पानी की टंकी चलने के दौरान गांव में वाल आदि बदलने का काम निपटा रहे मजदूर राजू मिश्रा,मोहन लाल शुक्ला,अंकित मिश्रा,लवकुश मिश्रा को चंद मिनट पहले भूख महसूस हुई तो वह टंकी परिसर के बाहर स्थित मौजूद आम की बाग में जाकर भोजन पानी करने लगें,यही नही पम्प की देखरेख कर रहे पैरू पुत्र सल्हू वह भी गांव की ओर पानी की सप्लाई देखने निकलकर कुछ ही दूर पहुचा था कि अचानक पानी की टंकी में धमाका हुआ और पानी सहित टंकी नीचे आ गिरी। इस बाबत मजदूरों ने बताया कि अगर वह सभी चंद मिनट पहले ही टँकी परिसर से न निकलते तो उनके साथ ब?ी दुर्घटना होना तय था।

## जो जिस भाषा में समझेगा उसे उसी भाषा में समझाएंगे-सीएम

### सीएम ने पहलगाम में हुए कायराना हमले की निंदा की

### सीएम ने नाव पर बैठकर देखा शारदा के चैनलाइजेशन का कार्य

### सीएम ने दिए 10 जून तक कार्य पूरा करने का निर्देश









**पलियाकलां। स्वतंत्र भारत**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की निंदा करते हुए यूपीवासियों की ओर से संवेदना व श्रद्धांजलि व्यक्त की। सीएम ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद-अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। भारत सरकार का सेवा, सुरक्षा व सुशासन का मॉडल विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत %जिस भाषा में समझेगा, उस भाषा में जवाब देने के लिए% नया भारत तैयार है। नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को पीएम मोदी के नेतृत्व में छोड़ेगा भी नहीं। जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत ही यूपी को माफिया, अराजकता, दंगा मुक्त किया और यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में लाकर खड़ा किया।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण, अनुदान, आवास व ट्रैक्टर की चाबी आदि प्रदान की। बाढ़ नियंत्रण की सकारात्मक पहल के लिए बिजुआ व पलिया ब्लॉक के किसानों ने मंच पर आकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी अब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रदेश है। यहां विश्व स्तरीय हाइवे, एक्सप्रेसवे का संजाल, रेलवे का बेहतरीन नेटवर्क, देश की पहली इनलैंड वाटर व रैपिड रेल चलती है। यहां के सर्वाधिक शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। बाढ़ हो या बीमारी की समस्या का स्थायी समाधान, नए भारत का नया उप्र इसके समाधान के लिए बखूबी आगे बढ़ा है।

सीएम ने कहा कि पिछले वर्ष पलिया व निघासन क्षेत्र के लोगों को बाढ़ से जूझते हुए देखा था, तब मैंने कहा था कि चिंता न कीजिए, इसके स्थायी समाधान का रास्ता निकालेंगे। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जलशक्ति विभाग बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए शारदा नदी को चैनलाइज करने जा रहा है। इससे किसान का खेत भी बचेगा और बाढ़ से बस्ती भी बचेगी। सात किमी. लंबा चैनल बनाने का कार्य हो रहा है। सीएम ने बताया कि अप्रैल के पहले सप्ताह में आना था, लेकिन मैंने कहा कि पहले काम शुरू करो। अब यह कार्य तेजी से बढ़ रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि सरकार जो पैसा खर्च करती है, वह मुख्यमंत्री-मंत्री का नहीं, बल्कि यह जनता के टैक्स का पैसा है। इसका सदुपयोग होना चाहिए। पहले प्रस्ताव आया था कि 180 करोड़ से तटबंध बनाया जाए। इससे किसानों की जमीन भी जाएगी। मैंने पूछा कि शारदा नदी में तीन-सवा तीन लाख क्यूसेक पानी आएगा तो मिट्टी का कीजिए, ड्रेजर मंगाइए और नदी को एक साथ चलने का रास्ता दीजिए, तब बाढ़ की तटबंध कैसे इसे रोक पाएगा। यह समस्या का समाधान नहीं है, नदी को चैनलाइज समस्या का समाधान होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि 180 करोड़ का काम मात्र 22 करोड में हो सकता है तो इस कार्य को 10 जून तक पूरा कर दीजिए। मानसून आएगा तो पानी पलिया, निघासन या लखीमपुर खीरी की तरफ नहीं जाएगा, बल्कि सरयू जी में मिलकर आगे बढ़ जाएगा। यदि इसे चैनलाइज कर देंगे तो पानी बिखरेगा नहीं, अपने रास्ते तय करते हुए आगे बढ़ जाएगा, जिससे किसान भी सुरक्षित रहेगा और उसकी खेती, घर, फसल, पशुधन भी सुरक्षित रहेगा। बाढ़ से जन-धन की हानि नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखीमपुर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। अब यहां मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी हो गया, जबकि सात वर्ष पहले यह सपना था। दुधवा नेशनल पार्क के माध्यम से पर्यटन की संभावना भी बढ़ेगी। लखीमपुर खीरी में एयरपोर्ट हो, इसके लिए पैसा भी दिया है। एयरपोर्ट सुहेली नदी व अन्य जलप्लावन से बचे, इसका भी निरीक्षण करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसान, युवा व आधी आबादी डबल इंजन सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है। सरकार ने किसानों के कर्ज माफी से कार्यों की शुरुआत की थी। हर किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दी जा रही है। हमने पहले दिन से ही कहा था कि किसी को भी किसानों के शोषण की इजाजत नहीं देंगे। 2017 के पहले किसानों का 10-10 वर्षों का गन्ना मूल्य बकाया रहता था, आज एक वर्ष पुराना भुगतान किसी का नहीं होगा। 122 में से 105 चीनी मिलें एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर रही हैं। शेष 17 मिलों में लेटलतीफी का समाधान निकाल रहे हैं। पैसा किसी का डूबेगा नहीं, क्योंकि चीनी मिल का कब्जा सरकार के पास है। अभी हमने एस्क्रो अकाउंट खोला है, यह ज्वाइंट एकाउंट होगा। जो भी चीनी बिकेगी, उसका पैसा पहले किसान के पास जाएगा, फिर चीनी मिल मालिक के पास। यदि किसी ने इसके बाद भी बदमाशी की कि चीनी मिल की नीलामी करके पहले किसानों को पैसा देंगे।

सीएम ने कहा कि बिना नाम लिए सपा को घेरा, बोले कि विकास, महिला, युवा, किसान विरोधी लोगों को जब शासन का अवसर मिला था तो यह लोग किसानों को आत्महत्या, युवाओं को पलायन पर मजबूर करते थे और पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देकर बेटी, बहन व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाते थे। आज शासन सबकी सुरक्षा के लिए मजबूती से कार्य कर रहा है। कांग्रेस व सपा जाति के नाम पर समाज को बांट रही है। यह छत्रपति शिवाजी, राणा सांगा का अपमान व क्रूर औरंगजेब-बाबर का महिमामंडन करते हैं। दो वर्ष पहले जब लौहपुरुष की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम चल रहा था, तब सपा मुखिया जिन्ना का महिमामंडन बदल दिया गया, यह लोग अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर करने जा रहे थे। हमारी सरकार ने कन्नौज मेडिकल कॉलेज फिर से बाबा साहब के नाम पर किया।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले शारदा नदी के चैनलाइजेशन के बारे में जानकारी ली। फिर यहां से नाव पर सवार हुए और नदी में जाकर वहां के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों व आवश्यक निर्देश भी दिए।

इस दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक हरविंदर कुमार उर्फ रोमी साहनी, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरि, लोकेंद्र प्रताप सिंह, योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, शशांक वर्मा, सौरभ सिंह सोनू, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, कमिश्नर रोशन जैकब, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल आदि मौजूद रहीं।

### सीएम की अपील- भूसा बैंक बनाइए

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली बार आया था तो खेतों में गेहूं व गन्ना की फसल थी। अब किसानों ने समय पर उसे समेट लिया है। सीएम ने अपील की कि फसल कट गई है तो आग न लगाइए, बल्कि भूसा बैंक बनाइए, गोमाता का आशीर्वाद बना रहेगा। भूसा में हरा चारा और चोकर मिलाकर खिलाएंगे तो गोवंश के दूध से आप व आपके बच्चे मजबूत होंगे। इससे दुश्मन के दांत खट्टा करने के लिए सीमाओं की रक्षा करने में सफल हो जाएंगे। इस दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और विधायक रोमी साहनी ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए।

### 400 गांव, ढाई लाख आबादी, 10 हजार हेक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाव में मिलेगी मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सुरक्षा, सेवा, स्वावलंबन व गरीब कल्याण के लिए कार्य कर रही है। शारदा नदी जैसे ही चैनलाइज होगी तो 400 गांव, ढाई लाख आबादी, 10 हजार हेक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाव में मदद मिलेगी। यहां के जनप्रतिनिधियों ने मिलकर बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए सरकार की मदद की है। मुख्यमंत्री ने 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम की बधाई दी। सीएम ने गोला गोकर्णनाथ में कॉरिडोर व दुधवा के विकास का भी जिक्र किया। बोले लखनऊ में जब तापमान 46 होगा तो दुधवा में 38 डिग्री तापमान होगा। पर्यटकों के आने से रोजगार की संभावना बढेगी।

## खबर एक नजर

### गंदगी देखकर नाराज हुई प्रधानाचार्य

**ओयल खीरी (स्वतंत्र भारत)।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल का प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ वाणी गुप्ता ने शनिवार दोपहर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वह गंदगी व मरीजों के बैठने के लिए डाली गई सीट को इधर-उधर बिखरा देखकर नाराज हुई और तत्काल प्रभाव से इसे सही करने के निर्देश दिए। अपने औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी सहित औषधि भंडारा कक्ष, मुख्य हाल का निरीक्षण किया। टूटी हुई कुर्सियों को तत्काल सही करने के निर्देश दिए। सभी कूलरों में नियमित पानी रखने, ओआरएस कॉर्नर बनाने, मरीज के लिए ठंडा पानी की व्यवस्था और बेहतर करने और ओपीडी में भी मरीज के बैठने की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके बाद वह प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पहुंची जहां पर वितरक से उन्होंने दावों की उपलब्धता के बारे में पूंछा जिस पर वितरक ने दवाएं उपलब्ध होने की बात कही।

### युवक का शव पेड़ में लटका मिला

**बिजुआ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** लखीमपुर के भीरा थाना क्षेत्र में मायके गयी पत्नी को घर लाने ससुराल गये पति की लाश संदिग्ध अवस्था में आम के पेड़ से लटकती मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरा मामला भीरा थाना क्षेत्र के अम्बारा गाँव का है। जहां 21 वर्षीय रमन अपने ससुराल अम्बारा पत्नी सोढ़ी को घर वापस लाने के लिए गया था लेकिन, ससुराल से करीब 200 मीटर दूर मृतक के फूफा शारदा के घर के पास एक आम के पेड़ में उसका शव शर्ट के फंदे से पेड़ से लटका मिला। रमन के परिवार वालों ने ससुराल वालों पर उनकी हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। हालांकि, इस घटना के बाद रमन के ससुराल पक्ष के सभी लोग डरे-सहमे हैं। पत्नी सोढ़ी से जब पूछा गया क्या पूरा मामला है? तो रोते हुए बोली ÷मेरा पति करीब तीन दिन पहले गोंडा से मजदूरी कर घर वापस आया था। गोंडा से वापस आकर दो दिन पसियापुरवा गाँव मे अपनी बहन के यहां रुका। उसके बाद शुक्रवार को वह यहां अम्बारा आये और अपने फूफा के यहां ही दिन भर धान की पौध लगाते रहे। उसी शाम को वह मेरे घर भी आये और रात 12 बजे शौच जाने के लिए कहकर निकले थे। इधर मैं काफी देर तक इंतजार करने के बाद यह सोचकर सो गई कि अपनी बुआ के यहां यह रुक गये होंगे। सुबह जब बुआ के यहां से फोन आया तो हम लोगो को इसकी जानकारी मिली। वहां गयी तो मुझ पर आरोप लगाते हुए बाल खीचकर भगा दिया गया।

### कमलनयन गुप्ता ने किया कस्बा टाप

**संसारपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** संसारपुर कस्बे के ग्राम बोझिया में स्थित राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका हाईस्कूल के कक्षा दस के छात्र कमलनयन गुप्ता उर्फ अर्जुन ने हाईस्कूल में 522 अंक लाकर 87त्न से परीक्षा उत्तीर्ण की कस्बे के तीन कालेजों में हाईस्कूल में ये सबसे ज्यादा अंक लाने वाले छात्र बने, कस्बे के जगदीश प्रसाद कन्या इंटर कालेज के अंशिब वर्मा 86.66त्न अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहे व सोबरन इंटर कालेज के छात्र अखलद अंसारी 85त्न अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहे, पहले स्थान पर रहे कमलनयन की माता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र पद पर कार्यरत हैं वहीं इनके पिता विनोद गुप्ता मीडिया कर्मी है, कमलनयन ने अपनी सफलता का श्रेय सभी शिक्षकों, माता पिता व बड़ी बहन को दिया। राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका हाईस्कूल की प्रधानाध्यापिका संध्या पांडे व अन्य शिक्षिकाओं ने कमलनयन को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया।

### संस्था ने किया 7 लाख का सहयोग

**संसारपुर बांकेगंज खीरी (स्वतंत्र भारत)।** एफआरसीटी की दो प्रमुख योजनाएं हैं। पहली योजना में सदस्य की मृत्यु पर सभी सदस्य 50 रुपए की मदद सीधे आश्रित के खाते में भेजते हैं। इससे 12 से 50 लाख रुपए तक की सहायता मिलती है। दूसरी योजना बेटी विवाह शगुन योजना है। मार्च में महराजगंज के सुरेश चंद्र की बेटी को 1.03 लाख रुपए मिले। इसी तरह सोनभद्र, बरेली, पीलीभीत, गोरखपुर, सहारनपुर, लखीमपुर और जौनपुर के विभिन्न परिवारों को 51 हजार से 55 हजार रुपए तक की सहायता दी गई। यह सहयोग पूल सिस्टम के माध्यम से किया जाता है। प्रति सदस्य मात्र 4 रुपए 54 पैसे का योगदान करते हैं। एफआरसीटी उत्तर प्रदेश की पहली टीम है जो इस तरह की सहकारिता से बेटियों की शादी में मदद कर रही है। संस्था की पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाता है। कोई भी पदाधिकारी सदस्यों से धनराशि नहीं लेता। जिला टीम द्वारा सत्यापन के बाद सदस्य सीधे लाभार्थी के खाते में राशि भेजते हैं।

### ओवरहेड टैंक का मोटर जला

**गोला गोकरननाथ खीरी** नगर पालिका परिसर में ओवरहेड टैंक भरने के लिए लगा मोटर हाई बोल्टेज आने के कारण जल चुका है। नगर पालिका कार्यालय के ओवरहेड टैंक में पानी चढ़ाने वाली मेन लाइन के वाल्व बहुत पुराने होने के कारण वाल्व में लीकेज आ गया है। जिससे ओवरहेड टैंक में पर्याप्त मात्रा में पानी स्टोर नहीं हो पा रहा है। मोटर व पाइपलाइन वाल्व के मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। जिसके कारण नगर पालिका स्तिथ ओवरहेड टैंक से सम्बंधित क्षेत्र मुन्नुगंज व पश्चिमी दीक्षिताना , ऊंची एवं नीची भूड़ में अगले 5 से 6 दिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक एवं शाम को 6 से 8 बजे तक पानी उपलब्ध हो पाएगा। पालिका प्रशासन ने असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। पालिका प्रशासन ने कहा है कि पानी का उपयोग समझदारी से करें। पालिका प्रशासन जल्द से जल्द समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। जल्दी ही मरम्मत कार्य पूरा कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। बाकी अन्य सभी वार्डों में मिनी पम्पों से जल आपूर्ति होती रहेगी।

### चांदपुर रोड पर दिखा बाघ

**मैलानी-खीरी।** मैलानी क्षेत्र में मैलानी से चाँदपुर जाने वाली रोड से कुछ ही दूरी पर बाघ ने एक जानवर को मार कर खा रहा था,उधर से जा रहे एक ग्रामीण ने देखा और लोगो को बताया।देखते ही देखते जहां बाघ था,वहां पर लगभग 150 लोगो की भी? जमा हो गयी थी।सूचना मिलने पर थो?ी देर बाद खुटार रेंज के रेंजर मनोज श्रीवास्तव,वन दरोगा भगवान सिंह,संतोष कुमार राघव मिश्र और होम गार्ड प्रभात कुमार सहित वन विभाग की टीम भी आ गई,फिर भी बाघ अपना शिकार छो? कर जाने के मूड में नही था।उसके बाद लोगो ने चिल्लाना शुरू किया उसके बाद बाघ जंगल मे भाग गया।लोगो मे बाघ की बहुत दहशत है।रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है और हम सब लोग बाघ की हर हरकत की निगरानी में हैं।

### हर घर जल पानी की टंकी निर्माण के लिए आपसी सुलह से बोरिंग का कार्य शुरू

**आजमगढ़।** फूलपुर आजमगढ़ नगर में कब्रिस्तान कमेटी की शिकायत पर एसडीएम संत रंजन ने हर घर जल पानी की टंकी निर्माण के लिए आपसी सुलह समझौता से बोरिंग का कार्य शुरू किया गया।इसके पहले उन्होंने जमीन की वस्तुस्थित की जानकारी लिया। आपसी सुलह समझौता बात चीत के बाद हर घर जल योजना की बोरिंग के चुना से चिह्नित किया गया।एसडीएम द्वारा शांति पूर्वक की गई इस कार्यवाही से सभी ने सराहना किया।काफी दिनो से चल रहे विवाद को देखते हुए मौके पर काफी संख्या में पुलिस फोर्स और राजस्व कर्मचारी को बुलाया गया था। इस दौरान एसडीएम संत रंजन ने दोनों पक्षों के बातों को गंभीरता से सुन कर कब्रिस्तान सामने और ट्रांसफार्मर के बीच किए अवैध कब्जे को ईओ विक्रम कुमार को सख्त निर्देश दिया।कब्रिस्तान कमेटी के लोग कब्रिस्तान के सामने किए गए अतिक्रमण को हटाने मांग काफी दिनो से कर रहे थे।

# जिहादी आतंकवाद व्यवस्थित युद्ध का हिस्सा है



**- हृदयनारायण दीक्षित**

दुनिया अनेक युद्धों की गिरफ्त में है। कहीं युद्ध जारी है और कहीं वैश्विक तनाव के कारण युद्ध की संभावनाएं हैं। भारत में कश्मीर के पहलगाम में हृदय विदारक जिहादी हमला हुआ है। इसे युद्ध कहना ज्यादा उचित होगा। यह स्वतंत्र घटना नहीं है। इसके पहले भी अनेक ऐसे ही हमले हुए हैं। क्या मुंबई के '26/11' के नाम से चर्चित नवंबर 2008 के हमले को केवल आतंकवादी घटना कहा जा सकता है? यह दरअसल अपने ढंग के जिहादी युद्ध का ही रौद्र रूप है। इस्लामिक विचारधारा के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप (इन दि पाथ ऑफ गॉड,पृष्ठ 46) ने कहा था जिहाद एक अंतरराष्ट्रीय धारणा है। यह संसार के इंसानों को दो भागों में बांटती है। एक दारुल हरब, जहां इस्लाम का राज नहीं है। दूसरा दारुल इस्लाम जहां इस्लामी राज्य है। जिहाद इन लोगों के मध्य निरंतर युद्ध की स्थिति है। इस्लामी चिंतन के विद्वान मौलाना मौदूदी कहते हैं, 'दीन की स्थापना के मकसद से हुकूमत पर कब्जा करने के लिए युद्ध की इजाजत है।' (इस्लामिक लॉ एंड कांस्टीट्यूशन, पृष्ठ 177, खुर्शीद अहमद)

दरअसल इस्लामी चिंतन में युद्ध एक अनिवार्य धारणा है। कुरान (2/216) में कहा गया है कि, 'तुम पर युद्ध अनिवार्य किया गया है।' यह भी हिदायत है, 'जो लोग अल्लाह के मार्ग में मारे जाएं, उन्हें मुर्दा न कहो बल्कि वह जिंदा हैं। कुरान (8.74) में कहा गया है,' जो अल्लाह के मार्ग में लड़ेगा, वह मारा जाय या विजयी हो, हम शीघ्र ही उसको बड़ा बदला देंगे। जिहादी युद्ध के लिए अपने जांबाज समर्थक तैयार करने के लिए ऐसी विचारधारा उपयोगी है। लगातार युद्ध की इस्लामी धारणा आतंकवादी समर्थक विचारकों के शोध का नतीजा नहीं है। इस्लामी विद्वानों के तमाम लेख और विचार दुनिया के चिंतनशील लोगों के लिए बेचैनी है। दुनिया को इस्लाम में शामिल करना उनका लक्ष्य है। जिहादी आतंकवाद व्यवस्थित युद्ध का हिस्सा है।

भारतीय दर्शन में सत्य की विजय का आश्वासन है। 'सत्यमेव जयते' की घोषणा मुण्डकोपनिषद में है। मगर जीवन में सत्य की विजय प्रायः नहीं दिखाई पड़ती। संसार में शक्ति की विजय ही दिखाई पड़ती है। इसे भारतीय विचार में 'मत्स्य न्याय' कहा गया है और यूरोप में 'सर्वाइवल ऑफ फिटेस्ट'। छोटी मछली बड़ी मछली खा जाती है। बड़ी मछली को मछुआरे पकड़ लेते हैं। वन में शेर बलवान है। वह वनराज है। छोटे जीवों को बड़े जीव खा जाते हैं। कठोपनिषद में कहा गया है कि आत्मतत्व का ज्ञान बलहीन को नहीं मिलता-नायेनात्मा बलहीन लाभ्यो। संसार कर्म क्षेत्र है। युद्ध क्षेत्र है। धर्म क्षेत्र है। शक्ति की विजय भौतिक अध्ययन के निष्कर्ष हैं। सारी दुनिया के इतिहास में युद्धों के किस्से हैं। पिता शाहजहां को औरंगजेब द्वारा पीने का पानी न उपलब्ध कराने की घटना महत्वपूर्ण है। परिवार में भाई द्वारा भाइयों की हत्या के उदाहरण भी तमाम हैं। क्या युद्ध मानव जाति का स्वभाव है?

भारतीय चिंतन में शक्ति का महत्व है। श्रीराम विश्व मानवता के मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। स्वाभाविक महानायक हैं। गीता में श्रीकृष्ण श्रेष्ठ विभूतियों का उल्लेख करते हैं। कहते हैं, 'ऋतुओं में बसंत मैं हूं। नदियों में गंगा मैं हूं। वृक्षों में पीपल का वृक्ष मैं हूं। शस्त्रधारियों में शस्त्रधारी श्रीराम मैं ही हूं।' श्रीराम के अनेक रूप हैं। लेकिन शस्त्रधारी श्रीराम की बात ही दूसरी है। भारतीय देव प्रतीकों में शस्त्रधारियों की संख्या कम नहीं है। परमवीर हनुमान वज्रधारी हैं। परशुराम फरसा धारण करते हैं। ऋग्वेद में रुद्र बिजलियां गिराते हैं। दुर्गा देवी अनेक शस्त्र धारण करती हैं। श्रीकृष्ण सुदर्शन चक्र धारण करते हैं। वैदिक देवता इंद्र शस्त्र धारण करते हैं। भौतिकवादी दृष्टि से गीता का पूरा दर्शन युद्ध भूमि के तनाव की प्रेरणा है। अर्नाल्ड टायनबी ने 'दि स्टडी ऑफ हिस्ट्री' में सभ्यताओं के जन्म की परिस्थितियों का विवेचन किया है। उन परिस्थितियों का भी विवेचन है, जिनमें सभ्यताओं का पतन होता है। डॉ. राधाकृष्णन ने एक भाषण माला (1924) में कहा था कि, 'सभ्यता मनुष्यों द्वारा आसपास की परिस्थितियों के साथ कठिन सम्बंधों में तालमेल बिठाने का परिणाम होती है।' टायनबी ने इस प्रक्रिया को 'चुनौती और प्रतिभावन' के ढंग की प्रक्रिया माना है। बदलती हुई परिस्थितियां समाजों के लिए चुनौती के रूप में सामने आती हैं और उनका सामना करने से भी सभ्यताओं का जन्म और विकास होता है।' अपने आप को परिस्थितियों के अनुकूल ढालने के अनवरत प्रयत्न का नाम जीवन है। जब हम अपने आपको सफलतापूर्वक उनके अनुकूल ढाल लेते हैं, तब हम प्रगति कर रहे होते हैं और जब बर्बरता चुनौती देती है तो युद्ध अनिवार्य हो जाता है। इसी भाषण माला में डॉ0 राधाकृष्णन ने कहा है कि, 'युद्ध अच्छे उद्देश्यों को पूरा करने के साधन है।' यहां कुछ उद्धरण दिए जाते हैं जिनसे यह बात स्पष्ट हो जाएगी। नीत्शे का कथन है, 'जो राष्ट्र दुर्बल और दयनीय होते जा रहे हैं, उनके लिए, युद्ध को औषधि के रूप में सुझाया जा सकता है।' उसने कहा, 'पुरुषों को युद्ध का प्रशिक्षण दिया जाए। बाकी सब बातें बेहूदा हैं।' यदि उद्देश्य अच्छा हो, तो उसके कारण युद्ध तक को भला समझा जा सकता है। अच्छे युद्ध के कारण किसी भी उद्देश्य को भला समझा जा सकता है। गीता में, 'परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्-युद्ध का उद्देश्य है।' रस्किन का कथन है, 'महान राष्ट्रों ने अपने




विचारों की सत्यता और सफलता को युद्धों में ही पहचाना है। युद्धों द्वारा वे राष्ट्र पनपे और शांति द्वारा नष्ट हो गए।' युद्ध में उनका जन्म हुआ और शांति में वह मर गए। मोल्टेक ने कहा, 'युद्ध परमात्मा के संसार का आंतरिक अंग है, जो मनुष्य के सर्वोत्तम गुणों का विकास करता है। स्थाई शांति केवल एक स्वप्न है और वह भी कोई सुंदर स्वप्न नहीं।' बर्नहार्डी ने घोषणा की युद्ध एक प्राणी शास्त्रीय आवश्यकता है। यह मानव जाति के जीवन में एक अनिवार्य नियामक वस्तु है। युद्ध के अभाव में घटिया और चरित्रहीन जातियां स्वस्थ और सशक्त जातियों पर हावी हो जातीं और परिणामस्वरुप पतन ही होता। युद्ध नैतिकता का एक अनिवार्य उपकरण है। यदि स्थितियों के कारण आवश्यकता हो, तो युद्ध करवाना न केवल उचित है, अपितु राजनीतिज्ञों का नैतिक और राजनीतिक कर्तव्य भी है। ओसवाल्ड स्पैंगलर लिखता है, 'युद्ध उच्चतर मानवीय अस्तित्व का शाश्वत रूप है। राष्ट्रों का अस्तित्व ही केवल युद्ध करने के लिए है।' आर्थर कीथ ने 1931 में ऐबर्डीन विश्वविद्यालय में भाषण देते हुए कहा था, 'प्रकृति अपने मानवीय उद्यान को छंटाई द्वारा स्वस्थ बनाए रखती है। युद्ध उसकी कतरनी है। हम उसकी सेवाओं के बिना काम नहीं चला सकते।' सभी राष्ट्रों में ऐसे व्यक्ति हुए हैं, जिन्होंने युद्ध को शक्ति प्रदान करने वाले के रूप में स्तुति की है। कहा जाता है कि युद्ध से साहस, स्वाभिमान, निष्ठा और वीरता जैसे उच्च गुणों का विकास होता है। लेकिन भारत युद्ध प्रिय देश नहीं है। यह गाँधी, बुद्ध, विवेकानन्द व हेडगेवार का देश है।

हम पर युद्ध थोपा गया है। अब युद्ध का कोई विकल्प नहीं। राष्ट्र मर्माहत है। भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जवाबी कार्रवाई शुरू कर रहा है। गृह मंत्री अमित शाह प्रतिपल सजग व सक्रिय हैं। राजनाथ सिंह सेना की बैठकें कर रहे हैं। विपक्ष ने पूरे सहयोग का आश्वासन दिया है। गीता के प्रवचन के अंत में संजय ने कहा, 'यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः। तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम। (गीता 18.78)-जहाँ श्रीकृष्ण और धनुर्धर अर्जुन हैं, उसी पक्ष की विजय सुनिश्चित है।''

# 'मज़हबी उन्माद का घिनौना चेहरा है आतंकवाद'

किसी भी भूभाग पर रहने वाले लोगों का जीवन उस भूभाग पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर ही निर्भर रहता है। इसलिए पृथ्वी का जो भूभाग व्यक्ति के लिए अन्न, जल व



**- डॉ. सुधाकर आशावादी**

आवास की व्यवस्था करता है। उस भाग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना व्यक्ति का प्रथम दायित्व होना चाहिए। विश्व भर में ऐसा ही है जहां राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से प्रत्येक नागरिक राष्ट्र के प्रति समर्पित रहता है । कई देशों का विधान ही ऐसा है, जहां व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत आस्थाओं के अनुपालन में राष्ट्र धारा के प्रतिकूल आचरण करने का दुस्साहस नही कर सकता। विडंबना है कि भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में मज़हब के नाम पर लोगों को मनमानी की छूट प्राप्त है, जिस कारण कुछ लोग मज़हबी उन्माद में जीयो और जीने दो के सिद्धांत की अवहेलना करने में पीछे नहीं रहते, जिसके परिणाम स्वरूप देश में धार्मिक उन्माद आतंकवाद जैसी अमानवीय हिंसा को निमंत्रण देता है।

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के उपरांत सैलानियों की सुरक्षा और गुप्तचर एजेंसियों की विफलता पर सवाल तो उठेंगे ही, मगर इस आतंकी हमले में समूचे देश में विगत अनेक बरसों से राष्ट्र से पहले मजहब को मानने का प्रचलन भी कम दोषी नहीं है। कौन नहीं जानता कि किसी भी पंथ निरपेक्ष राष्ट्र में सभी को अपने अपने धार्मिक मूल्यों के आधार पर पूजा पद्धति अपनाने और सांस्कृतिक व परम्परागत उत्सव मनाने का अधिकार है, किन्तु यह अधिकार राष्ट्रीय एकता और अखंडता पर प्रहार करने तथा राष्ट्र्य अनुशासन को अस्वीकार करने की स्वतंत्रता प्रदान नहीं करता। किसी भी समृद्ध लोकतंत्र में आम आदमी के लिए दो विधान नहीं हो सकते। भारत का दुर्भाग्य है कि कतिपय राजनीतिक स्वार्थ के चलते कुछ राजनीतिक दलों ने सत्ता बहुमत के आधार पर संविधान में मनमाने संशोधन करके खास धर्म के अनुयायियों को विशेषाधिकार प्रदान किए। अल्पसंयकों में भी भेदभाव किया। अल्पसंख्यकों की गणना हेतु समुचित मानक निर्धारित नहीं किए, जिसका दुष्परिणाम यह हुआ कि अल्पसंख्यक होने का अधिकाधिक लाभ केवल एक ही मजहब के अनुयायियों ने अधिक उठाया। सरकारी योजनाओं के नाम पर फर्जी संस्थान स्थापित करके करोड़ों रुपये के अनुदान प्राप्त किए। बिना किसी आधार के सरकारी और व्यक्तिगत सम्पत्तियों को वक्फ की संपत्ति घोषित करके समाज में विघटनकारी स्थिति उत्पन्न की। देश की संसद में भी अपने अनुरूप संविधान में संशोधन कराया तथा माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयों को भी अपने मजहबी मामलों में दखल घोषित करके नकारा। इतिहास साक्षी है कि विश्व के किसी भी लोकतांत्रिक देश में ऐसी दबाव की एक पक्षीय नीतियों को कोई मान्यता नहीं दी जाती। विश्व में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से ही व्यवस्था सुचारू रहती हैं। जिन मजहबी रिवायतों को इस्लामिक राष्ट्र भी अपने देश में लागू नहीं करते, उन मजहबी रिवायतों के नाम पर भारत में धरने प्रदर्शन करके राष्ट्र को नकारने में भी संकोच नहीं किया जाता। यह चिंताजनक स्थिति है, जिससे निपटने के लिए एक देश एक कानून और समस्त लोकतान्त्रिक मूल्यों को धार्मिक आस्थाओं से ऊपर उठकर स्वीकारने पर बल दिया जाना आवश्यक है। भारत जैसे देश में मजहब के नाम पर कट्टरपन और आतंक को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जा सकता। सो आवश्यक है कि संविधान से अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक जैसे शब्दों की जगह केवल नागरिक शब्द को मान्यता दी जाए। कोई भी मजहब राष्ट्र से बड़ा नहीं हो सकता, सो समान नागरिक संहिता, कठोर जनसंख्या नीति, नागरिक पंजीकरण की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर हो। राष्ट्र के समग्र विकास और आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु मुफ्त में प्रदान की जाने वाली सुविधाएं तत्काल प्रभाव से बंद हों।

यदि समय रहते मजहबी उन्माद को नहीं रोका गया, तो वह दिन दूर नहीं, कि जब कट्टरपंथी सिर्फ कश्मीर में ही नहीं, बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी धर्म पूछकर अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने से का दुस्साहस न करें। सो समय से ही यदि आतंकियों पर कठोर कार्यवाही अपेक्षित है।

## ।। चाणक्य नीति ।।

✦✦✦

**धनहीनो न हिनश्च धनिकः सः सुनिश्चयः।**
**विद्यारत्नेन हीनो यः सः हीनः सर्ववस्तुषु ॥**

धनहीन होने पर किसी को निर्धन नहीं कहा जा सकता, वह तो निश्चित रूप से धनिक है। जो व्यक्ति विद्यारत्न से हीन है, वह संसार की सभी वस्तुओं से हीन है, अर्थात् सबसे बड़ा निर्धन है; क्योंकि सच्चा धन तो विद्या है।

✦✦✦

**दृष्टिपूतं न्यसेत् पादं वस्त्रपूतं पिबेज्जलम्।**
**शास्त्रपूतं वदेद् वाक्यं मनःपूतं समाचरेत् ॥**


मार्ग में चलने से पहले उसे अपनी आंख से भली प्रकार देख लेना चाहिए, जल को वस्त्र से छानकर पीना चाहिए, शास्त्र द्वारा संशोधित वाणी ही बोलनी चाहिए तथा पवित्र मन से ही दूसरों के साथ व्यवहार करना चाहिए।

✦✦✦

**सुखार्थी चेत् त्यजेद् विद्यां चेत् त्यजेत् सुखम्।**
**सुखार्थिनः कुतो विद्या विद्यार्थिनः कुतो सुखम्॥**

जो व्यक्ति सुख की इच्छा रखता है, उसे विद्या-प्राप्ति की आशा को सहयोगी छोड़ देना चाहिए और यदि वह विद्या प्राप्त करना चाहता है, तो उसे सुख का परित्याग करने के लिए तैयारी करनी चाहिए; क्योंकि सुखार्थी को विद्या और शिष्यों को सुख कभी प्राप्त नहीं हो पाता।

## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

ग्रामीणों का यह छो दल अपनी विपन्नता से बेखबर सन्तोष और धैर्य में मगन चला जा रहा था। ब के लिए नगर की सभी चीजें अनोखी थीं। जिस चीज की ओर ताकते, ताकते है रह जाते। और पीछे से बार-बार हॉर्न की आवाज होने पर भी न चेतते। तो मोटर के नीचे जाते-जाते बचा।

सहसा ईदगाह नजर आया। ऊपर इमली के घने वृक्षों की छाया। नीचे पह फर्श है, जिस पर जाजिम बिछा हुआ है। और रोजेदारों की पंक्तियां एक के ए एक न जाने कहां तक चली गयी हैं, पक्के जगत के नीचे तक, जहां जाजिम नहीं है। नये आने वाले आकर पीछे की कतार में खड़े हो जाते हैं। आगे का नहीं है। यहां कोई धन और पद नहीं देखता। इस्लाम की निगाह में सब बरस हैं। इन ग्रामीणों ने भी वजू किया और पिछली पंक्ति में खड़े हो गये। कितना मुरा संचालन है, कितनी सुन्दर व्यवस्था ! लाखों सिर एक साथ सिजदे में झुक ह हैं, फिर सब-के-सब एक साथ खड़े हो जाते हैं, एक साथ झुकते हैं और एक साथ घुटनों के बल बैठ जाते हैं। कई बार यही क्रिया होती है, जैसे बिजली में लाखों बत्तियां एक साथ प्रदीप्त हों और एक साथ बुझ जायें, और यही क्रम चला रहे। कितना अपूर्व दृश्य था, जिसकी सामूहिक क्रियाएं, विस्तार और अनन्त हृदय को श्रद्धा, गर्व और आत्मानन्द से भर देती थीं, मानो भ्रातृत्व का एक मूर इन समस्त आत्माओं को एक लड़ी में पिरोये हुए है।

नमाज खत्म हो गयी है। लोग आपस में गले मिल रहे हैं। तब मिठाई और खिलौने की दुकानों पर धावा होता है। ग्रामीणों का यह दल इस विषय में बालों से कम उत्साही नहीं है। यह देखो, हिंडोला है। एक पैसा देकर चढ़ जाओ। कर्म आसमान पर जाते हुए मालूम होंगे, कभी जमीन पर गिरते हुए। यह चीं। लकड़ी के हाथी, घोड़े, ऊंट छड़ों से लटके हुए हैं। एक पैसा देकर बैठ जाओ और पच्चीस चक्करों का मजा लो। महमूद और मोहसिन और नूरे और सम्मी इन घोड़ों और ऊंटों पर बैठते हैं। हामिद दूर खड़ा है। तीन ही पैसे तो उसके पान हैं। अपने कोष का तिहाई जरा-सा चक्कर खाने के लिए नहीं दे सकता।

सब चर्खियों से उतरते हैं। क्रमशः...

## ।। अमृत कलश।।

### धर्म का पाखंड क्यों?

एक ब्राह्मण धर्म-कर्म में निमग्न रहता था। उसने जीवनभर पूजा-पाठ किए बिना कभी भी अन्न ग्रहण नहीं किया था। जब वृद्धावस्था आई तो वह बीमार पड़ गया और अपना अंत समय निकट जानकर विचार करने लगा, काश! प्राण निकलने से पूर्व मुझे गंगाजल की एक बूंद मिल जाती तो मेरे पापों का नाश हो जाता और मुझे मुक्ति मिल जाती।

तभी कबीरदास घूमते-घामते उस ब्राह्मण के घर पहुंचे और उसकी कुशल-क्षेम पूछकर कुछ सेवा करने की अभिलाषा व्यक्त की। उस ब्राह्मण ने कहा, बेटा, मैं सेवा करवाने का इच्छुक तो नहीं हूं लेकिन तुम्हारी सेवा भावना है तो मुझे एक लोटा गंगाजल लाकर दे दो। मैं मरने से पूर्व गंगाजल का सेवन कर पापों से मुक्ति चाहता हूं। कबीरदास गंगा किनारे गए और अपने ही लोटे में गंगाजल ले आए। ब्राह्मण ने जब देखा कि कबीरदास अपने लोटे में ही गंगाजल लाए हैं तो वह बोला, तुम्हें अपने लोटे में गंगाजल लाने के लिए किसने कहा था। जुलाहे के लोटे से गंगाजल ग्रहण कर मैं पापों से कैसे मुक्त हो सकूंगा। इससे तो मेरा धर्म भी भ्रष्ट हो जाएगा। कबीरदास बोले, हे ब्राह्मण देवता! जब गंगाजल में इतनी ही शक्ति नहीं है कि वह जुलाहे के लोटे को पवित्र कर सके, तब आपको उस जल से कैसे मुक्ति मिल पाएगी? कबीरदास का प्रश्न सुनकर वह ब्राह्मण निरुत्तर हो गया और निर्निमेष उनकी ओर ही देखने लगा।



## काँव-काँव



✦✦✦

**भारत छोड़ो आंदोलन में बहुगुणा रहे आगे-योगी**

हिंदू महासभा के नेता अंग्रेजों के साथ थे!

**ब्रिटेन अमेरिका के इशारे पर पाले आतंकी-पाक**

मतलब मासूमियत की भी एक हद होती है!

**राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार के साथ-राहुल**

हमारी यही बात दुश्मनों को अच्छी नहीं लगती!

**पाकिस्तानियों को तलाश कर वापस भेजें-शाह**

घाटी में घुसे सैकड़ों आतंकियों का पता नहीं!

**मौजूदा संघर्ष धर्म और अधर्म के बीच-भागवत**

पूरी भागवत कथा इसी कथानक पर टिकी है!

**यूपी बोर्ड परीक्षा में लड़कियों ने किया कमाल**

लड़कों के पास पढ़ाई से ज्यादा जरूरी काम!

**भारत-पाक तनाव से सेंसेक्स धड़ाम**

करे कोई, भरे कोई!

**रेलवे और कश्मीरी पंडित निशाने पर**

कश्मीर की यही दो नाजुक नब्ज हैं!

✦✦✦

# ...तो पर्दे के पीछे से 'खेला' कर रहा है चीन

भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने की भूमिका वर्षों पहले शुरू कर दी गई थी। फिर यह बात जब तय हो गई कि अब बंटवारा होकर ही रहेगा, तो प्रश्न यह उठने लगा कि इसका आधार क्या होगा? तब एक चुनाव हुआ जिसमें बढ़-चढ़कर हिंदू और मुसलमानों ने भाग लिया। निश्चय हुआ कि इस चुनाव में जिस तरफ जिसका बहुमत साबित होगा, उसी के अनुसार दो देश होंगे। एक तो हिंदुस्तान ही रहेगा, नए



**- निशिकांत ठाकुर**

देश का नाम पाकिस्तान होगा। चूंकि संयुक्त पंजाब के आधे भाग के साथ पूर्वी बंगाल में भी मुस्लिम लीग को बहुमत मिला था, लेकिन इसके बावजूद कहा गया कि जिन्हें जिन्हें पाकिस्तान जाना हो, वे उधर जा सकते हैं और जिन्हें भारत की धरती प्यारी है, वह भारत में रह सकते हैं। इस अदला-बदली में काफी खून-खराबा हुआ और पाकिस्तान तथा पूर्वी पाकिस्तान का निर्माण हुआ। भारत दो खंडों में बंट गया। भारत हिंदू बहुल, तो पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान मुस्लिम बहुल देश बन गए। जिनके लिए भारत की जमीन प्यारी थी, वह हिंदुस्तान को अपने पूर्वजों की धरती मानकर किसी बहकावे में न आकर भारत में ही रहकर अपनी उदारता का परिचय दिया। इसी प्रकार जो हिंदू मुस्लिम पाकिस्तान की मिट्टी को अपनी जमीन मानते थे, वे पाकिस्तान-पूर्वी पाकिस्तान के हो गए। भारत के बंटवारे का लगभग यही इतिहास है, लेकिन इसे आज इसे कई नजरिये से देखा जाता है। उस पर बाद में कभी बात होगी।

अंग्रेजों ने अपनी नीति इस तरह बनाई थी कि हिंदू और मुस्लिम कभी साथ न मिल सकें। वे रेल की पटरियों की तरह चलें तो साथ-साथ, लेकिन कहीं मिल न पाएं। इसलिए दोनों समूहों के बीच दंगे-फसाद होते रहे और अंग्रेज इसका लाभ उठाते रहे। पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान का भारत से अलग होने के कई कारणों में एक यह भी कारण रहा, जिसका बेजा लाभ अंग्रेज उठाते रहे और भारत-पाकिस्तान बनाकर अपने देश लौटकर चले गए। जो मुस्लिम पाकिस्तान चले गए, वे आज भी वहां उपेक्षित हैं और मुज़ाहिर कहलाते हैं। फिर समय-समय पर होने वाले दंगे में अपने पछतावे पर आंसू बहाते रहते हैं और अल्पसंख्यक होने के कारण अपनी इज्जत भी गंवाते रहते हैं। वर्ष 1971 में भारत के विशेष सहयोग से पूर्वी पाकिस्तान कटकर बांग्ला देश बना, लेकिन कुछ समय तक तो बांग्ला देश भारत का ऋणी रहकर भारत के लिए समर्पित रहा, लेकिन वह केवल दिखावा था। आज वहां हिन्दू उपेक्षित हैं। भारत से ही अपनी खुन्नस उतारकर बांग्ला देश समय-समय पर आंखें दिखाता रहता है। वैसे भारत में यदि कुछ होता है, तो वह उसका निजी मामला है और यदि बांग्ला देश में दंगे या कोई अत्याचार अल्पसंख्यकों पर होता है, तो यह उसका भी निजी आंतरिक मामला है। लेकिन, जब किसी समुदाय विशेष पर अत्याचार होता है, तो फिर वह किसी देश का निजी मामला नहीं हो सकता है। लेकिन, आज बांग्ला देश ही नहीं, जहां भी हिन्दू अल्पसंख्यक हैं, वहां जब जानबूझकर अल्पसंख्यक के नाम पर उन्हें सताया जाने लगता है, वह अंतर्राष्ट्रीय मामला हो जाता है। भारत के मामले में चाहे पाकिस्तान ही क्यों ना हो, वहां के हिंदू भी अत्याचार के शिकार होने लगे हैं। आज तो स्थिति यह है कि भारत की आंतरिक घटनाओं पर भी बांग्ला देश सलाह देने लगा है। बताते चलें कि भारत द्वारा जब सीमा पर तार लगाने की बात आई थी, तब भी ढाका में बांग्ला देश के अधिकारियों ने भारतीय अधिकारी को आँखें तरेर करके चेतावनी दी थी। उसके बाद तो ऐसा लगातार होने लगा, जब बांग्ला देश भारत के आंतरिक मामलों में भी हस्तक्षेप करने लगा और भारतीय अधिकारियों को ज्ञान देने लगा। दूसरी तरफ पाकिस्तान का तो भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना मानो जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी क्रम में देखें तो पिछले दिनों जब भारतीय संसद ने वक्फ संशोधन कानून संसद में पेश किया, तो उस पर भी उसने टिप्पणी की थी। फिर बांग्ला देश क्यों पीछे रहता! वह भी भारत के पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए दंगों को लेकर हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया है और आपत्तिजनक बयान दिया है, जिसे भारत ने खारिज कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणवीर जायसवाल ने ढाका में कहा भारत बांग्ला देश की टिप्पणी को खारिज करता है। जायसवाल ने कहा कि बांग्ला देश अपने यहां हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर ध्यान दे, न कि भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करे।



बांग्ला देश का जन्म ही 1971 में भारतीय सैनिकों द्वारा पाकिस्तान के लगभग एक लाख सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने के साथ हुआ था, क्योंकि वहां पाकिस्तानी शासकों और सैनिकों द्वारा हिंसक कार्य किया जा रहा था। लेकिन, बांग्ला देश के तत्कालीन नेता मुजीबुर्र रहमान की याचना पर जनरल मानिक शाह को इस अभियान के लिए प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कार्यभार सौंपा, और जनरल मानिक शाह ने वह कर दिखाया जो विश्व पटल पर इतिहास बन गया। जनरल मानिक शाह के निर्देशन में पाकिस्तान के लगभग एक लाख सैनिकों को उनके ही देश में घेरकर समर्पण करने के लिए मजबूर किया, जिसके कारण विश्व के नक्शे पर बांग्ला देश स्थापित हो सका। लेकिन, हद तो तब हो गई जब बांग्ला देश के सैनिकों ने सरकार का तख्ता पलटने के लिए एक साजिश के तहत मुजीबुर्र रहमान सहित उनके पूरे परिवार को गोलियों से भून दिया। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद तीन साल तक मुजीबुर रहमान बांग्ला देश के प्रधानमंत्री के रूप में सरकार का नेतृत्व किया था।

अब आज की स्थिति को फिर से देखते हैं। पाकिस्तान का भारत के प्रति हिंसक रूप तो शुरू से ही रहा है, लेकिन 1971 में पूर्वी पाकिस्तान बांग्ला देश के निर्माण को लेकर वह भारत को आरोपित करता रहा और भारत को इसका साजिशकर्ता बताता रहा। अब भारत बांग्ला देश के साथ सदैव सदाशयता दिखाता रहा तथा हर मामले में उसकी मदद करता रहा, लेकिन यह इस देश का दुर्भाग्य रहा है कि जिस जिसने लोकतंत्र की बहाली के लिए पाकिस्तान की मदद की, उन सभी से इसने दुश्मनी मोल ली और अब तो भारत से भी पंगा लेने से बाज नहीं आ रहा है। भारत की मीडिया में जो बात अब तक सामने आई है, उसमें यह कहा गया है कि बांग्ला देश उस समय से भारत के खिलाफ उग्र धारण कर चुका है, जब से भारत ने उसके तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने यहां शरण दिया है। भारत का प्रयास तो सदैव यही रहा है कि वह अपने पड़ोसियों के साथ मित्रता का व्यवहार करे, जिसका पालन वह करता भी है, लेकिन किसी विदेशी और विशेष रूप से चीन की आक्रामक नीति के कारण वह कमजोर होता जा रहा है। ऐसा किन कारणों से हो रहा है, निश्चित रूप से इसकी जांच होनी चाहिए और इसका पता लगाया जाना चाहिए कि भारत के प्रति इस प्रकार आक्रामक नीति अपनाकर चीन हमें क्यों घेर रहा है? श्रीलंका, बांग्ला देश, नेपाल... जिसके भी साथ हमारा पुराना और मैत्रीपूर्ण संबंध रहा है, वे आज हमसे दूर क्यों होते जा रहे हैं और हमें ही लाल आंखें क्यों दिखा रहे हैं! निश्चित रूप से पाकिस्तान और चीन के पीछे खड़े होकर वह भारत के प्रति अनर्गल प्रलाप कर रहा है और हमारे आंतरिक मामलों में बार बार हस्तक्षेप कर रहा है। जब तक किसी को दूसरे की शक्ति का आभास नहीं होता, कोई अपने से बड़े ताकतवर से नहीं टकरा सकता। बांग्ला देश, श्रीलंका, पाकिस्तान और नेपाल आखिर किसके बल पर भारत जैसे मजबूत और शक्तिशाली देश से टकराने की हिम्मत कर रहा है? यह बड़ा ही गंभीर अंतर्राष्ट्रीय मामला है।


# ऐसे बनाएं आंगन खूबसूरत और आकर्षक



घर का आंगन घर का वो हिस्सा होता है, जो न केवल घर की सुंदरता को बढ़ाता है, बल्कि वह घरवालों को ताजगी और शांति का अहसास भी कराता है। अगर आप चाहते हैं कि आपका आंगन खूबसूरत और आकर्षक दिखे, तो कुछ खास चीजों को अपनाकर आप इसे सजाने का काम कर सकते हैं। आइए जानते हैं, घर के आंगन को खूबसूरत लुक देने के लिए कौन-कौन सी चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**फूलों की बगिया**

फूलों की रंग-बिरंगी बगिया आपके आंगन को सजीव और आकर्षक बना सकती है। आप गमले में फूलों के पौधे लगा सकते हैं या फिर एक छोटे से गार्डन का निर्माण कर सकते हैं। कुछ अच्छे फूल जो आंगन में लगाए जा सकते हैं



जैसे गुलाब, चमेली, सूरजमुखी, बोगनविलिया, सूर्यमुखी। इन फूलों से न केवल आंगन में रंग-बिरंगे फूल खिलेंगे, बल्कि खुशबू भी महकेगी।

**आर्टिफिशियल लाइटिंग**

आंगन की रात की सुंदरता को बढ़ाने के लिए सही प्रकार की लाइटिंग का इस्तेमाल करें। आप स्टाइलिश लैम्प्स, Fairy Lights, या फिर लैंप पोस्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इनसे आंगन में एक सुकून भरी और रोमांटिक वातावरण बनेगा।

**हैंगिंग प्लांट्स**

आंगन में जगह बचाने के लिए हैंगिंग प्लांट्स का इस्तेमाल करें। इन्हें दीवारों या छत से लटका सकते हैं। इनसे आंगन में एक जीवंत वातावरण बनेगा और आंगन और भी हरा-भरा दिखेगा।

**टाइल्स और पत्थर**

आंगन की जमीन को सुंदर बनाने के लिए आप रंगीन टाइल्स या पत्थरों का इस्तेमाल कर सकते हैं। विभिन्न प्रकार के पैटर्न से आंगन की जमीन को सजा सकते हैं, जिससे वह और भी आकर्षक नजर आएगा।

**कुर्सियां और बेंच**

आंगन में आराम से बैठने के लिए कुछ सुंदर कुर्सियां या बेंच रखें। आप लकड़ी की या धातु की बेंच का चुनाव कर सकते हैं, जो आंगन की सुंदरता को बढ़ाएंगी। इन पर तकिए और कुशन भी रखें, जिससे बैठने का अनुभव और भी आरामदायक बने।

**घरेलू सामान से क्रिएटिव सजावट**

आप घर के पुराने सामान का उपयोग करके भी आंगन को सजाने के आइडिया ट्राई कर सकते हैं। जैसे पुराने बूटों में पौधे लगाना, लकड़ी की पेटियों से छोटी सी कुर्सी बनाना, या फिर पुराने टिन के बर्तन को गमले में बदलना।

**आंगन में घास और लॉन**

अगर आपके पास जगह है, तो आंगन में हरी-भरी घास या लॉन बनवाना एक बेहतरीन आइडिया है। हरी घास आपके आंगन को ताजगी और एक शांतिपूर्ण लुक देती है। आप इसमें कुछ छोटे पौधे या पेड़ भी लगा सकते हैं।

घर के आंगन को खूबसूरत बनाने के लिए जरूरी नहीं कि बड़ी-बड़ी सजावट ही करें। कुछ छोटी-छोटी चीजें जैसे रंग-बिरंगे फूल, सजावटी सामान, और आरामदायक बैठने की जगह आपके आंगन को आकर्षक और खूबसूरत बना सकती हैं।

# गूगल क्रोम से भी कई गुना तेज काम करता है ये ब्राउजर





कभी आपने वो मजाक सुना है? ब्राउजर का काम बस इतना है कि उसमें जाकर क्रोम डाउनलोड किया जाए। इंटरनेट एक्सप्लोरर के कम यूज के चलते उस समय इसका काफी मजाक बनाया जाता था। खासकर उन दिनों में जब इंटरनेट एक्सप्लोरर मजबूरी का नाम था। लेकिन वक्त बदल गया है और अब इंटरनेट एक्सप्लोरर की जगह Microsoft Edge ने ले ली है। हालांकि, अब यह उस मजाक का हिस्सा नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी की दुनिया में एक मजबूत दावेदार बन चुका है।

**क्रोम से भी आगे निकलता एज**

माइक्रोसॉफ्ट का एज ब्राउजर को साल 2015 में लॉन्च किया गया था और तब से लेकर आजतक इसमें कई सुधार किए गए है। अब इसकी परफॉर्मेंस काबिल-ए-तारीफ है। कई मामलों में ये गूगल के पॉपुलर क्रोम ब्राउजर से भी आगे निकल गया है। टेस्टिंग प्लेटफॉर्म्स जैसे BrowserBench बताते हैं कि एज की स्पीड क्रोम के मुकाबले कहीं ज्यादा है। कंपनी के अनुसार, यह क्रोम से करीब 112% तेज है।

**कम रैम करता है कंज्यूम**

पर बात यहीं खत्म नहीं होती। जो लोग ब्राउजर में एक साथ कई टैब्स खोल कर काम करते हैं, उनके लिए एज एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। 60 टैब्स खोलने पर जहां क्रोम लगभग 3.7 GB रैम खींचता है, वहीं, एज महज 2.9 GB में ही बेहतर परफॉर्मेंस देता है। ऐसे में कम रैम वाले लैपटॉप यूज़र्स के लिए एज एक बेहतरीन ऑप्शन बन जाता है।

**माइक्रोसॉफ्ट से इंटीग्रेशन बनाता है इसे खास**

एज की खासियत सिर्फ उसकी स्पीड या मेमोरी मैनेजमेंट नहीं है, बल्कि उसका माइक्रोसॉफ्ट एप्स के साथ सहज जुड़ाव भी इसे बाकी ब्राउजरों से अलग बनाता है। आउटलुक, आफिस 365 और वन ड्राइव जैसे टूल्स का बेहतर अनुभव एज में ही मिलता है, जो खासतौर पर वर्कफ्रॉमहोम और ऑफिस यूज़र्स के लिए फायदेमंद है।

**क्रोमियम पर है बेस्ड**

क्योंकि एज भी क्रोमियम बेस्ड है, आप क्रोम की लगभग सभी एक्सटेंशंस इसमें भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें वर्टिकल टैब्स, साइडबार शॉर्टकट्स, डेडिकेटेड रीडिंग मोड और इनबिल्ट पीडीएफ एडिटर जैसे एक्स्ट्रा टूल्स भी दिए गए हैं जो कोम में मौजूद नहीं हैं।

**एज क्यों नहीं हो पाया लोकप्रिय?**

इतनी सारी खूबियों के बावजूद एज की मार्केट हिस्सेदारी आज भी 5त्न से नीचे है, जबकि क्रोम 60% से ज्यादा यूज़र्स के दिलों में राज करता है। इसके पीछे सिर्फ टेक्नोलॉजी नहीं, बल्कि माइंडसेट का रोल है। इंटरनेट एक्सप्लोरर की जो स्लो होने की छवि बनी थी, उसने लोगों के मन में माइक्रोसॉफ्ट ब्राउजर्स के प्रति एक नेगेटिव इमेज बैठा दी। यही वजह है कि जब 2015 में एज लॉन्च हुआ, तो लोगों ने उसे पुराने IE का नया वर्जन मान लिया, भले ही वो पूरी तरह से नया प्लेटफॉर्म था।

# प्यार तो है लेकिन कमिटमेंट नहीं चाहता साथी, क्या है डेटिंग के आधुनिक नाम



आधुनिक दौर में रिश्तों की परिभाषा बदलने लगी है। युवा पीढ़ी के बीच डेटिंग अब पहले जैसी नहीं रही। इस दौर में प्यार, कमिटमेंट और रिश्ते के बीच एक नई भाषा और कई नए ट्रेंड सामने आए हैं, जो डेटिंग के आधुनिक टर्म के तौर पर प्रसिद्ध हो रहे हैं। अगर आप या आपके करीबी डेटिंग की दुनिया में हैं, तो इन टर्म्स को जानना बेहद जरूरी है ताकि रिश्तों को बेहतर समझा और संभाला जा सके।

**सिचुएशनशिप**

ये वो रिश्ता होता है जिसमें दो लोग एक-दूसरे के साथ होते हैं, लेकिन उनके रिश्ते की कोई ठोस परिभाषा नहीं होती। प्यार है, साथ है, लेकिन कोई कमिटमेंट नहीं। यह दोस्ती और रिलेशनशिप के बीच का एक कन्फ्यूजन वाला स्टेज होता है। जैसे, 'हम साथ रहते हैं, बातें करते हैं, लेकिन हमने कभी रिलेशनशिप की बात नहीं की।'

**कैजुअल डेटिंग**

इसमें लोग एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, डेट पर जाते हैं, लेकिन बिना किसी गंभीर भविष्य की उम्मीद के। ये सिर्फ वर्तमान का आनंद लेने वाला रिश्ता होता है।

**बेनचिंग**

जब कोई व्यक्ति किसी को पूरी तरह रिजेक्ट नहीं करता, लेकिन एक साइड लाइन पर रखकर, जरूरत पड़ने पर ध्यान देता है तो उसे 'बेंचिंग' कहते हैं। जैसे, खेल में खिलाड़ी को बेंच पर बैठाया जाता है।

**फ्लीटिंग**

जब कोई सिर्फ टाइम पास के लिए किसी के साथ रिलेशनशिप में आता है, तो इस स्थिति को फ्लीटिंग कहा जाता है।

**गॉस्टिंग**

जब कोई इंसान अचानक बिना कुछ बताए गायब हो जाए। उससे फोन, मैसेज सब पर बात बंद हो जाए,तो ये गॉस्टिंग कहलाता है। यह काफी आम हो गया है और बहुत से लोग इस व्यवहार से भावनात्मक रूप से आहत होते हैं।

**ज़ॉम्बिइंग**

अगर कोई व्यक्ति, जिसने आपको पहले घोस्ट कर दिया था, अचानक महीनों या सालों बाद वापस आकर मैसेज या कॉल करने लगे, तो इसे ज़ॉम्बिइंग कहा जाता है।

**पॉकेटिंग**

जब कोई व्यक्ति अपने पार्टनर को अपने परिवार या दोस्तों से छुपाकर रखता है और कभी अपने सोशल सर्कल में इंट्रोड्यूस नहीं करता, तो इसे पॉकेटिंग कहते हैं। यह रिलेशनशिप में कमिटमेंट की कमी दिखाता है।

**कर्फ्यूइंग**

जब आपका पार्टनर आपको एक तय समय के बाद रिप्लाई करना बंद कर देता है और हर दिन एक ही पैटर्न फॉलो करता है, तो इसे कर्फ्यूइंग कहते हैं।

**ऑर्बिटिंग**


ब्रेकअप के बाद अगर एक्स-पार्टनर सोशल मीडिया पर आपसे जुड़ा रहता है, तो इसे ऑर्बिटिंग कहते हैं। ऐसे में व्यक्ति अपने एक्स के जीवन की अपडेट सोशल मीडिया से लेता रहता है, लेकिन कभी बातचीत नहीं करता।

**फोमो डेटिंग**

इसमें लोग सिर्फ इसलिए डेटिंग करते हैं क्योंकि उन्हें डर होता है कि वो कुछ मिस कर रहे हैं। यह असली भावनाओं से ज्यादा ट्रेंड और दबाव से प्रेरित होता है।

## रेसिपी

# घर पर बनाएं ढाबा स्टाइल पंजाबी 'लस्सी'



गर्मियों में ठंडक का सबसे मज़ेदार और स्वादिष्ट उपाय है एक बड़ी सी गिलास में ठंडी-ठंडी पंजाबी लस्सी! खासतौर पर जब बात हो ढाबा स्टाइल लस्सी की, तो उसका स्वाद और भी खास होता है। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप घर पर ही बिल्कुल ढाबा जैसी गाढ़ी, मलाईदार और स्वादिष्ट लस्सी मिनटों में बना सकते हैं।

**सामग्री**

**ताज़ा दही-2 कप**
**ठंडा पानी या दूध-1 कप (स्वाद अनुसार)**
**चीनी-3-4 बड़े चम्मच (स्वाद के अनुसार)**
**बर्फ के टुकड़े-5-6**
**हरी इलायची पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच**
**गुलाब जल- 1 छोटा चम्मच (ऑप्शनल)**
**केसर कुछ रेशे (ऑप्शनल)**
**सजावट के लिए मलाई-1-2 बड़े चम्मच**
**कटे हुए ड्राई फ्रूटस-(बादाम, पिस्ता - ऑप्शनल)**

**ढाबा स्टाइल लस्सी बनाने की विधि**

1. सबसे पहले ताज़ा और ठंडा दही लें। उसे एक बड़े बर्तन या मिक्सर में डालें और अच्छे से फेंट लें, ताकि वह एकदम क्रीमी हो जाए।
2. फेंटे हुए दही में चीनी और इलायची पाउडर डालें। आप चाहें तो थोड़ा सा गुलाब जल और केसर भी डाल सकते हैं जिससे लस्सी में खास ढाबा जैसा फ्लेवर आए।
3.अब इसमें बर्फ के टुकड़े और ठंडा पानी या दूध डालें। ध्यान रखें कि पानी या दूध की मात्रा आप अपनी पसंद के अनुसार रखें – लस्सी अगर गाढ़ी चाहिए तो कम डालें, और पतली चाहिए तो थोड़ा ज़्यादा।
4. अब इन सब चीज़ों को मिक्सर में 1-2 मिनट चला लें या मथनी से अच्छे से मथ लें। जब लस्सी झागदार और क्रीमी हो जाए, तब समझ लीजिए तैयार है।
5. अब तैयार लस्सी को एक बड़े ग्लास में डालें। ऊपर से 1 चम्मच मलाई डालें कुछ कटे हुए बादाम और पिस्ता से सजाएं। बस! तैयार है आपकी ठंडी-ठंडी, झागदार, मलाईदार ढाबा स्टाइल पंजाबी लस्सी।

अब आपको ढाबे तक जाने की जरूरत नहीं, इस आसान रेसिपी को अपनाकर आप घर पर ही बना सकते हैं एकदम देसी स्टाइल पंजाबी लस्सी।

# इन देशों में बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं भारतीय



इन विदेशी गंतव्यों में से कहीं भारतीय 14 दिन तक बिना वीजा के रह सकते हैं तो कुछ देशों में 90 या 120 दिनों तक भी ठहर सकते हैं

**भारतीय नागरिकों के लिए बिना वीजा यात्रा की अनुमति देने वाले देश**

भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए कई देश बिना वीज़ा के यात्रा की सुविधा प्रदान करते हैं।

1. **भूटान**- भूटान भारतीय नागरिकों को वीजा मुक्त यात्रा की सुविधा देता है लेकिन प्रवेश के लिए आपको प्रवेश परमिट की आवश्यकता होती है, जिसे आप आगमन पर आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।
2. **नेपाल**- भारतीय यात्रियों को नेपाल में प्रवेश के लिए वीजा की आवश्यकता नहीं है। वह अपने पहचान पत्र को दिखाकर नेपाल यात्रा कर सकते हैं। उनके घूमने की कोई समयसीमा या अवधि भी नहीं है। वह जब तक चाहें नेपाल में रह सकते हैं।
3. **मॉरीशस**- मॉरीशस में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय नागरिकों को वीजा की जरूरत नहीं। पर्यटक 90 दिनों तक बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। हालांकि व्यवसाय या दीर्घकालीन प्रवास के लिए वीजा की जरूरत होती है।
4. **मालदीव**- मालदीव भारतीय नागरिकों को 60 दिनों तक वीजा मुफ्त यात्रा की सुविधा देता है। यहां यात्रियों को पहले से वीजा लेने की आवश्यकता नहीं होती है, बल्कि आगमन के बाद इसे प्राप्त कर सकते हैं।
5. **सेशेल्स**- सेशेल्स भारतीय नागरिकों के लिए वीजा मुक्त है। यहां यात्रा से पहले वीजा लेने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि आगमन पर एक विजिटर परमिट मिलेगा जो आपको तीन महीने यानी 90 दिनों तक रहने की अनुमति देगा।
6. **फिजी** - चार महीने यानी 120 दिनों तक आप फिजी में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। हालांकि इससे अधिक समय तक फिजी में रहना हो तो उचित वीजा प्राप्त करना होगा।
7. **डोमिनिका** - भारतीय नागरिक डोमिनिका में बिना वीजा के 6 महीने तक रह सकते हैं। ये सुविधा पर्यटन, यात्रा या व्यवसाय के लिए जा रहे भारतीय नागरिकों को मिलती है।
8. **ग्रेनेडा**- भारतीय पासपोर्ट धारकों को ग्रेनेडा में प्रवेश करने के लिए वीजा की आवश्यकता नहीं होती है। 90 दिनों तक आप बिना वीज़ा के ग्रेनेडा में रह सकते हैं।
9. **बारबाडोस**- भारतीय नागरिक बिना वीज़ा के बारबाडोस की यात्रा कर सकते हैं। वे 90 दिनों तक बिना वीज़ा के बारबाडोस में रह सकते हैं।
10. **थाईलैंड**- थाईलैंड अब भारतीय नागरिकों के लिए बिना वीजा के यात्रा की सुविधा प्रदान करता है। यह सुविधा पर्यटकों को 60 दिनों तक बिना वीजा के थाईलैंड में रहने की अनुमति देती है और जरूरत पड़ने पर इमिग्रेशन ऑफिस में 30 दिनों तक का विस्तार भी संभव है

# क्या खाने से आती है अंडे-चिकन जैसी ताकत

अगर आप शाकाहारी हैं और नॉनवेज नहीं खाते, तो क्या आपके लिए ताकत और ऊर्जा की कमी हो सकती है? यह सवाल कई लोगों के मन में होता है, लेकिन आज हम आपको बताएंगे एक घरेलू उपाय के बारे में जो आपके शरीर को भरपूर ताकत और ऊर्जा देगा। यह चमत्कारी चीज़ आपकी रोज़ की डाइट का हिस्सा बनकर आपके मसल्स को भी मजबूत करेगी और पाचन को दुरुस्त रखेगी। जानिए वह खास चीज़ क्या है!

**शरीर को ताकत देने वाला है जीरा**

जीरा सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता, बल्कि इसमें मौजूद विटामिन बी12, आयरन, फाइबर, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे तत्व शरीर को मजबूत बनाते हैं। विशेषकर वो लोग जो नॉनवेज नहीं खाते, उनके लिए जीरा एक शाकाहारी सुपरफूड बन सकता है। इससे मिलने वाला विटामिन बी12 शरीर की थकान, कमजोरी और ध्यान की कमी जैसी समस्याओं को दूर करता है।

# चिंता दूर भगाने के लिए रोजाना करें इन योगासनों का अभ्यास





जब व्यक्ति किसी चुनौती या दबाव का सामना करता है तो उसके मस्तिष्क में जो प्रतिक्रिया होती है, वह तनाव होता है। तनाव शरीर और मन की एक प्राकृतिक प्रतिक्रिया है जो हमें खतरे या दबाव से निपटने में मदद करती है। हालांकि जब लंबे समय तक यह प्रतिक्रिया आपके मन मस्तिष्क में रहती है तो यह अवस्था स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। तनाव के कुछ सामान्य लक्षण हैं, जिस में सिरदर्द, पेट दर्द, थकान, नींद की समस्या आम बात है। वहीं चिंता, डर, गुस्सा और अवसाद इसका भावनात्मक लक्षण है। तनावग्रस्त व्यक्ति में चिड़चिड़ापन, एकाग्रता की कमी होती है और उसमें काम करने की इच्छा नहीं होती। तनाव से छुटकारा पाने के लिए योग और ध्यान असरदार प्राकृतिक उपाय हैं।

**त्रिकोणासन**

त्रिकोणासन के अभ्यास से शरीर संतुलित रहता है। ये आसन तनाव को कम करने में मदद करता है। इसके अभ्यास के दौरान शरीर के विभिन्न हिस्सों में खिंचाव आता है, जिससे तनाव और चिंता कम करने में मदद मिलती है। यह ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। त्रिकोणासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर दाहिने पैर को 90 डिग्री बाहर की ओर और बाएं पैर को थोड़ा अंदर की ओर मोड़ें। अपने हाथों को कंधे के स्तर तक फैलाएं और श्वास लेते हुए दाहिनी ओर झुकें। दाहिने हाथ से दाहिने पैर को छूने की कोशिश करें और बाएं हाथ को ऊपर की ओर उठाएं।

**भ्रामरी प्राणायाम**

भ्रामरी प्राणायाम के दौरान निकलने वाली हम्म की आवाज मस्तिष्क को गहराई से शांत करती है, जिससे चिंता, गुस्सा और बेचैनी से आराम मिलता है।

इस प्राणायाम के अभ्यास के लिए आराम से बैठकर आंखें बंद कर लें। अब तर्जनी उंगलियों को दोनों कानों पर रखें। मुंह बंद रखते हुए नाक से सांस लें और छोड़ें। इस दौरान ॐ का उच्चारण भी कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को 5-7 बार दोहराएं।

**बालासन**

इस आसन का अभ्यास शरीर को आराम देता है और तनाव को कम करता है।

इसके अभ्यास के लिए वज्रासन की स्थिति में बैठकर माथे को जमीन पर लगा लें। दोनों हाथों को जमीन पर रखकर जांघों से छाती पर दबाव डालें। इस अवस्था में कुछ देर रुकें। इस आसन से दिमाग और मन शांत रहता है। नींद अच्छी आती है और तनाव कम हो सकता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 27 अप्रैल, 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोमते कृष्ण पक्षे अमावस्या तिथौ रवि वासरे 25/02/ अश्विनी नक्षत्रे 24/39/ प्रीति योग 24/19/ चर्तुष्पद करणे 14/56/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**दैनिक पंचांग लखनऊ-** स्नानदान श्रद्धादि की अमावस्या। सूर्य भरणी नक्षत्र में घं.19मि.10पर। बुध रेवती नक्षत्र घं.15मि.31 पर। अगस्त्यास्य घं.20मि13पर।

**मेष :** आर्थिक सुदृढ़ता आएगी। लाभ प्राप्ति के मार्ग बनेंगे। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। सोच समझ कर निर्णय लेने पर लाभ होगा।

**वृष :** परिवार में क्लेश और तनाव से बचने की चेष्टा करेंगे तो अच्छा रहेगा। कुछ संयम और संतुलन रखना उचित होगा अन्यथा तनाव पैदा हो सकता है।

**मिथुन :** स्थाई एवं अस्थाई उद्यम लाभ देते रहेंगे। परिश्रम पूर्ण चेष्टाओं का शुभ लाभ निकलेगा और हार्दिक प्रसन्नता भी बढ़ेगी। संघर्ष के उपरांत विजय भी होगी।

**कर्क :** विपरीत स्थितियों व्यथित कर सकती हैं। घरेलू सुखों में कमी की स्थिति बनेगी। बढ़ते व्यय के कारण बचत कोष रिक्त होगा। किसी से टकराव अच्छा नहीं।

**सिंह :** शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। साधनों की कमी अनुभव। कार्य व्यवहार की अनियमितता बनाए रखना कठिन होगा। महत्वपूर्ण कार्य कोशिश के बाद बनेंगे।

**कन्या :** यात्रा करेंगे। मनोरंजन का अवसर मिलेगा। राजकीय क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ेगा। प्रतिष्ठा वृद्धि के साथ धन लाभ भी होगा। उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले होंगें।

**तुला :** धनागमन होगा। पूर्व निर्धारित योजनाएँ फलीभूत होंगी ।रोजी रोजगार में सम्मान होगा। मान सम्मान बढ़ेगा। सत्परामर्श से लाभ होगा।

**वृश्चिक :** तनाव पैदा हो सकता है। सहयोगी की उपेक्षा ठीक नहीं होगी। व्यापार व्यवसाय यात्रा और लेखन के मामलों में साहस ठीक नहीं।

**धनु :** परिस्थितियों की जटिलता से कामकाज प्रभावित हो सकता है। समस्याओं के समाधान के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। अधूरे कार्य पूर्ण होंगे।

**मकर :** अस्वस्थता रहेगी। कार्य की सफलता में रुकावट आएगी। परिवार में अव्यवस्था और विवाद की चिंता बढ़ेगी। लोभ व लालच में नैतिकता ना छोड़े।

**कुंभ :** अच्छे सहयोगी की तलाश रहेगी। पारिवारिक संबंधों में मतभेद होंगे मानसिक तनाव रहेगा। पूंजी निवेश से धन प्राप्ति होगी। बढ़ते व्यय की पूर्ति होगी।

**मीन :** घरेलू निर्णय के विषय में किसी सूचना से विचलित होंगे। विरोधी कमजोर होंगे किसी की करने का परिणाम तुम्हें भोगना पड़ेगा।

# आर्थिक अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही : डीएम

**सीतापुर(स्वतंत्र भारत)।** अपराध पर लगाम कसने की दिशा में नवागत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने अपने तेवर पहले ही दिन से स्पष्ट कर दिए। देहात कोतवाली में आयोजित पहली जनसुनवाई और थाना दिवस में फरियादियों से सीधे संवाद करते हुए उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया और स्पष्ट कहा कि अब अपराध, अव्यवस्था और लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की

**अपराध, अव्यवस्था और लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी- एसपी**



जाएगी। सभी थानों को निर्देश दिए गए हैं कि फाइलों में दबी कुख्यात अपराधियों की कुंडली दोबारा खंगाली जाए। संगठित गिरोह बनाकर संज्ञेय अपराधों में लिप्त अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। वर्षों से निष्क्रिय पड़ी हिस्ट्रीशीटों को भी फिर से सक्रिय करने के आदेश जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने जिले भर के थानाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि संवाद की शुरुआत अपने क्षेत्राधिकारी से करें और आपसी समन्वय को और बेहतर बनाने के लिए व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से सतत संपर्क में रहें। सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के थानों की कार्यशैली पर करीबी नजर बनाए रखने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए हैं कि बार्डर एरिया सहित उन थानों पर जहाँ थानाप्रभारी अधिक समय से जमे हैं, उनका स्थानांतरण किया जाएगा। साथ ही जुआ, खनन, लकड़ी कटान जैसी अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं जो पूरे महकमे के लिए उदाहरण बनेगी। पुलिस अधीक्षक ने फर्जी व पेशेवर शिकायतों की आड़ में सीधे-सादे लोगों को गुमराह करने वालों को लेकर भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कूटरचित शिकायती मामलों में माहिर, सामाजिक माहौल खराब करने वाले ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आर्थिक अपराधियों और पेशेवर शिकायतकर्ताओं की आय के स्रोतों की गहनता से जांच के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे लोगों की निगरानी रखी जाएगी और जरूरत पड़ने पर आर्थिक अपराध शाखा को सक्रिय किया जाएगा। वहीं अवैध गतिविधियों में संलिप्त छुटभैये दलालों के विरुद्ध भी कठोरतम कार्यवाही के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, अब उनकी खैर नहीं होगी। वही जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने भी इस संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन व्यक्तियों की संलिप्तता गंभीर आर्थिक अपराधों में पाई जाती है, उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की संपत्ति जब्ती और नेटवर्क तोड़ने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं। सुनवाई में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने थानों के निस्तारण रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों के आधार पर शिकायतों की गुणवत्ता और निस्तारण की वास्तविकता का फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही तय की जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर अफवाह फैलाने वालों पर विशेष निगरानी रखने के लिए एक्सपर्ट टीम बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कोई भी व्यक्ति जो समुदाय में वैमनस्य या भ्रामक जानकारी फैलाने का प्रयास करेगा, उस पर कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। प्रत्येक सिपाही को अपनी बीट-बुक नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पुलिसिंग की बारीकी पर नियंत्रण और पारदर्शिता बनी रहे। अवैध खनन को लेकर सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी स्तर पर ऐसी गतिविधि को बर्दाश्त न किया जाए। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि अब कानून व्यवस्था में सेंध लगाने वालों को किसी भी रूप में नहीं बख्शा जाएगा। सफेदपोश अपराधियों, महिला अपराध में संलिप्त लोगों और आर्थिक अपराधियों के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक की पहली सुनवाई में स्पष्ट संदेश, अब अपराधियों को नहीं मिलेगा कोई संरक्षण, जनता को मिलेगा सुरक्षा का भरोसा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने साइबर शाखा की भी गहन समीक्षा की और निर्देशित किया कि साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। प्रत्येक थाने को साइबर क्राइम के मामलों पर सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी आनलाइन ठगी, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, साइबर स्टाकिंग या वित्तीय धोखाधड़ी की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। साइबर सेल को आदेश दिया गया है कि संदिग्ध साइबर अपराधियों के आईपी एड्रेस ट्रेस कर उनकी डिजिटल गतिविधियों की गहराई से निगरानी रखी जाए। उन्होंने साइबर एक्सपर्ट्स की एक टीम गठित करने के भी निर्देश दिए, जो लगातार आनलाइन प्लेटफार्म्स पर संदिग्ध गतिविधियों का विश्लेषण करेगी। यदि कोई व्यक्ति या गिरोह साइबर अपराध में संलिप्त पाया जाता है, तो उसकी हर एक कड़ी को जोड़ते हुए संगठित कार्यवाही की जाएगी।

# डॉ. आंबेडकर के सपनों को साकार कर रही है मोदी सरकार-डॉ.रमापति राम

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** भारत के संविधान निर्माता डॉ.भीमराव आंबेडकर ने स्वतंत्रता पश्चात जिस भारत का सपना देखा था, अंतिम व्यक्ति के उत्थान का सपना देखा था, उसे आज केन्द्र की मोदी सरकार निचले स्तर पर जाकर पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। उक्त वक्तव्य भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद देवरिया डॉ रमापतिराम त्रिपाठी ने डॉ भीमराव आंबेडकर के जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान अनुसूचित जनसंपर्क अभियान के निमित्त विधानसभा क्षेत्र देवरिया के बैतालपुर मंडल के सिरजम गांव में संपर्क करते हुए कहा। डॉ त्रिपाठी विधानसभा क्षेत्र देवरिया के रानीघाट, सिरजम, लखनचन्द में संपर्क कर रहे थे। इस दौरान सरकार की उपलब्धियों एवं किए कृत्यों के पत्रक भी बांटे गए। जनसंपर्क में उन्होंने बताया कि बाबा साहेब के आदर्शों के पथ पर मोदी सरकार अनवरत गतिमान है जिस सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए बाबा साहब ने अपना सर्वस्व, संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया आज वह सामाजिक न्याय, अन्तिम व्यक्ति का उत्थान, एक सपना नहीं बल्कि हकीकत बन चुका है। मोदी सरकार ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को मात्र उनकी जयंती तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि उनके द्वारा किए गए कार्यों, उनके सपनों को, कई बड़े निर्णय कर उनके योगदान को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके स्मृतियों को बड़े पैमाने पर संजोने, बनाने का कार्य किया, जो आज दर्शनीय है। भाजपा सरकार में ही उन्हें भारतरत्न मिला । देश के बहुजनों के आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले संविधान निर्माता डॉ.अंबेडकर की विरासत को जिस तरह से मोदी सरकार बढ़ा रही है उससे नया भारत बनाकर तैयार हो रहा है अंबेडकर ऐसा सपना देखे थे जहां जातिय आधार पर किसी तरह का भेदभाव ना हो, जहां आर्थिक और सामाजिक हर क्षेत्र में वंचित तबके को पूर्ण प्रतिनिधित्व मिल सके आज मोदी सरकार में मंत्रिपरिषद में आज दलितों की भागीदारी बहुत अच्छी स्थिति में है देश में पहली बार दलित समाज को इतना प्रतिनिधित्व हासिल हुआ है। सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाएं बिना भेदभाव आप सभी तक पहुंच रहे हैं। इस दौरान डॉ. त्रिपाठी ने राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त हुए रामसेवक प्रसाद को अंगवस्त्र ओढ़ा सम्मानित भी किया। जनसंपर्क के दौरान मंडल अध्यक्ष राजेश निषाद, सेवानिवृत्त प्रभुनाथ प्रसाद भारती, रामसेवक प्रसाद, मुरारी प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, नीरज भारती, माधव प्रसाद, प्रभान भारती, राकेश भारती, रानीघाट में पूर्व प्रधान रामबदन प्रसाद रामबचन प्रसाद, राम नगीना प्रसाद, अशोक कुमार भारती, राजेश्वर, संजय प्रसाद, रामभजन, राकेश सिंह, संजय प्रजापति, आदि उपस्थित रहे।



# विश्व हिंदू परिषद की जिला योजना बैठक का आयोजन

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। स्थानीय प्रेम नगर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पर विश्व हिंदू



परिषद की योजना बैठक की गई जिसमें आने वाले समय में अनेक निर्णय लिए गए जिसमें रामायण परीक्षा राम उत्सव कार्यक्रम की चर्चा बजरंग दल की त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम जो सबसे प्रमुख है जिसमें लगभग २००० बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम जिले में कराया जाएगा इससे आत्मरक्षा एवं समर्पित कार्यकर्ता तैयार होंगे सम्मानित प्रमोद सिंह को नगर का पालक बनाया गया है कार्यक्रम में प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख विपुल, प्रांत धर्माचार्य संपर्क विमल,विभाग मंत्री आदित्य त्रिपाठी विभाग सह मंत्री उत्तम सिंह जिला संगठन मंत्री अरविंद तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह, जिला सह मंत्री चंद्रकांत जी जिला सह मंत्री आशीष मिश्रा ,जिला संयोजक बजरंग दल अनुज भदोरिया ,नगर मंत्री संदीप सक्सेना ,नगर उपाध्यक्ष श्याम बाबा विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। विश्व हिंदू परिषद सीतापुर के संगठन मंत्री कमलेश सिंह का विदाई कार्यक्रम जिला कार्यालय पर कराया गया । बताते चले कि कमलेश सिंह अभीतक सीतापुर जिले के संगठन मंत्री के रूप में कार्य कर रहे थे प्रांत योजना बैठक के उपरांत उनका स्थानांतरण लखीमपुर जिले में किया गया वही श्रावस्ती जिले के संगठन मंत्री अरविंद का स्थानांतरण सीतापुर हुआ । आज कार्यालय पर अरविंद तिवारी का स्वागत व कमलेश सिंह की विदाई की गई । कार्यक्रम में प्रांत सह संयोजक महेंद्र पाण्डेय, धर्म प्रसार प्रमुख विपुल सिंह,जिला सामाजिक समरसता प्रमुख उमेश बाक्सा , खण्ड अध्यक्ष धर्मवीर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नेशनल हाईवे पर कट न होने के कारण स्कूली छात्र-छात्राओं को हो रही भारी दिक्कतें

कमलापुर-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र अंतर्गत कारगिल युद्ध के महानायक परमवीर चक्र विजेता अमर सहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के सहीद स्थल ग्राम रूढ़ा जाने वाली सड़क के सामने लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोई कट न होने के कारण क्षेत्र के करीब ३ दर्जन गावों के लोगो के साथ साथ विद्यालय आने जाने वाले छात्र छात्राओ को नेशनल हाइवे पर करीब १ किलोमीटर राग साइड मे जोखिम भरा सफर करना पणता है कट न होने के कारण कुछ लोग अपने बाहन डिवाइडर फांदकर इधर से उधर ले जाते है और कई बार डिवाइडर फांदते व राग साइड मे सफर कर रहे लोगो के साथ हादसे भी हो चुके है और उन हादसो मे क्षेत्र के कई लोग अपनी जांन भी गवां चुके है क्षेत्र की इस जटिल समस्या को लेकर कई माह पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलापुर आशुतोष मिश्रा ने केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व नितिन गडकरी को पत्र लिखकर सहीद स्थल ग्राम रूढ़ा जाने वाली सड़क के सामने नेशनल हाइवे पर कट बनवाए जाने का अनुरोध किया था लेकिन लम्बा समय ब्यतीत हो जाने के पश्चात अभी तक उस पत्र पर कोई अमल होता नही दिख रहा है क्षेत्रीय लोगो की समस्या आज भी बरकरार बनी हुई है।

# बाल कवि सम्मेलन रविवार को

**महमूदाबाद-सीतापुर( स्वतंत्र भारत)।** मां संकटा देवी धाम में चल रहे ३० दिवसीय वार्षिक मेले के दौरान धाम के सांस्कृतिक मंच पर रविवार को शाम सात बजे से बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया ।

## यूपीएससी उत्तीर्ण छात्रों से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। जिले के यूपीएससी उत्तीर्ण छात्रों से कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर बधाई दी। पूर्व जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी के साथ पूर्व कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी सुभाष राजवंशी, नि. ब्लाक अध्यक्ष सुधीर पांडे, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धीरेश कश्यप, नि. ब्लाक अध्यक्ष दिलेर सिंह, निशक्तजन प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजीव मिश्रा मिंटू, नि. जिला सचिव अक्षय श्रीवास्तव तथा भोलानाथ पांडे ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों से मुलाकात कर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय द्वारा भेजी गई शुभकामनाएं प्रेषित की। पूर्व जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने बताया कि ये मेहनतकश छात्र हमारे जिले का गौरव हैं जिन्होंने जिले का मान



बढ़ाया है। उन्होंने कहा हम कांग्रेसजन अपेक्षा करते हैं कि ये छात्र भविष्य में देश सेवा और समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभायेंगे। महज २३ साल की उम्र में मयंक बाजपेई ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर १४९ वीं रैंक हासिल की। मयंक बहुत जल्दी आईपीएस के रूप में नजर आएंगे और देश व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। वहीं पीयूष राज ने महज २६ साल की उम्र में एक ऐसे सपने को साकार किया जो हर युवा अपने मन में समेटे हुए होता है। ४३७ वीं रैंक के साथ उन्होंने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की। बहुत जल्द पीयूष आपको आईएएस के रूप में दिखाई देंगे। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने दोनों यूपीएससी उत्तीर्ण छात्रों का माला पहनाकर सम्मानित किया।

## आदर्श व्यापार मंडल सीतापुर का शपथ ग्रहण एवं व्यापारी सम्मेलन

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल सीतापुर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह एवं व्यापारी सम्मेलन कल २७ अप्रैल रविवार को एप्पल होटल में अपराह्न ११ बजे से आयोजित किया गया है.यह जानकारी देते हुए जिलाअध्यक्ष संजय मिश्रा व नगर अध्यक्ष राजकुमार रस्तोगी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता होंगे।कार्यक्रम में व्यापारी संवाद व उनकी समस्याओं के विषय पर चर्चा भी होगी।अधिक संख्या में व्यापारी बंधुवो से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत किसानों को किया जाये लाभान्वित-उद्यान अधिकारी

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद में किसानों के लिये खुशखबरी-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत कृषि (गन्ना, गेंहू, सरसों आदि)/औद्यानिक (शाक भाजी, आलू, मटर, आम आदि) फसलों में कृषकों को कम लागत में गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन, रोग रहित फसल, सिंचाई की लागत में कमी, खरपतवार पर नियंत्रण के साथ-साथ पानी में उर्वरकों को मिलाकर फसलों को पोषक तत्व देने में आसानी आदि के लिये ड्रिप/स्प्रिंकलर के जरिए फौव्वारा व टपक सिंचाई पद्धति के लिए जनपद में कुल २०१२ हेक्टेयर में उद्यान विभाग सिंचाई के लिए पर ड्राप मोर क्राप (माइक्रो इरीगेशन) योजनान्तर्गत पहले आओ पहले पाओ के तहत किसानों को पोर्टेबल स्प्रिंकलर, ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर और रेनगन आदि सिंचाई उपकरणों की स्थापना पर अनुदान दिया जाएगा। इसके जरिए सिंचाई करने पर भू गर्भ जल की बचत होगी। ड्रिप/स्प्रिंकलर सिस्टम के सेट पर लघु, सीमांत किसानों को ९० व सामान्य किसान को ८० फीसद अनुदान दिया जाएगा। जनपद-सीतापुर गन्ना उत्पादन का क्षेत्र है, जिससे गन्ना उत्पादन के कृषक इस योजना का लाभ लेकर उत्पादन में वृद्धि कर सकते है। योजनान्तर्गत पात्रता के लिए सिंचाई का साधन उपलब्ध होना आवश्यक है एवं आधार कार्ड, भू अभिलेख व बैंक खाता धारक के नाम हो। किसानों को ड्राप मोर क्राप माइक्रो इरीगेशन योजना का लाभ लेने के लिए विजिट करना होगा एवं शासन की ओर से स्वीकृत फर्म/संस्था के माध्यम से किसानों की सिंचाई प्रणाली स्थापित की जायेगी। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को निर्धारित कृषक अंश का भुगतान करना होगा। परिसर से सम्पर्क कर सकते हैं।

# गांव हो या शहर कहीं भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है-श्री निवास मिश्र

महमूदाबाद-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। गाँव हो या शहर कहीं भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अल्प संसाधनों में भी मन से की गयी मेहनत कभी भी निष्फल नहीं जाती। पोखरा कलाँ गांव की होनहार बेटी और सीता इंटर कालेज की छात्रा स्वाति वर्मा ने यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में ९४.८ प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने में सफलता अर्जित की। स्वाति को ५०० में से ४७४ अंक मिले। उसे हिंदी में ९२, अंग्रेजी में १००, भौतिक विज्ञान में ८७, रसायन विज्ञान में ९९, जीव विज्ञान में ९६ अंक प्राप्त हुये हैं। स्वाति के पिता निजी विद्यालय में शिक्षक हैं और मां संगीता गृहिणी हैं। उसने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद वह प्रतिदिन सुबह दो घण्टे और शाम को तीन से चार घण्टे स्वाध्याय के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं के कुशल निर्देशन और माता-पिता के सहयोग के बल पर उसे इतनी बड़ी कामयाबी हासिल हुई। स्वाति की इस सफलता पर ग्रामीण अरविंद कुमार वर्मा, कमलेश वर्मा, रमाकांत तिवारी, ललित वर्मा, शिवेश वर्मा, संजय वर्मा, विशद वर्मा, उमाशंकर विश्वकर्मा आदि ने माला पहनाकर मिठाई खिलाते हुए स्वाति और उसके माता पिता को बधाई देते हुये उसे संविधान शिल्पी भारत रत्न डा.भीमराव आम्बेडकर जी का चित्र भी भेंट किया। महावीर प्रसाद मिश्र मेमोरियल शिक्षण संस्थान सदरावा के छात्र अमर सिंह यादव ने हाईस्कूल को बोर्ड परीक्षा में ९५.६६ प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में सातवां स्थान हासिल किया है।

पिता अमर सिंह किसान हैं तथा माता मधु यादव गृहणी हैं। सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ गुरुजनों को दिया। भविष्य में अमर सिंह सिविल सर्विस में जाकर देश की सेवा करना चाहता है। अमर सिंह अपने गांव मसुरैहा से साइकिल से १२ किमी दूरी तय कर स्कूल जाता था और घर पर चार से पांच घंटे पढ़ाई करता था। उसकी इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक श्री निवास मिश्र व शिक्षकों ने बधाई दी।

# जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये-जिलाधिकारी

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को अधिक क्रियाशील बनाया जाए। जिलाधिकारी ने सी०एच०ओ० उपस्थिति एवं सी०एच०ओ० स्तर पर की जा रही ओपीडी में सुधार के निर्देश भी दिए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्रों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। ई-रूपी बाउचर योजना का पूर्ण सदुपयोग करने हेतु प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। योजना में सहयोग न करने वाले अल्ट्रासाउंड केन्द्र संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने कड़े





निर्देश दिए कि सभी संस्थागत प्रसवों के सापेक्ष जन्म प्रमाण पत्र समय से अवश्य जारी किया जाये। रोगी कल्याण समिति के मद में शेष धनराशि का नियमानुसार व्यय किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि संचालित निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराते हुए हस्तांतरित कराया जाय। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक जांच कराए जाने एवं चिन्हित मरीजों का समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्क्रीनिंग करते हुए टीबी मरीजों को चिह्नित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। डी०बी०टी० के माध्यम से राशि समय से अंतरित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। एन०क्यू०ए०एस० के अंतर्गत चिकित्सालयों, एफ०आर०यू० एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के प्रमाणीकरण कराए जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा के सम्बन्ध में मानकों के अनुसार प्रबंध सुनिश्चित किए जाय। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति सम्बन्धी डाटा निर्धारित पोर्टल पर समय से अद्यतन किए जाने के निर्देश भी दिए। बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि टीकाकरण हेतु ड्यू लिस्ट समय से अपडेट करायी जाय। उन्होंने कहा कि सभी सत्रों का नियमित रूप से आयोजन एवं सुपरवीजन सुनिश्चित किया जाये। टीकाकरण सत्र आयोजन से पूर्व जागरूकता अभियान भी चलाया जाये। फैमिली प्लानिंग में निर्धारित समय से लक्ष्य पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव कराना सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि सभी वीएचएनडी सत्रों में आंगनबाड़ी, आशा एवं ए०एन०एम० निर्धारित उपकरणों एवं दवाओं के साथ उपस्थित हो। आशा के रिक्त पदों पर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए आशा का चयन किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने वेक्टर बार्न कंट्रोल प्रोग्राम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुरेश कुमार सहित सभी एम०ओ०आई०सी०, जिला स्वास्थ्य समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणाः सुरेश राही

**स्व. बहुगुणा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई 106वीं जयन्ती**

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित कर चुके हिमालय पुत्र के नाम से सुख्यात रहे स्व०



हेमवती नन्दन बहुगुणा वास्तव में बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। देश की आजादी में उनका जो अतुलनीय योगदान रहा उसको भारतीय इतिहास से कभी मिटाया नही जा सकता है। वह विभिन्न संगठनों व सत्ता के पदों को सुषोभित करते हुए मुख्यमंत्री पद का दायित्व बखूबी निभाया। वह मेरे पिता व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री स्व. राम लाल राही के राजनैतिक गुरू थे। मेरे पिता ने सीतापुर में बहुगुणा चौराहे पर उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित कराई। प्रतिमा स्थल चौराहे को बहुगुणा चौराहे के नाम से जाना जाता है। यह बात राज्यमंत्री कारागार उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश राही ने बहुगुणा जी की १०६वीं जयन्ती अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि बहुगुणा जी के बताये मार्ग पर चलकर शुचितापूर्ण राजनीति को सम्पादित करें। इस अवसर पर चेयर मैन नगर पालिका परिषद सीतापुर श्रीमती नेहा अवस्थी ने बहुगुणा जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें विशुद्ध व स्वच्छ राजनीति का पुरोधा बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामदयाल अवस्थी, वरिष्ठ पत्रकार कवि एवं रंगकर्मी ज्ञान प्रकाश सिंह "प्रतीक" नमीन्द्र अवस्थी प्रतिनिधि चेयर मैन नगर पालिका परिषद सीतापुर, कौशलेन्द्र शर्मा, राकेश अवस्थी एडवोकेट, विशुनू मौर्या चेयर मैन जिला सहकारी बैंक, पूर्व अध्यक्ष भाजपा अजय गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष भाजपा अचिन मेहरोत्रा, राहुल जायसवाल, गोविन्द भारती सदस्य प्रदेश कार्यकारणी भाजपा, मुन्ना लाल राजवंशी, रामरतन राजवंशी, जसकरन लाल राजवंशी, परशुराम लल्ला, आशा कनौजिया, विशुन कुमार पाण्डेय, लवलेश कुमार, प्रदीप कुमार दुबे, विनय मोहन श्रीवास्तव, देवेन्द्र शुक्ला, पंकज शुक्ला, सुरेश कुमार वर्मा, राजेश कुमार राज, अंजनी मिश्रा, आदि लोग उपस्थित थे।

# पहलगाम की घटना पर जताया तीव्र आक्रोश

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना से भारत के हर नागरिक के सीने में आक्रोश की ज्वाला धधक रही है । देश के कोने-कोने से यही आवाज आ रही है कि आतंकियों का जड़ से खात्मा किया जाना बहुत जरूरी है और जो हिंदू पर्यटक इस आतंकी हमले में मारे गए हैं उनको श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है आज इसी क्रम में कलाकार वेलफेयर ट्रस्ट रजिस्टर्ड भारत के संस्थापक अध्यक्ष एवं भाजपा के महानगर मंत्री अमरीश कठेरिया एडवोकेट के नेतृत्व में चौकी चौराहा पर कैंडल मार्च निकाला गया तथा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए तथा पाकिस्तानी आतंकियों का पुतला भी फूका गया।

उसके पश्चात इस आतंकी हमले में मारे गए लोगो को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।



फरीदपुर बरेली। सिविल न्यायालय बार एसोसिएशन ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थक आतंकवादियों द्वारा भारतीय नागरिकों एवं पर्यटकों की निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं ने भारत माता मंदिर से फरीदपुर ब्लॉक स्थित शहीद स्तंभ तक कैंडल मार्च निकाला और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व सिविल न्यायालय बार एसोसिएशन ने देश के प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी मल्लिका नैन को दिया जिसमें अधिवक्ताओं ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थक आतंकवादियों द्वारा भारतीय नागरिकों/पर्यटकों का धर्म पूछ कर धर्म के आधार पर हत्या कर दी गई थी आतंकवादियों द्वारा हिंदुस्तान के भीतर हिंदू मुस्लिम धर्म के मध्य में वैमनस्यता पैदा करने का जो कार्य किया गया है इसके दोषी पाकिस्तान समर्थक आतंकवादियों को 48 घंटे के अंदर तलाश कर कड़ी सजा दी जाए तथा पाकिस्तान के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई हो जिससे भविष्य में कोई भी देश आतंक एवं आतंकवादियों का किसी प्रकार का सहयोग करने का साहस न कर सके। इस दौरान सिविल न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण भदोरिया, उपाध्यक्ष प्रवेश त्रिवेदी, विजय यादव अतुल परमार संजीव मिश्रा रविंद्र सिंह राठौड़ कौशल जौहरी अजय यादव पुष्पेंद्र श्रीवास्तव मनोज यादव प्रशांत पाराशर सत्येंद्र मिश्रा राजीव यादव सूरजपाल विनय सक्सेना रजनीश यादव प्रशांत चौहान श्याम सिंह धर्मेंद्र मौर्य पंकज मिश्रा महाराज आदि लोग मौजूद रहे।

अखिल भारतीय चित्रांश महासभा द्वारा आज कैंडल मार्च निकालकर पहलगाँव मे हुए भीषड आतंकी हमले के बाद देश मे गम और गुस्से का माहौल है द्य आतंकी हमलो की निंदा करते हुए प्रदीप सक्सेना, अनूप कुमार सक्सेना, दीपक सक्सेना ने कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को मिट्टी में मिला दिया जाये साथ ही वहां की सेना तथा कडा प्रहार किया जाये। इसमें रिन्केश सौराखिया, पंकज सक्सेना, रवि जौहरी, विकास चित्रांश, कमलेश सक्सेना, सत्य प्रकाश, सुधीर सक्सेना, प्रतिभा जौहरी, ममता जौहरी, नीलाम रानी, पूनम सक्सेना, प्रतिमा बिसरिया, अलका सक्सेना, ज्योति सक्सेना, शालिल सक्सेना, डी के सक्सेना, सुनील सक्सेना आदि लोगो ने प्रदर्शन मे भाग लिया।

**ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन ने पहलगाम की घटना पर शोक संवेदना प्रकट की**

ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन द्वारा पहलगाम कश्मीर में पर्यटकों के साथ हुई आतंकवादी हमले के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए स्थानीय शहीद पंकज अरोड़ा स्मृति चौक दीनदयाल पुरम में एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आतंकवाद के विरुद्ध जन समर्थन की अपील के साथ आतंकवाद को समूल नष्ट करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू ने कहा कि सभी देशवासी मिलकर अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुए प्रत्येक दिन अपनी पूजा में आतंकवाद को समाप्त करने की प्रार्थना करें। मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत ने कहा कि आतंकवादियों का कोई मजहब नहीं है उनका सिर्फ एक ही मजहब है निर्दोष और भोले भाले लोगों को मारकर समाज में आतंक व्याप्त करना है।

# कोल्ड स्टोर में लगी आग पर काश्तकारों ने उठाए सवाल

## जांच की मांग, बाजार मूल्य पर मांगा जले हुए माल का मुआवजा

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में बड़ा बाइपास स्थित कृष्णा ढाबा के पास पीएस कोल्ड स्टोर में लगी आग पर काश्तकारों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कोल्ड स्टोर में रखा ज्यादातर माल जलकर राख हो गया जिसकी कीमत करोड़ों में है लेकिन मौके पर कुछ और ही कहानी बयां हो रही है। सभी माल को जलकर राख होना बताया जा रहा है लेकिन अवशेष देखकर ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है। आग लगने की सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचे तो कोल्ड स्टोर के मालिक या कर्मचारी मौके पर नहीं मिले, मात्र फायर बिग्रेड वाले ही आग बुझाते मिले। पूछताछ करने पर गाली गलौज कर हमें वहां से भगा दिया गया। कोल्ड स्टोर में मिर्च, धनिया, जीरा, आलू व अन्य सामान के साथ ही देशी दवा में इस्तेमाल होने वाला सतावर की बोरियां भी रखीं थी। जिन्हें आग में जल जाने की बात कही जा रही है, वहीं काश्तकारों का कहना है कि सतावर इतनी जल्दी आग नहीं पकड़ती और मौके पर सभी सतावर के जलने की भी पुष्टि नहीं होती है। काश्तकारों ने बताया कि आग लगने से दो-तीन घंटे पहले कई ट्रैक्टर-ट्रालियां कोल्ड स्टोर से आती-जाती देखी गयी हैं। उनका कहना है कि आग लगने से पहले ज्यादातर माल को निकाल लिया गया था।



**लाखों रुपये मूल्य की सतावर भी जलकर राख**

इस मामले को लेकर काश्तकार शुक्रवार को जिला उद्यान अधिकारी से मिले और उन्हें सारी बात बताई तथा आग लगने की घटना की जांच कराये जाने तथा जांच में दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कराये जाने तथा बाजार मूल्य पर मुआवजा दिलाये जाने की मांग की। आग लगने की इस घटना के बाद उद्यान विभाग ने जिले में बने सभी कोल्ड स्टोरों की सुरक्षा जांचने के लिए अभियान चलाने का फैसला लिया है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि अग्निकांड की भी जांच कराई जा रही है। वैसे प्रारम्भिक जांच में वेल्डिंग करते समय आग लगने की बात सामने आ रही है।

# थाना समाधान दिवस पर सुनी गई जनता की समस्याएं

-स्वतंत्र भारत-



**भुता।** थाना समाधान दिवस में आज नायब तहसीलदार, कानूनगो ,थाना प्रभारी ने बैठकर जनता की समस्याओं को सुना। कुछ प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया ,एवं कुछ प्रार्थना पत्रों के लिए राजस्व विभाग एवं पुलिस की टीम गठित कर मौके पर निस्तारण के लिए भेजा गया। समाधान दिवस में आज नायब तहसीलदार राकेश त्रिवेदी, कानूनगो मोहम्मद रिजवान, थाना प्रभारी भारत सिंह ने फरियादियों की समस्या को सुना। लगभग आधा दर्जन प्रार्थना पत्र आए जो जमीन जगह से संबंधित थे। एक प्रार्थना पत्र रामवती पत्नी धर्मपाल निवासी डडिया नवाजिसअली ने दिया जिन्होंने आरोप लगाया कि गांव निवासी हरपाल और रामचंद्र ने दबंगई के बल पर गुंडागर्दी दिखाते हुए रामवती के खेत की मेड जबरन काट ली। रामवती ने जब इसका विरोध किया तो वह गंदी-गंदी गालियां देने लगे एवं लाठी डंडे लेकर जान से मारने की धमकी देने लगे। रामवती ने बताया कि उक्त दबंगो से लड़ाई झगड़ा करने में असमर्थ है। जिस पर थाना प्रभारी भारत सिंह यादव ने पुलिस ब राजस्व विभाग टीम को शीघ्र भेज कर जांच कर निस्तारण किए जाने के आदेश दिए है।

# गुलजार मार्केट पर गरजा बीडीए का बुलडोजर, १७ दुकानों को ध्वस्त किया

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इज्जतनगर रोड स्थित गुलजार मेंशन मार्केट पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरानपांच बुलडोजर, एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर की मदद से 17 दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के चलते व्यापारियों में भारी रोष फैल गया और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

कार्रवाई से पहले बीडीए कार्यालय में व्यापारियों और अधिकारियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। व्यापारियों ने बीडीए उपाध्यक्ष का घेराव कर प्रदर्शन किया और 'बीडीए मुर्दाबाद' के नारे लगाए। व्यापारियों का आरोप था कि बिना पर्याप्त नोटिस और बातचीत के ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई। गुलजार मेंशन मार्केट में बुलडोजर पहुंचते ही व्यापारियों और उनके परिजनों में खलबली मच गई। दुकानदारों को अपना सामान निकालने तक का समय नहीं दिया गया। भारी विरोध के बाद कुछ देर के लिए कार्रवाई रोकी गई, जिससे व्यापारियों ने जल्दी-जल्दी अपना सामान बाहर निकाला। लेकिन शाम पांच बजे के बाद फिर से कार्रवाई शुरू कर दी गई।

उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने इस मुद्दे को लेकर बीडीए अधिकारियों से वार्ता की मांग की थी और सोमवार तक बातचीत का आश्वासन मिला था, बावजूद इसके शनिवार शाम ही कार्रवाई शुरू कर दी गई। इस पूरे अभियान के दौरान पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा और सीओ पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में हालात को नियंत्रित किया गया। बीडीए अधिकारियों के अनुसार, गुलजार मेंशन मार्केट अवैध निर्माण श्रेणी में आता है, जिसके चलते ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

# बरेली रोड़ पर दो बाइकों में हुई जोरदार टक्कर, तीन घायल

-स्वतंत्र भारत-



**सिरौली।** सिरौली अलीगंज मार्ग पर डीआरएम इंटर कॉलेज के समीप शनिवार को लगभग चार बजे दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में तीन लोग घायल हो गए जिनको पुलिस द्वारा अस्पताल भिजवाया गया है।

शनिवार की शाम समय करीब साढ़े चार बजे सिरौली अलीगंज मार्ग डीआरएम इंटर कॉलेज के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें तीन लोग घायल हो गए राहगीरों की सहायता से घटना की जानकारी थाना सिरौली पुलिस को दी गई वही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवा दिया पुलिस ने दोनों ही बाईकों को अपने कब्जे में लिया है। जानकारी के मुताबिक राजीव पुत्र उदय राम शर्मा आंवला के सिरौली से अपने काम को पूरा करके अलीगंज की ओर जा रहे थे तभी शिवपुरी की ओर से आ रही एक तेज गति बाइक उनकी बाइक से टकरा गई जिसमें अंकित और रमाकांत भी घायल हुए हैं जो कि जनपद बदायूं के बेहटा फाटक के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने तीनों ही घायलों को उपचार हेतु एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवा दिया है जिसके बाद पुलिस ने दोनों ही बाईकों को अपने कब्जे में ले लिया है।

# हाई स्कूल, इंटरमीडिएट में राम भरोसे गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बरेली का नाम रोशन किया

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** यूपी बोर्ड 2025 की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉप करने वाली छात्राओं ने राम भरोसे गर्ल्स इंटर कॉलेज बरेली का नाम किया रोशन, 25 अप्रैल घोषित हुए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में छात्राओं और शिक्षकों के बीच उत्साह का माहौल रहा।



इंटरमीडिएट परीक्षा में कुमारी मनु (वाणिज्य वर्ग) ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया कुमारी गरिमा (विज्ञान वर्ग) 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही और इसी छात्रा ने 2025 के छ्व्श्व्श्व परीक्षा में भी 85 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है कुमारी कनिका रस्तोगी (मानविकी वर्ग) 77.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही।

विद्यालय इंटरमीडिएट की सम्मिलित मेरिट लिस्ट में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली होनहार छात्राएं निम्नवत है। प्रथम मनु द्वितीय गरिमा और तृतीय शगुन साहू विद्यालय में 223 छात्राओं में से 191 छात्राओं ने प्रथम स्थान में परीक्षा उत्तीर्ण की 32 छात्राओं ने विशेष सम्मान के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की हाईस्कूल की छात्रा कुमारी लक्ष्मी गुप्ता ने 80.5 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया कुमारी शिफा ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और कुमारी वाणी अग्रवाल 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं एवं विषम परिस्थितियों में भी 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली (वाणिज्य वर्ग) की आरती मेहरा और 68 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली (मानविकी वर्ग) की स्नेहा अरोड़ा सहित सभी सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को प्रधानाचार्य डॉ मीना जैन एवं समस्त स्टाफ द्वारा माला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्य ने एवं शिक्षिकाओं ने इन सभी प्रतिभाशाली छात्राओं को उनकी इस सफलता पर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बारादरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक ट्रक तीन शातिर बदमाश किए गिरफ्तार

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** थाना बारादरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 3 शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार, पुलिस ने मुठभेड के दौरान , कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर ,एक कैंटर ट्रक व चाबियों का एक गुच्छा बरामद की।

पुलिस को रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग चोरी का ट्रक लेकर भरतौल रोड पर बेचने की फिराक में है।

प्रभारी निरीक्षक बारादरी द्वारा तत्काल पुलिस पार्टी के साथ बताये गये स्थान पर घेराबंदी कर बदमाशों की गिरफ्तारी का प्रयास किया गया तो मौके पर मौजूद बदमाशों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्यवाही में एक अभियुक्त रहीम उर्फ बाबू उर्फ बट्टा पुत्र राफेदीन निवासी ग्राम चंदोई थाना इस्लामनगर जनपद बदायू हाल पता मकान नंबर टी-86 चांद बीबी, कैम्प सराय काले खां हजरत निजामुद्दीन दक्षिणी दिल्ली दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया एवं अन्य दो अभियुक्त सहजान पुत्र साहिद व साकिब पुत्र इदरीश निवासीगण भवानीपुर खल्ली थाना सहसवान जनपद बदायू को मौके से समय करीब रात्रि 01.32 बजे गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से एक तमन्चा 315 बोर, एक जिन्दा व नाल में फंसा हुआ एक खोखा कारतूस 315 बोर, चोरी किया गया एक कैंटर ट्रक नं0 डीएल 1 जीई 0610 एवं चाबियों का एक गुच्छा बरामद हुआ है। घायल अभियुक्त रहीम उर्फ बाबू उर्फ बट्टा को उपचार हेतु जिला अस्पताल बरेली भेजा गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना बारादरी के मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। अभियुक्तो से पूछताछ में जानकारी हुई कि अभियुक्तगण अपने पास भिन्न-भिन्न प्रकार की चाबियां रखते है जिनसे सड़क किनारे खड़े ट्रको का लॉक खोलकर चोरी कर लेते है। बरामद हुये इस ट्रक को तीनो अभियुक्तों द्वारा मिलकर दिल्ली से चोरी करना बताया गया। आज जब इस ट्रक को बेचने जा रहे थे तो पुलिस द्वारा पकड लिया गया।

मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम में धनन्जय कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक, उनि जगत सिंह, उनि कुशलपाल सिंह , उनि सनी चौधरी, हेकां आशीष कुमार , कां सिद्धान्त चौधरी, कां अवनीश कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार मौजूद रहे।

# खबर एक नजर

## बाहरवाली के चक्कर में घरवाली व बच्ची को बाहर निकालना चाहता है पति

**भुता।** थाना क्षेत्र के गांव पऊनगला में एक युवक ने दूसरी महिला के चक्कर में अपनी ही पत्नी व बच्चे को घर से निकाल रहा है। महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। थाना क्षेत्र के गांव पऊनगला निवासी अंकित कुमार शर्मा का विवाह लगभग 10 वर्ष पहले हुआ था। युवक के 9 साल की एक बेटी भी है। पत्नी का आरोप है। की पति अब किसी दूसरी महिला के चक्कर में पड़कर मुझे और मेरी बेटी को बेवजह घर से निकाल रहा है। जिसमें मेरे सास ससुर भी मेरे पति की मदद कर रहे हैं और आए दिन मेरे साथ मारपीट करते हैं। मुझे जान को भी खतरा बना हुआ है। पीड़िता अपने पति के साथ ससुराल में ही रहना चाहती है। आज महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपने पति व सास और ससुर के खिलाफ शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## सुप्रिया ऐरन ने यूपीएससी परीक्षा में ७०२वीं रैंक हासिल करने पर अंजलि को दी बधाई



**बरेली।** पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में 702वीं रैंक हासिल करने वाली सदर कैन्ट की अंजलि को बधाई व शुभकामनायें देने उनके निवास पर पहुँची। उन्होंने अंजलि को यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में 702वीं रैंक हासिल करने पर हौसला अफजाई की उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर व मिठाई खिलाकर शुभकामनायें व आर्शीवाद दिया और कहा कि आपने कड़ी मेहनत और लगन से अपनी मंजिल को हासिल कर लिया है। आप उन सभी महिलाओं एवं अन्य उन सभी लोगों के लिये मिसाल है जो कम संसाधनों के होते हुये भी अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारी से मेहनत करते हुये अपने मुकाम को हासिल करती है। श्रीमती ऐरन ने अंजलि के परिवार सभी सदस्यों को अंजलि के यूपीएससी की परीक्षा में सफल होने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी।

अंजलि ने सुप्रिया ऐरन को बताया कि मेरी सफलता का श्रेय मेरे परिवार और दोस्तों को जाता है और कहा कि पहले दो प्रयासों में असफल रहने के बाद भी मैं निराश और हताश नहीं हुई और अधिक मेहनत व लगन से फिर से परीक्षा की तैयारी में जुट गई और तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की। इस अवसर पर श्री ओम प्रकाश, संजय वर्मा, दीपक बाल्मीकि, इमरान कासिफ, राकेश मिश्रा, अनिल पाठक आदि लोग मौजूद रहें।

## सीता की रसोई की ओर से एक निशुल्क विशाल पुस्तक मेला आज

**बरेली।** सीता की रसोई समिति, सिविल लाइंस निकट पॉवर हाउस पर रविवार सुबह 9 बजे से दुपहर एक बजे तक एक निशुल्क विशाल पुस्तक मेला लगाया जायेगा। इस पुस्तक मेले में बरेली शहर के विभिन्न स्कूल की सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड की एनसी से बारहवीं तक की पुस्तकें, बैंक, पीओ, नीट, जेईई, गैट आदि की पुस्तकें उपलब्ध हैं। सीता रसोई पुस्तक बैंक के सेवादार अनुराग मेहरोत्रा और अध्यक्ष प्रभात अगरवाल ने बताया की इस पुस्तक मेले मे जरूरतमन्द बच्चों को सीता की रसोई पुस्तक बैंक की तरफ से निशुल्क कॉपी, रजिस्टर और पेन पेंसिल निशुल्क दी जायेगी। इसके लिए बच्चे की स्कूल आईडी साथ लानी होगी। यह जानकारी सीता रसोई के विजय बाटला ने दी।

## डिम्पल मौर्य को प्रदेश में छटवां स्थान एवं बरेली में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर बधाई



**बरेली।** मौर्य विकास संस्था बरेली पूर्व प्रबंधक एवं राजकीय इण्टर कालेज में शिक्षक भाई देवेन्द्र मौर्य की बिटिया डिम्पल मौर्य इण्टर मीडिएट परीक्षा 2025 में प्रदेश छटवां स्थान एवं जिला बरेली में दूसरा स्थान प्राप्त कर परिवार, क्षेत्र, जिला, प्रदेश एवं समस्त समाज को गौरवान्वित करने पर रमेश मौर्य पूर्व अध्यक्ष मौर्य विकास संस्था बरेली एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आल इण्डिया सैनी सेवा समाज की ओर से समस्त परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दीं डिम्पल मौर्य ने बताया कि वह सिविल सेवा में चयनित होकर समाज सेवा करना चाहती है।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने कैंडिल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की

**बरेली।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृतकों को प्रभा टॉकीज के सामने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, पाकिस्तान की घोर निंदा की गई एवं कठोर कार्रवाई की मांग की गई श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भुवनेश्वर सिंह, जिला अध्यक्ष सर्वेश्वर पाल सिंह, धीरेंद्र सिंह धीरू, सतीश चौहान, अमित चौहान, सर्वेश सिंह, बंटी ठाकुर, शिवेंद्र सिंह, सोनू सिंह, पूर्व पार्षद अजय चौहान, अजय प्रताप सिंह, महेश कठेरिया, राकेश चौहान, श्यामवीर सिंह तोमर, आरती चौहान, भारती चौहान, आकाश, एमपी सिंह, जयवीर सिंह, अमर सिंह परमार एवं भारी संख्या में क्षत्रिय बंधु मौजूद रहे।

# गांव की गली टूटी व नाली के गंदे पानी के भराव से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** ग्राम फैजनगर में प्रधान, सचिव, की लापरवाही के चलते पिछले 5 वर्षों से गांव की मुख्य गली की सड़क टूटी होने से गंदा पानी बह रहा है। जिससे ग्रामीणों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बनी हुई है। इसकी ग्रामीणों ने एसडीएम फरीदपुर व सीएम पोर्टल पर लिखित शिकायत कर इस समस्या से शीघ्र निजात दिलाए जाने की मांग की है। ग्राम फैजनगर में मुख्य सड़क पिछले 5 वर्षों से बिल्कुल जर्जर और टूटी हालत में है। जिससे ग्रामीण व बच्चों व महिलाओं को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। थोड़ी ही बरसात में एक गली तालाब का रूप ले लेती है। स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में भारी दिक्कत होती है। और कई बार स्कूली बच्चे गिरने से चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों में इसको लेकर भारी आक्रोश है। जिसको लेकर जागरूक ग्रामीणों फरियाद हुसैन, जाहिद अली, अकील अहमद, अफजल हुसैन, शाहिद हुसैन, रमेश, रुखसार, एहसान अली ग्राम पंचायत सदस्य सहित दर्जनों लोगों ने आदि ने प्रधान व सचिव की लापरवाही के चलते एसडीएम फरीदपुर व सीएम पोर्टल पर शिकायत कर शीघ्र गांव की मुख्य गली की सड़क बनाये जाने की मांग की है।



# पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में दिव्यांग बच्चों ने आतंकवाद का फूंका पुतला

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इस भीषण हमले में लगभग दो दर्जन से ज्यादा लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सामाजिक, राजनीतिक संगठनों ने आतंक और पाकिस्तान का पुतला फूंककर अपना रोष जताया। इसी क्रम में वात्सल्य सेवा संस्थान, रेजीडेंसी गार्डन में दिव्यांग बच्चों ने विरोध प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला दहन किया और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। दिव्यांग बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की है की आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जबाव दें। उनका कहना था कि हमले के दौरान आतंकियों ने धर्म पूछकर, कपड़े उतरवाकर लोगों की पहचान की और फिर हत्या की जो कि एक गहरी साजिश और मजहबी नफरत का संकेत है। ऐसी कायराना हरकत का जवाब ऐसा हो कि इनकी 7 पुश्तें भी याद रखें।

संस्थान की चेयरमैन चेतना सक्सेना ने कहा कि पहलगाम में हुआ हमला देश पर हमला है, इसका उत्तर भी ऐसा होना चाहिए जो दुनिया में नजीर बन जाए। इस मौके पर चेयरमैन चेतना सक्सेना, सचिव साहिल सक्सेना, हिमांशु ,प्रतीक, ओम, आशुतोष, राधिका, सोनम, अयान, सुधन, तनसुका, हंस, यश, पीहू, शिव, गौरव, वंश, उदित, भावना सक्सेना, निधि सक्सेना, प्रीति सक्सेना, सरिता तलवार, डॉक्टर गिरीश दत्त शर्मा, डॉक्टर इंद्रेश गुप्ता, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर शीबा आदि मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में ममता बनर्जी का पुतला फूंका

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** पश्चिम बंगाल सरकार की मिली भगल से हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार और हत्याओं के विरोध में भारतीय हिन्दू सरकार के मंडल अध्यक्ष गौरव चौहान के नेतृत्व में बदायूं रोड पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करते हुए महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसीएम को दिया। गौरव चौहान ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगातार हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार हत्याएं और महिलाओं के साथ अभद्रता को देखते हुए महामहिम राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए जिससे हिंदुओं पर हो रहा है अत्याचारों को रोका जा सके इसके विरोध में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका है। हमारी मांग है कि बेघर हुए हिंदुओं को नया घर दिलवाया जाए एवं हिंसा के शिकार हुए हिंदुओं को 50-50 लाख मुआवजा दिलाया जाए।

प्रदर्शन के दौरान सुधांशु सिंह, राजेश कुमार, विकास मौर्य, रितु देवी, उषा रानी, सीमा, रजनी, उषा, नेहा सिंह चौहान, तेजपाल राजपूत, मुकेश राजपुर, संतोष कुमार मौर्य, ब्रह्मपाल सिंह, निति चौहान, रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# पीके पान प्रोडक्ट के गोदाम पर जीएसटी टीम का छापा

## टैक्स अदा करने में भारी हेराफेरी की आशंका

हरदोई । स्वतंत्र भारत



हरदोई के नघेटा रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार को लखनऊ से आई जीएसटी टीम ने पीके पान प्रोडक्ट्स पर छापेमारी की कार्यवाही शुरू की । फैक्ट्री के मालिक प्रवीण अवस्थी पर जीएसटी चोरी की गंभीर शिकायत मिलने के बाद जॉइंट कमिश्नर के नेतृत्व में यह छपी में छापेमारी करी जा रही है। आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां और भारी पुलिस बल के साथ पहुंची टीम ने फैक्ट्री को चारों तरफ से घेर कर कार्यालय में मौजूद दस्तावेजों की छानबीन शुरू कर दी है ।

सूत्रों के मुताबिक जीएसटी विभाग को प्रवीण अवस्थी के तरफ से फर्जी बिलिंग और बिना चालान के पान मसाला लदी गाड़ियों को भेजे जाने का संदेह है । यह भी कहा जा रहा है की सुबह एक गाड़ी का बिल और चालान देकर गाड़ी भेजी जाती है ।तीन घंटे बाद इस गाड़ी के वापस हो जाने के बाद में फिर से इस बिल और चालान पर दूसरा माल लोड दिया जाता है और भेज दिया जाता है। उसके बाद यदि गाड़ी फिर वापस आ जाती है तो तीसरी बार भी इस बिल और चालान पर माल लोड कर गाड़ी को भेज दिया जाता है । इस प्रकार एक ही बल और चालान पर तीन-तीन बार एक ही नंबर की गाड़ी पर माल लोड कर भेज दिया जाता है जिससे भारी मात्रा में सरकार को जीएसटी की चपत लग रही है

इसी क्रम में जीएसटी टीम में अधिकारियों ने पीके पान प्रोडक्ट में कार्यरत कर्मचारियों से भी पूछताछ की और दस्तावेजों तथा कंप्यूटर में मौजूद डिजिटल रिकॉर्ड की बारीकी से जांच करी जा रही है विदित हो कि इससे पहले मार्च 2022 में भी स्वास्थ्य ब्रदर्स के विभिन्न ठिकानों पर जीएसटी विभाग ने छापेमारी कर महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए थे मगर उन दस्तावेजों के आधार पर क्या कार्यवाही जीएसटी विभाग द्वारा की गई यह किसी को नहीं पता चला

ज्ञात हो पीके पान प्रोडक्ट के मालिक अवस्थी ने कोरोना पीरियड में पान मसाला की बंदी के दौरान भारी मात्रा में पान मसाले का प्रोडक्शन किया था ।नई कंपनी होने की वजह से जीएसटी टीम की जानकारी में वह नहीं आ पाए उस पीरियड में उन्होंने अकूत धन संपदा कमाई ।जिसके बाद वह हरदोई के प्रमुख उद्योगपतियों में गिने जाने लगे अब उन पर एक बार फिर से जीएसटी विभाग का शिकंजा कसा जा चुका है। फिलहाल फैक्ट्री में मालिक और कर्मचारियों से पूछताछ का दौर जारी है कागजों की जांच पड़ताल की जा रही है डिजिटल रिकॉर्ड में कंप्यूटर की हार्ड डिस्क आदि को जप्त कर लिया गया है।

## सवारियों को बैठाकर टप्पेबाजी करने वाले दो युवक कार सहित गिरफ्तार



**हरदोई, स्वतंत्र भारत।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में महिला के साथ 17 अप्रैल को हुई टप्पेबाजी की घटना में कार सहित दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को सीज कर दिया है। 17 अप्रैल को करुणा देवी पत्नी कमलेश निवासी ग्राम गैदरा थाना बेहटा गोकुल द्वारा कोतवाली देहात पर तहरीर दी गई कि वह अपने घर जाने हेतु ढोलिया चौराहा थाना सुरसा से कार में बैठ गयी, जिसके उपरांत कार में सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चेकिंग होने का बहाना बनाते हुए उसको अपना कीमती सामान रखने के लिये लिफाफा दिया गया तथा कुछ दूर चलने के बाद कार खराब होने का बहाना बनाते हुए उसके पास रखे लिफाफे को बदलकर मौके से फरार हो गये। इस संबंध में पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली देहात पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी।कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह निरीक्षक ध्रुव कुमार व पुलिस बल और स्वाट टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान प्रकाश मंर आये शोहव पुत्र इदरीश निवासी मोहल्ला कैरौगंज थाना कोतवाली चौक जनपद शाहजहाँपुर और दीपक उर्फ राकेश पुत्र पंचूराम निवासी ग्राम पिपौरा थाना मादगुआ जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश को 21300 रुपये नगदी व घटना में प्रयुक्त एक कार सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम को पूछताछ करने पर गिरफ्तार अरोइयों ने बताया दोनों वाहन के इन्तजार में खडी सवारी को चिन्हित कर उन्हे अपनी कार में बैठा लेते थे तथा कुछ दूर चलने के बाद आगे चेकिंग होने का बहाना बनाते हुए सवारी को अपना कीमती सामान रखने के लिये लिफाफा देते थे। जिसके उपरांत दोनों उक्त लिफाफे को बदलकर मौके से फरार हो जाते थे।पुलिस ने गिरफ्तार दोनों टप्पेबाजों को जेल भेज दिया है।

## आकृति को मोबाइल फोन देकर किया सम्मानित

हरदोई। स्वतंत्र भारत



उत्तर प्रदेश मे माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से घोषित हुए परीक्षा परिणामो मे जिला हरदोई मे टॉप टेन मे हाईस्कूल मे लगभग सभी मल्लावां पब्लिक स्कूल के ही बच्चे हैं जिन्होंने अपने परिजनों के साथ साथ गुरुजनों व स्कूल के नाम को भी प्रदेश स्तर पर परिचित करवाया। इससे भी आगे जब इस बच्ची का नाम आता है तो थोड़ा भावनात्मक जुड़ाव हो जाता है आकृति पटेल जो कि एक ग्रामीण परिवेश से आती है उसकी मां का स्वर्गवास 12 वर्ष पहले हो चुका था। उसकी उम्र 3 वर्ष रही होगी। आज उसी बालिका ने संसाधनों के अभावो मे कड़ी मेहनत व जहाँ जीतने की लगन ने आज वो कर दिखाया जिसका हर माता पिता स्वप्न देखते हैं। उसकी शिक्षा और आगे बढ़ाने के लिए आकृति पटेल को जितेन्द्र कुमार पाठक पत्रकार, प्रबंधक हरिपाल सिंह, प्रधानाचार्य नीलेश कुशवाहा द्वारा मोबइल देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर वैष्णवी पाठक साथ मे रही जो कि विद्यालय मे कक्षा 7 की छात्रा है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**शाहाबाद हरदोई।** कात्यायनी शक्तिपीठ मोहल्ला दिलेरगंज में जम्मू के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति एवं पाकिस्तान का विनाश के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। और पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। पहलगाम में हुई वीभत्स घटना पर कात्यायनी शक्तिपीठ में एक विशेष यज्ञ और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कात्यायनी शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि महाराज के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंदराम दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा में सुभाष रस्तोगी, अमितेश मिश्रा, पवन रस्तोगी, मदन राठौर आदि ने यज्ञ के माध्यम से ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की तथा इस अमानवीय आतंकी कृत्य की कठोर निंदा की। सभा में सभी ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार के आतंकवादी हमले न केवल मानवता के विरुद्ध अपराध हैं, बल्कि शांति और सौहार्द को भी ठेस पहुंचाते हैं।उन्होंने सरकार से मांग की कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और देश की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। कि राष्टहित में सदैव एकजुट रहकर आतंकवाद के विरुद्ध जनजागरण करते रहेंगे।इस आयोजन में अनिल लाहौरी,नवनीश गुप्ता,प्रेमशंकर गुप्ता,राजा बाल्मिकी ,शिवा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस आयोजित

**हरियावाँ।** एसडीएम सुशील कुमार मिश्र की अध्यक्षता व थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह की उपस्थिति मे समाधान दिवस संपन्न हुआ । जिसमे आज कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जो सभी राजस्व के है । प्राप्त प्रार्थना पत्रो के त्वरित निस्तारण के उपजिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए। राजस्व कर्मियों से कहा अपने अपने क्षेत्रों के प्राप्त प्रार्थना पत्रो को पुलिस बल के सहयोग से मौके पर जाकर निस्तारण कराये ।ये भी कहा किसी प्रकार की लापरवाही ना करे थाना प्रभारी ने कहा पीड़ितो को न्याय दिलाना ये हमारी पहली प्राथमिकता है. इस अवसर पर एस आई शिव दत्त सिंह एसआई बृजेश सिंह दीवान वकील खान का. अभिन्न चौधरी महिला आरक्षी वंदना राजस्व कर्मी दीपक पाल तहसील शहाबाद शैलेश सिंह, पंकज मिश्र आदि राजस्व कर्मी व पुलिस कर्मी मौके पर मौजूद रहे ।

## डीएम ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक





- वेयर हाउस का भी किया निरीक्षण

हरदोई। स्वतंत्र भारत

विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वादों का निस्तारण तेजी से किया जाये। म्यूटेशन के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। वरासत से सम्बंधित वादों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाये। पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। धारा 34 के वादों को तेजी से निस्तारित किया जाये। वादों के त्वरित निस्तारण के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाये। निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए जवाबदेही तय की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम व वीवीपैट के वेयर हाउस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाली बॉक्स को व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वेयर हाउस के बाहर बरामदे में साफ सफाई करायी जाये। निर्वाचन से जुडी जानकारियां राजनीतिक दलों के साथ ससमय साझा की जाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## व्यापारियों ने निकाला कैंडल मार्च

**माधोगंज, स्वतंत्र भारत।** पहलगाम में आतंकियों ने टूरिस्टो से उनका धर्म पूछ कर गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश उधोग ब्यापार मंडल ने केंडिल मार्च निकालकर विरोध जताया। 22 अप्रैल को पहलगाम में टूरिस्टों पर उनका धर्म पूँछ कर और कलमा न सुना पाने पर आतंकियों ने 28 लोगो को गोली मारकर हत्या करने के विरोध में कस्बे के मोहल्ला अन्नपूर्णनगर स्थित शिवलिया मंदिर पर उत्तर प्रदेश उधोग ब्यापार मंडल के अध्यक्ष सुयश गुप्ता के आवाहन पर एकत्र होकर मारे गए पर्यटको की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंलि दी। उसके बाद केंडिल मार्च निकालकर पाकिस्तान मुर्दाबाद, नवाज शरीफ मुर्दाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कस्बे के नझहाई चौराहा, किराना मंडी, सदर बाजार, बडें मंदिर, तिकुनिया पार्क होते हुए बस स्टॉप पर पहुँच कर नारे लगाते हुए विरोध प्रकट किया। इस मौके पर ओमकार गुप्ता, हीरू दीक्षित, धीरू गुप्ता, कमल वर्मा, प्रतीक गुप्ता, प्रमोद सोनी,शुभम गुप्ता, शिवेंद्र सिंह, शिवम ओमर, मो आरिफ, दिनेश सोनी, राजू गुप्ता,करुणा शकर गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता,अनुज शुक्ला ,पारुल कश्यप, आदि दर्जनों युवा व्यापारी मौजूद रहे।



## वन स्टाप सेंटर का जागरूकता अभियान



**हरदोई, स्वतंत्र भारत।** शनिवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टाप सेंटर हरदोई ने महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में महिलाओ , बालिकाओं से संबंधित हो रहे अपराधो को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में सेंटर मैनेजर रुबी, व सुरभि सिंह , मिथलेश कुमारी ने कार्यक्रम में मौजूद छात्र एवं छात्राओं को हो रहे महिला संबंधी अपराधो के बारे में बताया। और उनसे बचने के उपाय के बारे में भी बताया। और साथ ही विभाग द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाऐं द्वद्व जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना , कन्या सुमंगला योजना, व स्पॉन्सर शिप योजना को विस्तार से बताया गया साथ ही वन स्टॉप सेन्टर की कार्य प्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई!! उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित हेल्प लाइन नंबर 1098 , 181 , 1090 की जानकारी वन स्टॉप सेन्टर टीम द्वारा प्रदान की गई।। इस मौके पर वन स्टाप सेंटर प्रभारी रुबी वर्मा व मिथिलेश कुमार के साथ महाविद्यालय स्टाप उपस्थित रहा।

## जिम्मेदारों की शह पर वर्षों से चल रहा बिना मान्यता के स्कूल

- कलान के द मसूरी इंटरनेशनल की मान्यता पर चल रहा दक्ष स्कूल

शाहाबाद हरदोई। स्वतंत्र भारत




कोतवाली क्षेत्र के हरदोई शाहजहांपुर रोड पर वर्षो से चल रहे दक्ष इंटरनेशनल स्कूल मानक विहीन तरीके से बिना मान्यता के शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों की शह पर चलाया जा रहा है।मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल निवासी एक अभिवावक ने डीएम को स्कूल के विरुद्ध शिकायती पत्र भेज कर कार्यवाही की मांग की है।समीर मियां पुत्र वसीउद्दीन ने बताया उन्होंने अपने पुत्र अब्दुल रब खां का दाखिला दक्ष स्कूल में कक्षा 8 में करवाया था।उनके पुत्र के कक्षा 8 पास करने के बाद स्कूल प्रबंधन ने उन्हें छात्र का अंकपत्र नहीं दिया।मांगने पर बाद में मिल जायेगा कहकर छात्र का कक्षा 9 में प्रवेश दिला दिया। कक्षा 9 पास करने के बाद भी 8 और 9 का अंकपत्र नहीं दिया गया।काफी मांगने के बाद स्कूल प्रबंधन ने स्टाफ के एक व्यक्ति को प्रति वर्ष के दस हजार रुपए जमा करने को कहा गया।रुपए देने के बाद स्कूल प्रबंधन के कहा बोर्ड के नियमानुसार 8,9 और दस का अंकपत्र एक साथ आएगा।पीड़ित पिता के अनुसार उनके पुत्र का कक्षा 10 में प्रवेश दिला दिया गया।बोर्ड परीक्षा के लिए जब उनके पुत्र का प्रवेश पत्र आया तब उसपर दक्ष इंटरनेशनल स्कूल की जगह द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल झंडा कलान शाहजहांपुर लिखकर आया।उनके द्वारा स्कूल प्रबंधन से पूछताछ की गई तो स्कूल ने बताया वह उनकी ही शाखा है।उनके पुत्र ने हाई स्कूल की परीक्षा पास कर ली।तो हाई स्कूल के अंक पत्र में छात्र के पिता का नाम गलत कर दिया गया।नाम संशोधन करवाने के लिए स्कूल प्रबंधन ने काफी बार दौड़ाया।

फिर जब वह द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल नाम में संशोधन करवाने गया।तो उससे पचास हजार रुपए की मांग की गई।छात्र के पिता ने अपने पुत्र का भविष्य खराब कर देने का आरोप लगाते हुए स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध जिलाधिकारी हरदोई सहित अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेज कर कार्यवाही की मांग की है।आपको बता दें दक्ष इंटरनेशनल स्कूल की मान्यता को लेकर पूर्व में कई बार समाचार पत्रों ने छापा लेकिन शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों के निजी स्वार्थ के कारण इस स्कूल के विरुद्ध कभी कोई कार्यवाही नहीं की गई।

# खबर एक नजर

## लावारिस मिली बच्ची को पुलिस ने परिजनों के किया सुपुर्द

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के प्रताप नगर चौराहा बस स्टैंड के पास मिली लावारिस बच्ची को पुलिस ने थाने लाकर परिजनों को ढूंढकर उनके सुपुर्द किया है। शनिवार को थाना बेनीगंज पुलिस को प्रतापनगर बस स्टैंड के निकट एक 12 वर्षीय बच्ची मिली जोकि अपने परिजनों से बिछड गयी थी। थाना बेनीगंज पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्ची को थाने पर लाया गया एवं चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित किया गया। थाना बेनीगंज के उपनिरीक्षक गोपाल मणि शुक्ला व पुलिस बल द्वारा स्थानीय व्यक्तियों व सोशल मीडिया आदि के माध्यम से बच्ची के परिजनों का पता लगाया गया तथा विधिक कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत बच्ची को सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया ।परिजनों द्वारा थाना बेनीगंज पुलिस टीम का धन्यवाद व्यक्त एवं आभार प्रकट किया गया।



## मां देवी राज राजेश्वरी के मूर्ति स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर पूजन अर्चन व भण्डारा आयोजित

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** जनपद के मल्लावां नगर के मोहल्ला गंगारामपुर स्थित मां देवी राज राजेश्वरी के मूर्ति स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर पूजन अर्चन कर कन्या भोज व विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।



मां देवी राज राजेश्वरी का आचार्य मुकुट बिहारी ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के बड़े भाई कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक एवं उनकी धर्मपत्नी शशी पाठक से पूजन अर्चन कराते हुए देश में सुख शान्ति समृद्धि खुशहाली व अमन-चैन के लिए यज्ञाहुति डलवाई इस दौरान वेदमंत्रों एवं विभिन्न देवी देवताओं के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। तत्पश्चात 101कन्याओ का पूजन कर भोज कराने के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन देर शाम तक चलता रहा। इसके अलावा मंगल संकीर्तन मण्डल एण्ड पार्टी के संरक्षक द्वारा सायं काल के समय संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया गया जिसको सुनकर सभी श्रोता भाव विभोर हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गौरव पाठक, सोनू पाठक, मनोज अग्निहोत्री, चन्दगीराम मिश्रा,अभिनव मिश्रा, जितेन्द्र पाठक, रामनरेश आर्य,विवेक कुमार श्यामू यादव समेत सैकड़ों सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## मारपीट के आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** दो दिन पूर्व नगर पालिका के सफाई कर्मचारी से की गई मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। सफाई कर्मी सुनील कुमार पुत्र कन्हैयालाल के अनुसार वह 23 अप्रैल को अपनी हद में सफाई का कार्य कर रहा था।सुपरवाइजर सत्यप्रकाश के कहने पर वह रामलीला मैदान चौक में सफाई करने गया था।तभी चौक निवासी अमन सिंह चौहान ने उससे सफाई के संबंधित जानकारी मांगी उसने बता दिया।लेकिन विपक्षी ने उसे जातिसूचक गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पर कोतवाली पुलिस ने घायल सफाई कर्मी का मेडिकल परीक्षण करवा कर आरोपी के विरुद्ध दलित एक्ट और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ऑटो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली क्षेत्र के आंझी चौकी क्षेत्र के ओवरब्रिज के निकट एक तेज रफ्तार ऑटो चालक ने बहन के विवाह के निमंत्रण बांट रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी।घायल बाइक सवार को सीएचसी के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।प्राप्त विवरण में कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के ग्राम भगतापुर भिठारी निवासी विशाल का 20 वर्षीय पुत्र अजय कुमार अपने भाई की बाइक संख्या यूपी 30बीपी 4293 से अपनी बहन के विवाह के निमंत्रण पत्र बाटने शाहाबाद की तरफ गया था।25 अप्रैल की शाम उसका पुत्र स्टेशन पर किसी को कार्ड देने जा रहा था।रेलवे ओवर ब्रिज के निकट सामने से रहे तेज रफ्तार ऑटो संख्या यूपी 30 सीटी 0880 के चालक ने तेज रफ्तार में सामने से उसके पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी।लोगों द्वारा उसके पुत्र को 108 एंबुलेंस से सीएचसी शाहाबाद भिजवाया गया।जहां डाक्टरों ने उसके पुत्र को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा है।प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय ने बताया मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर ऑटो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## दो बच्चों को लेकर युवती प्रेमी के साथ गई आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता अपने दो बच्चों सहित प्रेमी के साथ फरार हो गई।पीड़ित पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू की है। पीड़ित पति के अनुसार उसकी तीस वर्षीय पत्नी मोबाइल पर किसी से बात किया करती थी।20 अप्रैल को दिन में तीन बजे वह 5 वर्षीय और दो वर्षीय दोनों बच्चों को लेकर घर से दवा लेने के बहाने कहीं चली गई है।उसने पत्नी और बच्चों को काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका है।उसे शक है वही मोबाइल नंबर वाला अज्ञात युवक उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।कोतवाली पुलिस ने पति की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

## हथकरघा इकाई हेतु करे आवेदन

**हरदोई।** उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह ने बताया है कि प्रदेश सरकार द्वारा बेरोजगार युवक/युवतियों को हथकरघा वस्त्र उत्पाद की इकाई लगाये जाने के उद्देश्य से (एक जनपद-एक उत्पाद उत्पादन वित्त पोषण योजना) हथकरघा वस्त्र उत्पाद संचालित है। उन्होंने बताया कि इस योजना में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में उत्पादन आधारित परियोजनाओं मे 25 लाख तक की उत्पादन आधारित परियोजनाओं को 25 प्रतिशत तथा 25 लाख से 50 लाख की इकाइयों को रू0-6.25 लाख अथवा परियोजना लागत का 20 प्रतिशत जो भी अधिक हो तथा 50 लाख से 150 लाख तक की इकाइयों को रू0-10 लाख अथवा परियोजना लागत का 10 प्रतिशत जो भी हो मार्जिन मनी के रूप में दिया जायेगा और इकाईयां स्थापित करने हेतु आवेदन को सामान्य वर्ग के लाभार्थियों 10 प्रतिशत तथा विशेष श्रेणी के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 05 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाना अनिवार्य होगा।

# धांधली :183.27 लाख स्वीकृत वंदन योजना धन का दुरुपयोग



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** गरीबों की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग कैसे करना है इसकी सटीक जानकारी सफेद टोपी कुर्ता पायजामा और लाल टाई के सिवाय शायद ही कोई जानता हो।स्वतंत्रता के 78 सालों के बाद भी राष्ट्र विकास में व्यापक भ्रष्टाचार एक बदनुमा दाग बना हुआ जिसे अब मिटा पाना नामुमकिन लगने लगा है।भ्रष्टाचार की जड़ों ने व्यापक फैलाव कर लिया है,जिसे अब सुखा पाना किसी भी सरकार के लिए मुमकिन नहीं है।हालांकि योगी सरकार ने एक पहल की है कि भ्रष्टाचार के आरोप साबित होने पर परिवार के किसी भी सदस्य को राज्य सरकार की सेवा करने का मौका नही मिलेगा।योगी सरकार ने धार्मिक पौराणिक स्थलों के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 मे वंदन योजना अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बेल्हा स्थित बेल्हा माई धाम के विकास के लिए 1 करोड़ 83 लाख 27 हजार रुपए एकमुश्त भुगतान नगर पालिका परिषद बेल्हा को कर दिया,जिसमे विश्रामालय,वाटर किओस्क,छादक,साइनेज एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था,बेंच,सौंदर्यीकरण,सीसी मार्ग एवं इंटरलॉकिंग,घाटों का सौंदर्यीकरण सम्मिलित है।नगर पालिका परिषद बेल्हा ने एकमुश्त भुगतान धनराशि से कई महीने कार्य शुरू नहीं किया।वंदन योजना से प्राप्त धनराशि से अब उपवन अर्थात पार्क बेल्हा माई धाम के ठीक सामने सई नदी के उस पार बनाया जा रहा है और नीचे की तरफ घाट का निर्माण पर्यटन विभाग कराया जा रहा है और बेल्हा माई धाम के बगल सई नदी से सटे जमीन पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग कर जमीन बेचने उपरान्त उस पर बने मकान सई नदी के जद मे आते है जिन्हें सई नदी में बाढ़ जैसी समस्या से निजात दिलाने के लिए एक पक्का बांध का निर्माण किया गया है जिसके ऊपर से पैदल मार्ग बनाया गया है जिसका निर्माण पर्यटन विभाग से होना बताया गया है,यहीं पर स्थित सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट बदहाल हो चुका है जहां पर अब कब्जा कर मकान बना लिया गया है।वैसे तो बेल्हा माई धाम परिसर मे सौंदर्यीकरण साज-सज्जा समुचित प्रकाश की व्यवस्था पूर्व से हजा हज्ज़ है।ऐसे मे वंदन योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से बन रहे उपवन मे धनराशि का दुरुपयोग होना प्रतीत होता है,क्योंकि सरकार पार्क निर्माण के लिए अलग से धनराशि विभिन्न योजनाओं के जरिए मुहैया करवाती है।नगर पालिका परिषद बेल्हा के अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार के द्वारा वार्ता मे बताया गया कि उपवन का निर्माण नगर पालिका परिषद बेल्हा से करवाया जा रहा है और घाट का निर्माण तथा बांध पर पैदल मार्ग का निर्माण पर्यटन विभाग के द्वारा कराया जा रहा है।वंदन योजना अन्तर्गत क्या कार्य किए जा रहे है तो कोई जवाब किसी से नहीं मिल रहा है कोई कहता है कि उपवन निर्माण कार्य वंदन योजना से किया जा रहा है तो कोई पर्यटन विभाग से होना बताकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है।सही तो यह है कि कोई कुछ उगलने को राजी नहीं है सब लोग सिर्फ टालना चाहते है,अब सवाल उठता है कि क्या 183 लाख रुपए से सिर्फ उपवन का निर्माण होगा या और भी कुछ कार्य होंगे।

### 199.25 लाख से मां ज्वाला देवी धाम के विकास मे धांधली

उत्तर प्रदेश की दूसरी नगर पंचायत मानिकपुर को वित्तीय वर्ष 2023-24 मे धार्मिक पौराणिक स्थलों के विकास हेतु वंदन योजना अन्तर्गत एकमुश्त 1 करोड़ 99 लाख 25 हजार रुपए योगी सरकार ने दिए कि धाम परिसर मे विश्रामालय वाटर किओस्क छादक साइनेज एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था,बेंच इंटरलॉकिंग निर्माण आदि कार्य करने थे लेकिन वहां पर अभी तक सिर्फ एक हॉल और ज्वाला देवी धाम गेट के सामने इंटरलॉकिंग और कुछ लोहे की बेंच का कार्य किया गया है बाकी कोई कार्य दिखाई नही देता है।पौराणिक धाम होने के कारण शीतला सप्तमी,कार्तिक पूर्णिमा मे यहां मेला लगता है जिसमें कई जिलों के भक्तगण दर्शन करने आते हैं और रात्रि विश्राम करते है।

## डीपीआरओ ने पंचायत भवन का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे के द्वारा मान्धाता ब्लॉक के ग्राम पंचायत धरमपुर और सराय सुजान में निर्मित ग्रामीण सचिवालय का निरीक्षण किया गया। ग्राम सचिवालय कार्यवस्था में नही पाया गया। एडीओ पंचायत को पांच कार्य दिवस में क्रियाशील करवाने का अल्टीमेटम दिया गया है। इसी तरह सराय सुजान ग्राम पंचायत भवन में जल जीवन मिशन अन्तर्गत कार्य करने वालों को दिया गया है। डीपीआरओ ने 95 जी की नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।बता दें कि योगी सरकार ने ग्रामीणों को उनके गांव मे शासन सचिवालय की तर्ज पर ग्राम सचिवालय का निर्माण 22 लाख रुपए और उसमे कंप्यूटर उपकरण समेत सोफा कुर्सी मेज अलमारी सोलर पैनल के साथ इनवर्टर बैटरी आदि के लिए 1 लाख 75 हजार रुपए अलग से दिए,जिससे ग्रामीणों को ब्लॉक तहसील का चक्कर न लगाना पड़े।

## किशोरी से दुष्कर्म,आरोपी पुलिस हिरासत में

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना अन्तर्गत कटरा गुलाब सिंह चौकी क्षेत्र के वार्ड नंबर चार छिटाही गांव में घर के बाहर छप्पर में सो रही दलित किशोरी से गाँव के मनचले युवक अंत कुमार उर्फ दीपक पटेल पुत्र जीतलाल पटेल द्वारा दुष्कर्म करने का आरोप लगा है।किशोरी के पिता द्वारा जेठवारा थाने में दी गई तहरीर के अनुसार शुक्रवार को वह सपत्नी एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पूरब नारा,होलागढ़ जनपद प्रयागराज ससुराल गए थे।घर में उनकी 17 वर्षीय बेटी अकेली थी।रात करीब 12 बजे पड़ोस का एक मनचला युवक अंत कुमार उर्फ दीपक पटेल पहले उसे डराया,धमकाया फिर उसका मुंह दबाकर जबरन उसके साथ दुराचार किया।किसी से बताया तो जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गया।बेटी ने घटना की जानकारी पिता को दी और रात मे डॉयल 112 को सूचित किया।पुलिस ने किशोरी को ले जाकर मेडिकल कराया।सुबह पीड़िता के पिता द्वारा कोतवाली जेठवारा में घटना की तहरीर दी गई।हालांकि प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष दिन भर थाने में मौजूद रहे।कई घंटा बीत जाने के बाद क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ धारा 64 (1) 352,351/3,एससीएसटी एवं 3/4 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है।पीड़ित परिवार उपरोक्त घटना से डरा हुआ है।आरोपी धन बल में अधिक है इसलिए पीड़ित परिवार अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है।

## अथर्व ने 12 वीं रैंक हासिल कर आईआईटी गुवाहाटी में लिया प्रवेश



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्रांतर्गत ग्राम चरैया के निवासी दिनेश प्रताप सिंह पूर्व मैनेजर बड़ौदा यूपी बैंक के भतीजे अथर्व प्रताप सिंह पुत्र भूपेश प्रताप सिंह ने यूसीईईडी 2025 की परीक्षा में ऑल इंडिया मे 12 वीं रैंक हासिल किया है।अथर्व को प्रवेश के लिए आईआईटी गुवाहाटी कॉलेज मिला है।अथर्व का यूसीईईडी में उत्तीर्ण होना और आईआईटी में एडमिशन मिलना एक बड़ी उपलब्धि है।अथर्व ने इस उपलब्धि से अपने कुल परिवार एवं समाज का मान बढ़ाया है।यूसीईईडी परीक्षा एक राष्टीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है।इस परीक्षा मे सफलता प्राप्त करना न केवल व्यक्तिगत सफलता है बल्कि परिवार व समुदाय के लिए भी गौरव की बात है।

## सरस्वती विद्या मंदिर के बहन-भैया ने जिले मे लहराया परचम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** लालगंज नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज के छात्रों ने यूपी बोर्ड के परिणाम आने पर जिले मे परचम लहराया है। हाईस्कूल मे भैया सत्यम ने 600/570 अंक हासिल कर जिले मे टॉप टेन में जगह बनाई है।इंटर मीडियट की बहन प्रगति तिवारी ने 500/450 अंक प्राप्त कर टॉप टेन सूची में क्रमशः चौथा और छठा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और माता पिता का गौरव बढ़ाया है।विद्यालय निदेशक राम अवधेश मिश्र, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।उक्त अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने भूसा दान करने की अपील

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।** बिहार ब्लॉक खंड विकास अधिकारी मिर्जा इरफान वेग ने ब्लॉक के प्रत्येक ग्राम सभा के किसानों,ग्राम प्रधानों से अपील किया है कि गौशालाओं मे संरक्षित गौवंशों के लिए गेहूं का भूसा दान करें।उन्होंने समस्त पंचायत सचिवों को निर्देशित किया है कि स्वेच्छा पर भूसा दान करने वाले दानदाताओं से सम्पर्क करके भूसा समस्त गौशालाओं तक पहुंचवाने का कार्य पूर्ण कर लें।

## सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत करने पर मिलता पोषाहार

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** ब्लॉक कुंडा के करीमनगर चौंसा निवासी एक व्यक्ति जब-जब सीएम हेल्प लाइन नम्बर 1076 पर शिकायत करता है तो उसके घर पोषाहार पहुंच जाता है और सीएम हेल्प लाइन नम्बर पर भ्रामक आख्या प्रस्तुत कर इतिश्री कर लिया जाता है।शिकायतकर्ता ने फरवरी माह मे शिकायत किया तो पोषाहार घर पहुंच गया,उसके बाद मार्च माह में पोषाहार नही मिला। शिकायतकर्ता ने 11 अप्रैल 25 को पुनः शिकायत किया है।बता दें कि बाल पोषाहार वितरण में धांधली की जा रही है।

## डीएम एवं एसपी ने महादेवन मंदिर,सई नदी, निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना दिलीपपुर में जनसुनवाई की। फरियादियों से प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। उसके बाद डीएम एवं एसपी ने थाना दिलीपपुर में निर्माणाधीन आवासीय भवन का निरीक्षण किया और सम्बन्धित ठेकेदार को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने व आवश्यक निर्देश दिए। उसके बाद डीएम एवं एसपी ने सई नदी तट पर स्थित महादेवन मंदिर का निरीक्षण किया और घाट के सौंदर्यीकरण कराए जाने का निर्देश दिया।

## न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र पर प्रस्तुत की जाने वाली जांच आख्या के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

**स्वतंत्र भारत श्रावस्ती ।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर व महानिरीक्षक देवीपाटन के दिशा-निर्देशन में 'पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया' के पर्यवेक्षण एवं 'अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव' की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जमानत प्रार्थना पत्रों की नवीन नियमावली तथा माननीय उच्च न्यायालय में दाखिल की जाने वाली जमानत प्रार्थना पत्रों पर प्रस्तुत किए जाने वाले '19 बिंदुओं' की जांच आख्या के संबंध में विवेचकों को प्रशिक्षित करना था। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों एवं विवेचकों को जमानत प्रकरणों में जांच आख्या तैयार करते समय अभियुक्त की स्थिति, गिरफ्तारी, आरोप पत्र की स्थिति, पंचायतनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फर्द बरामदगी, पॉक्सो एक्ट, एससीध्एसटी एक्ट, महिला अपराध, गैंग चार्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि विषयों पर विधिक रूप से सुदृढ़ एवं तथ्यपरक आख्या तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जमानत के मामलों में अभियोजन अधिकारियों एवं पुलिस के बीच समन्वय को सशक्त बनाने पर भी बल दिया गया।कार्यशाला में विशेष रूप से 'सुधीर गोयल बनाम उत्तर प्रदेश राज्य' व अन्य संबंधित वादों में पारित आदेशों के अनुपालन पर भी चर्चा की गई, जिसमें यह निर्देशित किया गया है कि ऐसे प्रकरणों में, जिनमें परिवाद दाखिल किए जाने अथवा प्रथम सूचना रिपोर्ट (थ्प्) दर्ज किए जाने की व्यवस्था हो, विधिक प्रावधानों के अनुरूप जांच कर साक्ष्यों के आधार पर सुदृढ़ आख्या तैयार की जाए। इस दौरान गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत दर्ज मामलों की विवेचना में विशेष सावधानी बरतने तथा कानूनी बिंदुओं को गंभीरता से शामिल करने हेतु भी अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया, ताकि न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्रों के प्रभावी विरोध में कोई विधिक कमी न रह सके।

## प्रमाणित खतौनी न मिलने के कारण, तहसील से निराश लौटे कृषक

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** तहसील नानपारा में राजस्व विभाग द्वारा संचालित कंप्यूटरीकृत प्रमाणित खतौनी केंद्र पर विगत कई दिनों से ग्रामीण कृषक व जरूरतमंद, बैरंग अपने घर वापस लौट जाते हैं। क्योंकि तहसील नानपारा में जरूरतमंदों को प्रमाणित खतौनी नहीं मिल पा रही है। इस संबंध में जब तहसीलदार नानपारा से बात की गई तो उन्होंने बताया की सर्वर डाउन होने के कारण ऐसी समस्या पैदा हो गई है। अति शीघ्र समस्या का समाधान हो जाएगा और खतौनी मिलने लगेगी। राजस्व संबंधित बहुउपयोगी कागजात खतौनी के ना मिल पाने से जहां वादकारी तो परेशान ही हैं, वहीं जमींदारों को जमानत लेने के लिए खतौनी ना मिलने कारण, न्यायालयों पर जमानत दाखिल करने में भी दुश्वारियां हो रहीं हैं।


न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी
सदर रायबरेली
वाद संख्या. /20..
श्रीमती ललिता देवी आदि
बनाम
कुलदीप कुमार आदि

कुलदीप कुमार व अजय कुमार पुत्रगण रघुबीर पाल नि.गण ग्राम भाव पर. व तह. सदर जिला रायबरेली,
चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 35(2) उ0 प्र0 रा0स0 2006 अतऐव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ़ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति/जवाब प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आप दिनाँक 29/04/2025 ई0 दिन के 10 बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निर्णीत कर दिया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 26/04/2025 को जारी की गई।
न्यायाधीश

सी.आर.-174/D-CN

उद्घोषणा
न्यायालय श्रीमान सिविल जज
जू.डि.महोदय बिसवां-सीतापुर
प्र.दी.उत्तराधिकार सं.33/2025
ता.पेशी. 13.5.2025
विशाल अग्रवाल आयु करीब 39 साल पुत्र महावीर अग्रवाल निवासी पुरैनीगंज मजरा पुरैनी पर. व तह. बिसवां जिला सीतापुर मो.नं. 9935847785 प्रार्थी/वादी
बनाम
जायज वाद स्व.महावीर प्रसाद अग्रवाल पुत्र शुभकरन निवासी ग्राम पुरैनीगंज मजरा पुरैनी पर. व तह. बिसवां जिला सीतापुर
1.प्रभा देवी आयु 67 साल पत्नी स्व. महावीर प्रसाद निवासी ग्राम पुरैनीगंज मजरा पुरैनी पर. व तह. बिसवां जिला सीतापुर
2. रचना अग्रवाल आयु 54 साल पुत्री स्व. महावीर प्रसाद पत्नी अनिल अग्रवाल निवासी ग्राम दुधई जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश
3. रीतू अग्रवाल आयु 45 साल पुत्र स्व. महावीर अग्रवाल पत्नी रीतेश अग्रवाल निवासी राजाजीपुरम् सपना कालोनी लखनऊ... विपक्षीगण
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विशाल अग्रवाल प्रार्थी/वादी द्वारा मृतक महावीर प्रसाद अग्रवाल पुत्र शुभकरन के नाम जमा सम्पत्ति के सम्बन्ध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई हेतु तिथि दिनांक 13.05.2025 नियत है। अतः यदि किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति निर्धारित दिनांक 13.05.2025 को पूर्वान्ह 10.00 बजे स्वयं अथवा जरिये अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रार्थना पत्र की सुनवाई एकपक्षीय रूप से की जायेगी।
सम्पत्ति विवरण
1.खाताधारक-विशाल अग्रवाल आयु करीब 39 साल पुत्र महावीर अग्रवाल निवासी पुरैनीगंज मजरा पुरैनी पर. व तह. बिसवां जिला सीतापुर बैंक का नाम व पता व खाता सं.-जिला सहकारी बैंक लि. सीतापुर शाखा बिसवां-सीतापुर खाता सं.00110090000305 लॉकर सं.17816/172 राशि मु. 9903 रूपये
2.खाताधारक-विशाल अग्रवाल आयु करीब 39 साल पुत्र महावीर अग्रवाल निवासी पुरैनीगंज मजरा पुरैनी पर. व तह. बिसवां जिला सीतापुर बैंक का नाम व पता व खाता सं.-आर्यावर्त बैंक शाखा बिसवां-सीतापुर खाता सं.61256010003440 में राशि मु. 2086.50 पैसा
3.खाताधारक-विशाल अग्रवाल आयु करीब 39 साल पुत्र महावीर अग्रवाल निवासी पुरैनीगंज मजरा पुरैनी पर. व तह. बिसवां जिला सीतापुर बैंक का नाम व पता व खाता सं.-भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिसवां-सीतापुर खाता सं.34001037732 में राशि मु. 11179.50 पैसा
तेईस हजार एक सौ उन्हत्तर हजार रूपये आज दिनांक 21.4.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।
सिविल जज जू.डि.महोदय बिसवां-सीतापुर

सी.आर.-178/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 30.04.2025
इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 123 वर्ष 2025 श्रीमती चंदा पत्नी अब्दुल वारिस खान उर्फवारिस खान निवासी 207 दलेलगंज तह. सदर जिला शाहजहांपुर..प्रार्थिनी/वादिनी बनाम जनसाधारण...प्रतिवादीगण अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी श्रीमती चंदा वादिनी उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफ्लत हाय मुसम्मी स्व. रुबी पुत्री स्व. अब्दुल वारिस खान उर्फ वारिस खान निकट 207 रहमनिया विद्यालय दलेलगंज तह. सदर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई.हरगाह मुसम्मी श्रीमती चंदा वादिनी उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 30.04.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 30.04.2025 पेश होकर उजर पेश करे दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म निस्वत दरख्वास्त सादिर होगा। आज वतारीख 25.04.2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।

सी.आर.-176/D-CN

कार्यालय ग्राम पंचायत- अमोरा
विकास खण्ड मेजा प्रयागराज
पत्रांक मेमो / ग्राम पंचायत निविदा/ 2025-26 दिनांक 27/04/2025
अल्पकालीन निविदा सूचना
ग्राम पंचायत अमोरा में संचालित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में संरक्षित पशुओं के भरण पोषण हेतु भूषा /चारा व चुनी चोकर साइलेज आदि के क्रय हेतू पंजीकृत फर्म/आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु आवेदन ग्राम पंचायत अमोरा के कार्यालय से दिनांक 27-04-2025 से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 11-05-2025 तक सील बंद निविदा अथवा हस्ताक्षरी कार्यालय मे आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 12/05/2025 को 3 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी।
नियम व शर्तेः
निविदा को बिना कारण बताए पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का अधिकार पूर्ण अथवा हस्ताक्षरी का होगा प्राप्त आवेदन पूर्ण कर निविदा प्रपत्र 10 रू के स्टाम्प पेपर के साथ सीलबन्द लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक द्वारा ग्राम पंचायत अमोरा के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 12-05-2025 को समय दोपहर 3 बजे निविदादाताओं द्वारा डाली गई निविदा निविदादाताओं की उपस्थिति में ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी यह निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए होगी। भरण पोषण हेतु सामग्री की आपूर्ति संरक्षित पशुओं के अनुसार ग्राम पंचायत के द्वारा प्रेषित मांग पत्र / आपूर्ति आदेश के अनुसार किया जाएगा, जिसका भुगतान शासन के द्वारा ग्राम पंचायत को धनराशि उपलब्ध होने के उपरान्त ही किया जाएगा। ग्राम पंचायत को यह अधिकार निहित होगा कि निविदा को निरस्त अथवा गुणवत्ता में कमी होने पर भुगतान में कटौती अथवा आपूर्ति सामग्री की वापसी कर सकती है जिस पर किसी भी प्रकार का अधिभार आपूर्तिकर्ता द्वारा ही किया जाएगा।
ललिता सिंह, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत- अमोरा, विकास खण्ड- मेजा, प्रयागराज
शिवांगी पांडेय, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत- अमोरा, विकास खण्ड- मेजा, प्रयागराज

कार्यालय ग्राम पंचायत- कोहड़ार
विकास खण्ड मेजा प्रयागराज
पत्रांक मेमो / ग्राम पंचायत निविदा/ 2025-26 दिनांक 27/04/2025
अल्पकालीन निविदा सूचना
ग्राम पंचायत कोहड़ार में संचालित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में संरक्षित पशुओं के भरण पोषण हेतु भूषा /चारा व चुनी चोकर साइलेज आदि के क्रय हेतू पंजीकृत फर्म/आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु आवेदन ग्राम पंचायत कोहड़ार के कार्यालय से दिनांक 27-04-2025 से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 11-05-2025 तक सील बंद निविदा अथवा हस्ताक्षरी कार्यालय मे आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 12/05/2025 को 3 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी।
नियम व शर्तेः
निविदा को बिना कारण बताए पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का अधिकार पूर्ण अथवा हस्ताक्षरी का होगा प्राप्त आवेदन पूर्ण कर निविदा प्रपत्र 10 रू के स्टाम्प पेपर के साथ सीलबन्द लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक द्वारा ग्राम पंचायत कोहड़ार के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 12-05-2025 को समय दोपहर 3 बजे निविदादाताओं द्वारा डाली गई निविदा निविदादाताओं की उपस्थिति में ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी यह निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए होगी। भरण पोषण हेतु सामग्री की आपूर्ति संरक्षित पशुओं के अनुसार ग्राम पंचायत के द्वारा प्रेषित मांग पत्र / आपूर्ति आदेश के अनुसार किया जाएगा, जिसका भुगतान शासन के द्वारा ग्राम पंचायत को धनराशि उपलब्ध होने के उपरान्त ही किया जाएगा। ग्राम पंचायत को यह अधिकार निहित होगा कि निविदा को निरस्त अथवा गुणवत्ता में कमी होने पर भुगतान में कटौती अथवा आपूर्ति सामग्री की वापसी कर सकती है जिस पर किसी भी प्रकार का अधिभार आपूर्तिकर्ता द्वारा ही किया जाएगा।
रमेश कुमार, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत- कोहड़ार, विकास खण्ड- मेजा, प्रयागराज
रवि कान्त शुक्ल, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत- कोहड़ार, विकास खण्ड- मेजा, प्रयागराज

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

सूचना
मेरा मार्कशीट में नाम वैभव कुमार और एफडी में मेरा नाम ईशेन्द्र सिंह लिखा हैं, जोकि दोनों नाम मेरे ही हैं। दोनों नामों से मुझे जाना जाए। वैभव कुमार पुत्र गिरेन्द्र सिंह नि.ग्रा. हरिहरपुर सिमरा थाना खुदागंज-शाहजहांपुर।
सी.आर.-176/D-31

संबंध विच्छेद
मैंने अपने पुत्र शुभम गुप्ता, पुत्रवधू भूमिका गुप्ता को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपित्त से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें। सुमन गुप्ता पत्नी स्व. हरीराम नि.मो. सराय काइयां थाना रामचंद्र मिशन-शाहजहांपुर।
सी.आर.-176/D-36

संबंध विच्छेद
मैंने अपने पुत्र सुनील पुत्र स्व. बाबूराम को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपित्त से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। आशा देवी पत्नी स्व. बाबूराम नि.ग्रा. बड़ागांव थाना पुवायां-शाहजहांपुर।
सी.आर.-176/D-34

सूचना
मैंने अपना नाम ATAULLAH ANSARI से बदलकर ATAULLAH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o -SAMI ULLAH SABAL GARH, DEWARA, PRATAPGARH-230128 (U.P)
सी.आर.-173/L-25

सूचना
मैंने अपना नाम KAMAR BANOO से बदलकर QAMAR BANO W/o Ehtesham Husain रख लिया है। Add.- 417, Gram Jafrabad Post- Jalalpur AMbedkar Nagar U.P.
सी.आर.-173/L-25

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना सं. 81/2025
रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि यात्रियों की अत्यधिक भीड़ होने के कारण ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़िया निम्नलिखित समय पर चलाई जायेंगी।





04304/04303 योगनगरी ऋषिकेश–गोरखपुर–योगनगरी ऋषिकेश आरक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी
गाड़ी सं 04304 योगनगरी ऋषिकेश से शनिवार को दिनांक 10.05.2025 से 12.07.2025 = 10 Trips
गाड़ी सं 04303 गोरखपुर से रविवार को दिनांक 11.05.2025 से 13.07.2025 = 10 Trips

| 04304 योगनगरी ऋषिकेश से | | | 04303 गोरखपुर से | |
|---|---|---|---|---|
| आ0 | प्र0 | स्टेशन | आ0. | प्र0 |
| - | 15.20 | योगनगरी ऋषिकेश | 00.55 | - |
| 16.10 | 16.15 | हरिद्वार | 23.40 | 23.45 |
| 19.17 | 19.25 | मुरादाबाद | 20.50 | 21.00 |
| 20.46 | 20.48 | बरेली | 19.12 | 19.14 |
| 22.02 | 22.04 | शाहजहाँपुर | 18.15 | 18.17 |
| 00.30 | 00.40 | सीतापुर | 14.50 | 15.00 |
| 03.20 | 03.25 | गोण्डा | 11.25 | 11.30 |
| 04.38 | 04.40 | बस्ती | 09.58 | 10.00 |
| 06.20 | - | गोरखपुर | - | 09.00 |

रेक संरचनाः– सामान्य द्वितीय श्रेणी–06, शयनयान–10, एसएलआर–02 = कुल 18 कोच

04022/04021 नई दिल्ली–गोरखपुर–नई दिल्ली आरक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी
गाड़ी सं 04022 नई दिल्ली से शुक्रवार को दिनांक 09.05.2025 से 11.07.2025 = 10 Trips
गाड़ी सं 04021 गोरखपुर से शनिवार को दिनांक 10.05.2025 से 12.07.2025 = 10 Trips

| 04022 नई दिल्ली से | | | 04021 गोरखपुर से | |
|---|---|---|---|---|
| आ0 | प्र0 | स्टेशन | आ0. | प्र0 |
| - | 14.00 | नई दिल्ली | 23.10 | - |
| 14.52 | 14.54 | गाजियाबाद | 22.10 | 22.12 |
| 15.32 | 15.34 | हापुड़ | 20.18 | 20.20 |
| 17.55 | 18.03 | मुरादाबाद | 19.00 | 19.08 |
| 19.20 | 19.22 | बरेली | 17.33 | 17.35 |
| 20.30 | 20.32 | शाहजहाँपुर | 16.28 | 16.30 |
| 21.17 | 21.19 | हरदोई | 14.55 | 14.57 |
| 23.00 | 23.10 | लखनऊ | 13.15 | 13.25 |
| 01.45 | 01.50 | गोण्डा जं0 | 09.40 | 09.45 |
| 03.00 | 03.02 | बस्ती | 08.03 | 08.05 |
| 05.00 | - | गोरखपुर | - | 07.00 |

रेक संरचनाः– एलएसएलआरडी–01, सामान्य द्वितीय श्रेणी–02, शयनयान–06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी–02, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी–01, जनरेटर सह लगेज यान–1 = कुल 19 कोच
मुजाधि/टी–09 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्य सूची
ग्राम पंचायत बचगावां परगना पसगवाँ तहसील मोहम्मदी जिला खीरी के समस्त सदस्यों एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम प्रबन्धक समिति बचगावा की खुली बैठक पंचायत घर वचगावा में दिनांक 05.05.2025 को ग्राम प्रधान श्री किशनपाल की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों तथा निवासीगणों से अनुरोध है कि बैठक में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाए। नवल किशोर लेखपाल/सचिव (एलएमसी), किशनपाल-ग्राम प्रधान
सी.आर.-176/D

सरजू सहकारी चीनी मिल्स लि0, बेलरायां खीरी
पत्रांकः-99/प्र0प्र0/2025-26 दिनांक 25/04/2025
ई - निविदा / अल्पकालीन निविदा सूचना
इस मिल समिति में पेराई सत्र 2025-26 में विभिन्न जॉब वर्क / आपूर्ति एवं ब्राउन शुगर की बिक्री हेतु पृथक-पृथक तिथियों से पृथक-पृथक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। जो www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगी। उक्त के अतिरिक्त ब्वायलिंग हाउस के अन्तर्गत क्लारिफिकेशन हाउस इवेपोरेटर हाउस, पेन, सेन्ट्रीफ्यूगल एवं ड्रायर हाउसों में स्थित सभी उपकरणों की इन्टर्नल व वाहय् सफाई, पेटिंग आदि का कार्य हेतु दिनांक 30.04.2025 को कुशल और अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदा अपराह्न 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं जो उसी तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे मिल के प्रशासनिक भवन में खोली जायेगी तथा यथाआवश्यकता निगोशियेशन भी किया जायेगा। निविदा सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्यदिवस में मिल के यांत्रिक विभाग/ उत्पादन विभाग / क्रय खण्ड / विक्रय खण्ड से प्राप्त की जा सकती हैं। प्रत्येक निविदा के साथ निर्धारित निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि ड्राफ्ट / आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से निविदा खुलने से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने एवं निविदा तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
प्रधान प्रबन्धक

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भदौरा, गाजीपुर
पत्रक : 83 / ई - निविदा/ 2025-2026 दिनांक 26.04.2025
ई- प्रोक्योरमेंट /ई- टेंडरिंग सूचना
क्षेत्र पंचायत भदौरा गाजीपुर द्वारा प्रस्तावित वर्ष 2025 - 26 में राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्यों को कराए जाने हेतु ई- निविदा दिनांक 27- 04- 2025 को ई - टेंडरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा वेबसाइट http://etendr.up.nic.in पर संपूर्ण विवरण, नियम व शर्तों को देखा जा सकता है।
1. निविदा हेतु क्षेत्र भदौरा गाजीपुर के पंजीकृत ठेकेदार/फर्म ही अधिकृत होंगे।
2. निविदा आमंत्रण दिनांक 27.04.2025
3. डाउनलोड अपलोड दिनांक 27.04.2025 से दिनांक 10.05.2025 से अपराह्न 12:00 तक।
4. निविदा से टेक्निकल/ फाइनेंशियल बीड खोलने की तिथि 10.05.2025 को अपराह्न 03:00 बजे।
खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड भदौरा, गाजीपुर।
सी.आर.-175/D

कार्यालय -खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर
पत्रांकः बी0आर0सी0/ 37-38 / 2025-26 दिनांकः 24 अप्रैल 2025
विज्ञप्ति/अल्पकालिक निविदा सूचना
उत्तर प्रदेश के शासनादेश संख्या- 15/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 22-01-2020, शासनादेश संख्या : 855/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 03-09-2020 एवं शासनादेश संख्या : 1497/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 04-12-2020 के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर के आदेश पत्रांकः एस0एस0ए0/ निर्माण/3813-18/2024-25 दिनांक 07-08-2024, पत्रांकः एस0एस0ए0 / निर्माण / 4997-5002/2024-25 दिनांक 17-09-2024 एवं पत्रांकः एस0एस0ए0/ निर्माण/जर्जर /9348-53/2023-24 दिनांक- 14-12-2023 के अनुपालन में प्रा0वि0 नरें नं0 2, प्रा0वि0 जमदरा, कम्पो0पू0मा0वि0 रामपुर बघौरा, प्रा0वि0 समयथान भीटी नं01, कम्पो0पू0मा0वि0 पड़ौली, कन्या पू0मा0वि0 गगहा, कम्पो0पू0मा0वि0 बेलसड़ा, प्रा0वि0 पकड़पुरा, कम्पो0पू0मा0वि0 फत्तेपुर, कम्पो0पू0मा0वि0 देवकली, प्रा0वि0 बरईपार, प्रा0वि0 गगहा नं0 1, प्रा0वि0 ढरसी, प्रा0वि0 बाउपार, प्रा0वि0 कुशहां, प्रा0वि0 भैंसहा बुजुर्ग, प्रा0वि0 महुराई, प्रा0वि0 बेलकुर, प्रा0वि0 सिहाइजपार नं0 2, प्रा0वि0 भूपगढ़, प्रा0वि0 जीवकर, प्रा0वि0 सखरूआ, प्रा0वि0 उज्जरपार, प्रा0वि0 गगहा 02, प्रा0वि0 नरायनपुर खुर्द विकास खण्ड-गगहा के परिसर में जीर्ण-शीर्ण/ क्षतिग्रस्त भवन के सम्बन्ध में तकनीकी समिति की आख्या के आधार पर उल्लिखित जर्जर भवन की नीलामी एवं ध्वस्तीकरण हेतु दिनांक 15-02-2025 एवं पुनः दिनांक 27-03-2025 को निविदा आमंत्रित किया था, जिसमें निर्धारित मानक अनुसार किसी फर्म द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया। ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु पुनः इच्छुक फर्म दिनांक 30-04-2025 को अपराह्न 01.00 बजे तक ब्लाक संसाधन केन्द्र गगहा में निविदा फार्म निर्धारित शुल्क का का नकद भुगतान कर निविदा में प्रतिभाग कर सकते है। निविदा दिनांक 01-05-2025 को समिति के समक्ष अपराह्न 02.00 बजे खोला जायेगा। निविदा की नियम व शर्ते आवेदन पत्र में अंकित हैं।
(प्रदीप शर्मा)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकास खण्ड-गगहा गोरखपुर

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, रविवार, 27 अप्रैल, 2025

## पहलगाम की निष्पक्ष जांच को तैयार : शहबाज

### पाक पीएम बोले किसी भी हमले से निपट लेंगे | फौज पाकिस्तान की हिफाजत में सक्षम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम हमले के बाद हर जांच के लिए तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए तैयार है।

पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में एक परेड को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि पहले भी पाकिस्तान पर ऐसे हमले के आरोप लगाए जाते रहे हैं। इसे पूरी तरह से बंद किया जाना जाहिए। एक जिम्मेदार देश के तौर पर पाकिस्तान किसी भी तटस्थ और पारदर्शी जांच में हिस्सा लेने के लिए तैयार है।



शरीफ ने कहा कि भारत दुनिया को गुमराह कर रहा है। बिना किसी विश्वसनीय जांच और सबूत के पाकिस्तान पर झूठा आरोप लगाकर देश को बदनाम कर रहा है।

शरीफ ने कहा कि यदि सिंधु नदी के पानी को कम करने या मोड़ने की कोशिश की गई तो पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। शरीफ ने कहा कि पानी पाकिस्तान के लिए बेहद जरूरी है। यह हमारे 24 करोड़ लोगों की जिंदगी का सवाल है। हम हर कीमत पर इसे सुरक्षित रखेंगे।

शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान शांति चाहता है, लेकिन उसकी इस इच्छा को कमजोरी न समझा जाए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। पाकिस्तान के फौजी अपने देश को बचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत ने हाल ही में पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द करने का ऐलान किया है।

शरीफ ने कहा कि जिन्ना ने सही कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान के गले की नस है। दुर्भाग्य से यूनाइटेड स्टेट के कई प्रस्तावों के बावजूद यह मामला आज तक नहीं सुलझा है। पाकिस्तान कश्मीर के लोगों के फैसला लेने के अधिकार का हमेशा समर्थन करता रहेगा।

### पहलगाम हमले पर पहली बार बोले डोनाल्ड ट्रंप

## तनाव पुराना है लेकिन भारत-पाक सुलझा लेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा से बहुत तनाव रहा है, लेकिन दोनों देश किसी न किसी तरह से इसे स्वयं ही सुलझा लेंगे। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बारे में रोम जाते समय एयरफोर्स वन में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं भारत के बहुत करीब हूं, और मैं पाकिस्तान के भी बहुत करीब हूं। जैसा कि आप जानते हैं कि कश्मीर में उनकी लड़ाई एक हजार साल से चल रही है, यह एक हजार साल से चल रही है, शायद उससे भी ज्यादा समय सेज्और कल एक बहुत बुरा हमला हुआ, बहुत बुरा, 30 से ज्यादा लोग मारे गए।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था। सीमा पर बढ़ते तनाव के बारे में पूछे जाने पर और क्या वह चिंतित हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ठीक है, उस सीमा पर एक हजार पांच सौ वर्षों से तनाव है, इसलिए, समझिए, यह वैसा ही है जैसा पहले था। वे इसे किसी न किसी तरह से सुलझा लेंगे, मैं उनके दोनों नेताओं को जानता हूं। पाकिस्तान और भारत के बीच बहुत तनाव है, हमेशा से रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा शुक्रवार को पहलगाम आतंकवादी हमले पर कही गई टिप्पणी के बाद आई है। अब पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों की बात करें। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप और सचिव रुबियो ने स्पष्ट किया है, अमेरिका भारत के साथ खड़ा है, आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। विदेश विभाग की प्रवक्ता ने कहा, हम मारे गए लोगों के जीवन और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं और इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका स्थिति पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहा है।

## ईरान के बंदरअब्बास पोर्ट पर धमाका, 4 की मौत 500 से ज्यादा घायल

**तेहरान।** ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर शनिवार को विस्फोट में 4 लोगों की मौत हो गई और 500 से ज्यादा घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के स्टोरेज में लापरवाही से यह हादसा हुआ। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि यह विस्फोट बंदर अब्बास पोर्ट के ठीक बाहर शाहिद राजाई पोर्ट के सिना कंटेनर यार्ड में हुआ। यहां पर ट्रांसपोर्ट कंटेनर्स को रखा जाता है, जिसमें ऑयल और अन्य पेट्रोकेमिकल फेसिलिटी भी है। रेस्क्यू वर्कर्स हादसे वाली जगह से लोगों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

## सुरक्षा परिषद ने भी की पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी आलोचना की और 'आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य' के दोषियों एवं

**'दोषियों को न्याय के कटघरे में पेश करने की जरूरत'**

उनके मददगारों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की जरूरत पर बल दिया। यूएनएससी ने इस बात को दोहराया कि हर तरह का आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है।



बयान में कहा गया, 'सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हो गए।' मीडिया में यह बयान यूएनएससी अध्यक्ष द्वारा सभी 15 सदस्य देशों की ओर से जारी किया गया है। पाकिस्तान वर्तमान में यूएनएससी में एक अस्थायी सदस्य है। यूएनएससी के सदस्यों ने पीड़ितों के परिवारों और भारत एवं नेपाल की सरकारों के प्रति गहरी सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सदस्यों ने 'आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य' के दोषियों और उनके मददगारों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की जरूरत पर भी बल दिया। यूएनएससी ने कहा कि इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराना जरूरी है। उसने सभी देशों से आग्रह किया कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून एवं सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस संबंध में सभी सक्षम अधिकारियों के साथ सक्रिय सहयोग करें। पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

## भारत-पाक रिश्ते सुधारने को आगे आया ईरान

**तेहरान।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर भारत के पड़ोसी देशों में हलचल मची हुई है। बढ़ते हुए तनाव को देखते हुए अब ईरान दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करने के लिए आगे आया है। ईरान ने शुक्रवार को भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों को सुधारने में मदद की पेशकश की है। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा है कि तेहरान इस्लामाबाद और नई दिल्ली में अपनी उपस्थिति का उपयोग कर इस कठिन समय में मदद के लिए करने के लिए तैयार है। इससे पहले अगारची ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की थी।



**कविता के जरिए लिखी अपनी बात**

एक्स पर एक पोस्ट में अराघची ने कहा भारत और पाकिस्तान ईरान के अच्छे पड़ोसी हैं। अराघची ने पोस्ट में कहा, तेहरान फारसी कवि सादी द्वारा सिखाई गई भावना के अनुरूप, हम इस कठिन समय में अधिक समझ बनाने के लिए इस्लामाबाद और नई दिल्ली में अपनी उपस्थिति का उपयोग करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस दौरान एक कविता के बोल भी लिखे : मानव एक ही पूरे के सदस्य हैं, एक सार और आत्मा का निर्माण करते हैं। अगर एक को दर्द होता है तो दूसरे को भी दर्द होगा।

## एक नज़र

### पाक के खिलाफ फैसला लेते समय सावधान रहे भारत

**सिंधुदुर्ग (महाराष्ट्र)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर पूर्व रक्षा मंत्री शरद पवार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान को दिया गया संदेश उचित है। हालांकि, ऐसे फैसलों में सभी राजनीतिक दलों को शामिल होना चाहिए। शरद पवार, जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि कार्रवाई करते समय सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इससे भारत के हितों को नुकसान न पहुंचे। शरद पवार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई पर केंद्र को आगाह करते हुए कहा कि कोई भी फैसला सावधानी से लिया जाना चाहिए क्योंकि इस्लामाबाद चुप नहीं रहेगा। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए पवार ने कहा, आज हम ऐसे फैसले ले सकते हैं, लेकिन कल पाकिस्तान भी जवाब देगा... मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान चुप रहेगा।

### पाक सैन्य काफिले में आईईडी ब्लास्ट,10 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के हमले में 10 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। बीएलए ने शुक्रवार को बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली। बीएलए ने कहा कि उसके फ्रीडम फाइटर्स ने पाकिस्तानी सेना के काफिले को रिमोट कंट्रोल्ड आईईडी के जरिए निशाना बनाया है। यह हमला हमारी आजादी की लड़ाई का हिस्सा है। एएफपी के मुताबिक क्वेटा से लगभग 30 किमी मार्गट चौकी के पास सैन्य काफिले को निशाना बनाया गया। बीएलए ने कहा कि दुश्मन के खिलाफ हमारा ऑपरेशन तेजी से जारी रहेगा। बलूच लिबरेशन आर्मी ने पिछले महीने बलूचिस्तान के क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया था। ट्रेन में लगभग 450 पैसेंजर सवार थे। बीएलए ने जेल में बंद बलूच कार्यकर्ताओं, राजनैतिक कैदियों, गायब लोगों, लड़ाकों और अलगाववादियों की बिना शर्त रिहाई की मांग की थी।

### उत्तर कोरिया ने बनाया नौसैनिक विध्वंसक जहाज

**सियोल।** उत्तर कोरिया लगातार अपनी सैन्य ताकत में इजाफा कर रहा है। देश ने अब नया नौसैनिक विध्वंसक जहाज तैयार किया है। तानाशाह किम जोंग उन ने नए जहाज का अनावरण किया। उन्होंने इसे अपनी परमाणु-सशस्त्र सेना की परिचालन सीमा और पूर्वव्यापी हमला क्षमताओं का विस्तार करने के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम बताया। इसके अलावा किम ने दुनियाभर में बढ़ रहे तनाव के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया। शुक्रवार को नंपो के पश्चिमी बंदरगाह पर 5,000 टन के युद्धपोत के शुभारंभ समारोह में किम ने नए जहाज को देखकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और एशिया में उसके सहयोगियों से कथित खतरों के जवाब के रूप में हथियारों का निर्माण किया जा रहा है। क्योंकि अमेरिका और उसके सहयोगी परमाणु कार्यक्रम पर बढ़ते तनाव के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास का विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी का अधिग्रहण उनकी नौसेना को मजबूत करने की दिशा में उनका बड़ा कदम होगा।

### भ्रष्टाचार में ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति को आठ साल की सजा

**साओ पाउलो।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति फर्नांडो कोलोर को शुक्रवार सुबह अलागोस राज्य में गिरफ्तार किया गया। उन्हें 2023 में भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया गया था और अब उन्हें जेल की सजा काटने का आदेश दिया गया है। कोलोर पर आरोप था कि उन्होंने 20 मिलियन रियास (3.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रिश्वत ली। कोलोर 1990 से 1992 तक देश के राष्ट्रपति रहे। उनको आठ साल और दस महीने की कारावास की सजा सुनाई गई है। कोलोर अभी तक जेल में नहीं थे, क्योंकि उनके वकील अपील कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने कोलोर की गिरफ्तारी का आदेश दिया और कहा कि अपीलों का कोई आधार नहीं होने पर सजा तुरंत शुरू की जा सकती है।

### सिंगापुर में सोशल मीडिया अकाउंट बैन

**सिंगापुर।** सिंगापुर में जल्द ही आम चुनाव होने हैं। ऐसे में सिंगापुर की सरकार सोशल मीडिया पर नजर रख रही है और जो भी सोशल मीडिया अकाउंट मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें प्रतिबंधित किया जा रहा है। एक सिंगापुर मूल के ऑस्ट्रेलियाई और दो मलेशियाई राजनेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट प्रतिबंधित कर भी दिए गए हैं। इन सोशल मीडिया अकाउंट्स की पोस्ट में सिंगापुर सरकार की धार्मिक मामलों को हैंडल करने के तरीके की आलोचना की गई थी और लोगों को धर्म के आधार पर वोट देने की अपील की गई थी। सिंगापुर में आगामी 3 मई को चुनाव होने हैं। इस बीच सिंगापुर के चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा को कई अकाउंट्स को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया है।

## पाक में अब बिलावल भुट्टो के भी बिगड़े बोल

**इस्लामाबाद।** पहलगाम के कायराना हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई की है। जिसकी वजह से पाकिस्तान के बड़े नेता अपना होश खो बैठे हैं। इस कड़ी में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी

**कहा सिंधु नदी में खून बहेगा**

(पीपीपी) के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सहयोगी बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु जल संधि विवाद पर भड़काऊ टिप्पणी करते हुए कहा कि नदी में खून बहेगा। जरदारी ने एक सार्वजनिक रैली में कहा कि मैं इस सिंधु नदी के साथ खड़ा हूं और भारत को संदेश देता हूं कि सिंधु नदी हमारी है, या तो हमारा पानी इस नदी में बहेगा या आपका खून बहेगा। पाकिस्तान



पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि भारत ने पहलगाम त्रासदी के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया है। अपनी कमजोरियों को छिपाने और अपने लोगों को मूर्ख बनाने के लिए, (भारतीय प्रधानमंत्री) मोदी ने झूठे आरोप लगाए हैं और सिंधु जल संधि को एकतरफा तरीके से निलंबित कर दिया है, जिसके तहत भारत ने स्वीकार किया है कि सिंधु पाकिस्तान की है। मैं यहां सुक्कुर में सिंधु के पास खड़ा होकर भारत को बताना चाहता हूं कि सिंधु हमारी है और सिंधु हमारी ही रहेगी, चाहे इस सिंधु में पानी बहे या उनका खून। उनका यह बयान भारत द्वारा जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले पर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए जल संधि को निलंबित करने के बाद आया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए।

## मणिपुर में हेरोइन ब्राउन शुगर व अन्य मादक पदार्थ बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में दो लोगों से 'ब्राउन शुगर' और हेरोइन समेत कई मादक पदार्थ जब्त किए गए जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शनिवार को इस संबंध में बताया कि शुक्रवार को लिलोंग हाओरीबी इलाके के वांगमायुम बारुल आलम के घर तलाशी अभियान के दौरान ये मादक पदार्थ जब्त किए गए। पुलिस ने कहा, 'अभियान के दौरान, उसके घर से कई मादक पदार्थ बरामद हुए। 3.9 किलोग्राम 'ब्राउन शुगर', सात साबुन के डिब्बे जिनमें संभवतः हेरोइन चूरा (12 ग्राम प्रति केस) था और 100 मिलीलीटर की कोडीन की सात बोतलें बरामद की गईं।'

## 'सिंधु जल संधि कश्मीर के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज'

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि केंद्र शासित प्रदेश के लोगों के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज है। मीडिया को संबोधित करते हुए उमर अब्दुल्ला ने सिंधु जल संधि पर कड़ी असहमति जताते हुए कहा, भारत सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल संधि के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज रही है।



हालांकि, उमर अब्दुल्ला ने आज कहा कि सिंधु जल संधि से जम्मू-कश्मीर को पहले ही बहुत नुकसान हो चुका है। लेकिन अगर इस संधि के निलंबन से जम्मू-कश्मीर को फायदा होता है, तो मैं सबसे पहले यह कहूंगा कि यह एक अच्छा कदम है।

## अमेरिका में रद्द नहीं होगा विदेशी छात्रों का वीजा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार अदालत के आगे झुकती हुई नजर आ रही है। ट्रंप की सरकार ने हाल ही में अपने एक फैसले को पलटने का फैसला किया है,

**ट्रंप प्रशासन ने पलटा अपना फैसला**

जिसके बाद अब अमेरिका में रह रहे विदेशी छात्रों का वीजा रद्द नहीं किया जाएगा। एक सरकारी वकील ने शुक्रवार को घोषणा की है कि अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने देश भर में रह रहे अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की कानूनी अनुमति खत्म करने के अपने फैसले को बदलने का फैसला लिया है। ट्रंप सरकार की तरफ से वकील ने ओकलैंड की एक संघीय अदालत को बताया कि आईसीई उन छात्रों की कानूनी स्थिति को मैन्युअली बहाल कर रहा है जिनके रिकॉर्ड हाल ही में खत्म कर दिए गए थे। बता दें कि इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने अमेरिका में 1000 से ज्यादा विदेशी छात्रों के वीजा पर रोक लगा दी थी। ट्रंप के इस फैसले के बाद सैकड़ो छात्रों के सामने हिरासत में लिए जाने और निर्वासित किए जाने का खतरा पैदा हो गया था। इसके बाद कई छात्रों ने ट्रंप सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। छात्रों ने दलील दी थी कि सरकार ने उनसे अमेरिका में रहने की इजाजत अचानक वापस ले ली है।

## ब्रिटेन में भारतीय समुदाय का विरोध प्रदर्शन

**लंदन।** भारतीय समुदाय के सदस्यों ने शुक्रवार को लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले

**कहा पाकिस्तान आतंक की फैक्ट्री**

की निंदा की। भारतीय झंडे, बैनर और तख्तियां थामे भारतीय समुदाय के सदस्यों ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और बैनर पकड़े हुए थे, जिन पर लिखा था, मैं हिंदू हूं। भारतीय समुदाय के एक सदस्य ने कहा कि हम भारतीय पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। उन्होंने (पाकिस्तान ने) आतंक की फैक्ट्री को बढ़ावा दिया है और इसी वजह से पहलगाम में हमारे 26 लोग मारे गए। हम इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए हैं। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले के कारण ब्रिटेन में रहने वाला भारतीय समुदाय आक्रोशित है।

### पाक डिप्लोमैट की शर्मनाक हरकत

लंदन में पाकिस्तानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों की तरफ पाकिस्तानी राजनयिक ने गला रेतने का धमकी भरा इशारा किया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों में और सोशल मीडिया पर आक्रोश पैदा हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक लंदन स्थित पाकिस्तानी दूतावास में रक्षा अताशे के रूप में काम करने वाले तैमूर राहत धमकी भरा इशारा करते हुए कैमरे में कैद हो गए। पाकिस्तानी राजनयिक का यह व्यवहार तब सामने आया जब पाकिस्तानी दूतावास के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने पहलगाम हिंसा को लेकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया और पाकिस्तान से आतंकवाद फैलाने से बाज आने को कहा।

### मेलबर्न में भी सड़क पर उतरे भारतीय

**मेलबर्न।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश ही नहीं दुनिया भर के भारतीयों में भी आक्रोश है। मेलबर्न, लंदन, काठमांडू समेत तमाम जगहों पर भारतीय समुदाय पहलगाम हमले के विरोध में सड़क पर उतर आया है। मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर पर शनिवार को भारतीय समुदाय के हजारों लोगों ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ने हाथों में तख्तियां पकड़ रखी थीं। उन्होंने पाकिस्तान आतंकवाद बंद करो, पाकिस्तान सेना आतंकी सेना और हिंदुओं का जीवन मायने रखता है जैसे नारे लगाए। उधर, काठमांडू में भी लोगों ने पाकिस्तान दूतावास के पास विरोध प्रदर्शन किया।

## डांस सिर्फ प्रदर्शन नहीं, एक जज़्बात है!

हर साल 29 अप्रैल को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल डांस डे सिर्फएक कला का जश्न नहीं, बल्कि उन कहानियों का उत्सव है, जिन्हें डांस बिना एक शब्द कहे बयां कर देता है। डांस सिर्फ प्रदर्शन नहीं, एक एहसास है, एक जज़्बात है, जो संस्कृति, आत्मा और अपनेपन को बयां करता है।



इस खास दिन की खूबसूरती को ज़ी टीवी के कई सितारों ने डांस से जुड़ीं अपनी खास यादें और एहसास शेयर किए। 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में बबीता का किरदार निभा रहीं किशोरी शहाणे कहती हैं, ''मेरे लिए डांस अनुशासन और अभिव्यक्ति है। जब से मैंने इंडस्ट्री में काम करना शुरू किया, डांस मेरी ज़िंदगी का हिस्सा बन गया है।'' यह मेरे लिए स्ट्रेस बस्टर भी है।'' 'वसुधा' में वसुधा का किरदार निभा रहीं प्रिया ठाकुर कहती हैं, ''डांस हमेशा से मेरे दिल के बेहद करीब रहा है। जब भी स्ट्रेस या थकान महसूस होती है, मैं हिंदी गानों पर डांस करती हूं, यह मुझे ग्राउंडेड रखता है। डांस मेरे लिए खुशी का दूसरा नाम है।'' 'भाग्य लक्ष्मी' में शालू का किरदार निभा रहीं मुनीरा कुदरती कहती हैं, ''डांस मेरी पहली और शायद हमेशा की मोहब्बत है।'' 'जमाई नं. 1' में रिद्धि का किरदार निभा रहीं सिमरन कौर कहती हैं, ''मेरे लिए डांस एक आर्ट फॉर्म नहीं, बल्कि वो जगह है जहां मैं खुद को सबसे ज्यादा असली महसूस करती हूं। इस डांस डे पर मैं सिर्फपरफॉर्मेंस नहीं, बल्कि उन शांत और सुकूनभरे लम्हों का जश्न मना रही हूं जो डांस हमें देता है।'' 'जागृति - एक नई सुबह' में जागृति का किरदार निभा रहीं रचना मिस्त्री कहती हैं, ''डांस मेरे साथ बचपन से है। डांस मेरे लिए सिर्फ मूवमेंट नहीं, वो मेरी थेरेपी है, मेरी खुशी है, मेरी दुनिया से भागने की राह है। इंटरनेशनल डांस डे पर मुझे हर वो चोट, हर वो थकान, हर वो हंसी और हर वो आंसू याद आते हैं जो डांस के साथ जुड़ा रहा।''

## डांस खुशी है और ज़िंदगी का जश्न है!

डांस सिर्फ़एक मूवमेंट नहीं है बल्कि ये खुशी है, जुनून है और ज़िंदगी का जश्न है। बहुत से लोगों के लिए ये फिट रहने या अपनी भावनाएँ ज़ाहिर करने का ज़रिया है, लेकिन कुछ कलाकारों के लिए ये एक दिल से जुड़ा रिश्ता है जो उनकी आत्मा को ऊर्जा देता है। इस इंटरनेशनल डांस डे पर टीवी कलाकारों ने अपने डांस के प्रति गहरे प्यार, उससे मिलने वाली खुशी, और किस तरह यह उनकी कला की यात्रा को आकार देता है, इस बारे में बातें कीं। भीमा में कैलाशा बुआ की भूमिका निभा रहीं नीता मोहिन्द्रा ने बताया, ''डांस से मुझे खुशी मिलती है और यह खुद को जाहिर करने के लिये मेरा सबसे पसंदीदा तरीका है। मेरे लिये डांस एक गतिमान भावना है। चाहे मैं स्टेज पर हूँ या घर पर अकेली डांस करूं, मुझे शांति, ऊर्जा और अपनेपन का एहसास मिलता है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश की भूमिका निभा रहीं सपना सिकरवार ने कहा, ''डांस ने मुझे हमेशा खुश किया है। मुझे अपने पहले सोलो डांस का रोमांच



अब भी याद है, जब मेरी धड़कन की लय संगीत, रोशनी और तालियों के साथ बन गई थी। आज भी मुझे अपने सीन को कोरियोग्राफ करना और शॉट्स के बीच कुछ मूव्स दिखाना अच्छा लगता है। डांस से मेरा उत्साह बढ़ जाता है, क्योंकि वह मजेदार होता है, आजादी का एहसास देता है और मेरे भीतर के परफॉर्मर को जोश से भर देता है।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का किरदार निभा रहीं शुभांगी अत्रे ने कहा, ''डांस हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है और मुझे सबसे ज्यादा एनर्जी इसी से मिलती है। कथक की ट्रेनिंग ने मुझे खूबसूरती और अनुशासन के साथ पेश आना सिखाया है और इससे भी बढ़कर मैंने खुद को पूरी तरह से जाहिर करना उससे सीखा है। मैंने लावणी, गरबा और बॉलीवुड किया है और यह सभी मुझे पसंद हैं। मेरा दिन चाहे कितनी भी व्यस्तता में गुजरे, कुछ पल डांस करने पर मुझे खुशी और शांति मिल जाती है। मेरे लिये डांस सिर्फएक स्किल नहीं है, बल्कि एक भावना और लय है, जो मेरे भीतर बसती है।''

## बाजार दर्पण

